

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार — समाज जागरण — RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 4 अंक: 269 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 08 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे की गड़बड़ी की जांच तेज, अधिकारी प्रमोद नौटियाल निलंबित

समाज जागरण ब्यूरो

चमोली। बद्रीनाथ धाम में चढ़ावे और दान राशि में कथित अनियमितताओं के मामले में उत्तराखंड की धामी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने अध्यक्ष कार्यालय में तैनात व्यक्तिगत सहायक (पीए) प्रमोद नौटियाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

बताया गया कि 2 जुलाई को सामने आए इस मामले में वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के बाद तीर्थ पुरोहितों, हक-हकूकधारियों और विपक्ष ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की थी। इसके बाद गठित चार सदस्यीय जांच समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई।

# 'कुछ-कुछ होता है' का जिक्र कर पीएम मोदी बोले— भारत और इंडोनेशिया मिलकर करेंगे 'बहुत कुछ'

समाज जागरण जकार्ता, 7 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता स्थित जकार्ता कन्वेंशन सेंटर में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए भारत-इंडोनेशिया संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्म 'कुछ-कुछ होता है' के गीत का जिक्र करते हुए कहा कि जब भारत और इंडोनेशिया साथ मिलकर आगे बढ़ते हैं, तो "कुछ-कुछ नहीं, बल्कि बहुत कुछ होता है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देखा है कि इंडोनेशिया में भारत का लोकप्रिय गीत 'कुछ-कुछ होता है' बेहद चर्चित है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि इसी बात का जिक्र उन्होंने इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से भी किया और कहा कि जब भारत और इंडोनेशिया साथ चलते हैं तो दोनों देशों के लिए "बहुत कुछ" संभव हो जाता है।

### एयरपोर्ट पर स्वागत को बताया अविस्मरणीय

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत दुनिया में चल रहे फुटबॉल फीवर के उल्लेख से की और कहा कि इंडोनेशिया पहुंचने के बाद उन्हें जो आत्मीयता, सम्मान और प्रेम मिला, उसके




लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। उन्होंने राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो द्वारा एयरपोर्ट पर स्वयं स्वागत करने को अपने जीवन का यादगार क्षण बताया।

### हर चेहरे पर दिखा भारत के प्रति सम्मान

उन्होंने कहा कि जहां भी वे गए और जिन लोगों से मिले, वहां भारत के प्रति प्रेम, सम्मान और

### 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' से बदल रहा भारत

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत आज तेज गति से विकास और परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लगातार किए गए सुधारों, बेहतर प्रदर्शन और सुशासन के कारण देश नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा, "1.4 अरब भारतीयों की उम्मीदें और आकांक्षाएं आज भारत की सबसे बड़ी ताकत हैं। गांव से लेकर शहर तक हर नागरिक में आत्मविश्वास है और वह विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा रहा है।"*

*प्रधानमंत्री के संबोधन में भारत-इंडोनेशिया के आर्थिक, सांस्कृतिक और रणनीतिक सहयोग को और मजबूत बनाने का स्पष्ट संदेश देखने को मिला। भारतीय समुदाय ने उनके संबोधन का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।*

अपनापन स्पष्ट दिखाई दिया। बच्चों का उत्साह और लोगों का स्नेह भारत और इंडोनेशिया के गहरे सांस्कृतिक संबंधों का प्रमाण है।

### सर्वोच्च सम्मान को बताया 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिलना उनके लिए व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का गौरव है। उन्होंने इसे दोनों देशों की मजबूत मित्रता और विश्वास का प्रतीक बताते हुए इंडोनेशिया की जनता और राष्ट्रपति का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया का रिश्ता केवल कूटनीतिक नहीं, बल्कि हजारों वर्षों पुरानी सभ्यताओं का रिश्ता है। समय के साथ साम्राज्य बदले और वैश्विक राजनीति में परिवर्तन आया, लेकिन दोनों देशों के बीच विश्वास और आत्मीयता का संबंध अटूट बना रहा।

# ई25 लागू करने की कोई जल्दबाजी नहीं, परीक्षण पूरे होने के बाद होगा फैसला: हरदीप सिंह पुरी

नई दिल्ली, 7 जुलाई (समाज जागरण ब्यूरो)। पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण को लेकर चल रही अटकलों के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि सरकार फिलहाल ई25 (ए25) ईंधन लागू करने की कोई जल्दबाजी में नहीं है। उन्होंने कहा कि ई25 को लेकर विभिन्न तकनीकी परीक्षण जारी हैं और इनके परिणाम आने के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा। इस प्रक्रिया में ऑटोमोबाइल कंपनियों समेत सभी संबंधित पक्षों से व्यापक चर्चा भी की जाएगी।

मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत पिछले साढ़े तीन वर्षों से ई15 ईंधन का उपयोग कर रहा है, जबकि ई20 को अप्रैल 2025 से लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि ई20 के सफल क्रियान्वयन के बाद भी सरकार बिना पर्याप्त परीक्षण के अगले चरण की ओर नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "यदि कोई यह कह रहा है कि भारत जल्द ही ई25



पर जाने वाला है, तो यह सही नहीं है। अभी परीक्षण चल रहे हैं। उनकी रिपोर्ट आने के बाद मूल्यांकन किया जाएगा और फिर ऑटोमोबाइल कंपनियों सहित सभी हितधारकों से चर्चा कर फैसला लिया जाएगा।"

### वाहन निमार्ताओं की राय होगी अहम

हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरकार इस मामले में वाहन निमार्ताओं की राय को भी समान महत्व देगी। उन्होंने कहा कि वह न तो कार बनाते हैं और न ही ईंधन, इसलिए तकनीकी परीक्षण और विशेषज्ञों की राय के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वाहन निमार्ता ई20 ईंधन को लेकर पूरी तरह सहज हैं और उपभोक्ताओं ने भी इसे स्वीकार किया है। वहीं ई85 ईंधन का उपयोग अभी शुरूआती चरण में है और इसके विस्तार के लिए नए पेट्रोल पंपों तथा आवश्यक बुनियादी ढांचे का विकास किया जा रहा है।

### भ्रामक दावों से बचने की अपील

केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया पर वायरल उन वीडियो और दावों को भी खारिज किया, जिनमें ईंधन में इथेनॉल मिश्रण के कारण वाहनों के खराब होने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसी सूचनाएं भ्रामक हैं और लोगों को अफवाहों पर विश्वास नहीं करना चाहिए।

### अंडमान में गैस खोज को बताया बड़ी उपलब्धि

एक कार्यक्रम के दौरान हरदीप सिंह पुरी ने अंडमान क्षेत्र में प्राकृतिक गैस की नई खोज को भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि तीन अन्वेषण कुओं में से दो में प्राकृतिक गैस मिलने से देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को नई मजबूती मिलेगी और आयात पर निर्भरता कम होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'समुद्र मंथन' अभियान ऊर्जा संसाधनों की खोज को नई गति देने वाला अभियान है, जिसका उद्देश्य भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है।

### ऊर्जा संकट में भी बनी रही एलपीजी आपूर्ति

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के दौरान सबसे बड़ी चुनौती देश के 33 करोड़ से अधिक एलपीजी उपभोक्ताओं तक निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने समय रहते प्रभावी कूटनीतिक और प्रशासनिक कदम उठाए, जिसके चलते ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि भारत की घरेलू एलपीजी उत्पादन क्षमता 35,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन से बढ़ाकर 54,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन कर दी गई है। इसी का परिणाम रहा कि वैश्विक संकट के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति बिना किसी रुकावट के जारी रही और आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

# यूपीआई इंडोनेशिया के पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा, डिजिटल लेनदेन होगा आसान

समाज जागरण ब्यूरो जकार्ता, 7 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत का यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) जल्द ही इंडोनेशिया के पेमेंट सिस्टम से जुड़ जाएगा। इससे दोनों देशों के बीच डिजिटल भुगतान, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा भारतीय यात्री स्थानीय पेमेंट ऐप के माध्यम से आसानी से भुगतान कर सकेंगे।

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्राबोवो सुबियांतो के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देश टेक्नोलॉजी, महत्वपूर्ण खनिज, स्टील, समुद्री सुरक्षा और



अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग बढ़ा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसरो इंडोनेशिया के अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी सहयोग करेगा।

प्रधानमंत्री ने यह भी घोषणा की कि आईआईएम बेंगलुरु इंडोनेशिया के मलंग में अपना अंतरराष्ट्रीय परिसर स्थापित करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों के बीच हुए समझौते भारत-इंडोनेशिया साझेदारी के नए स्वर्णिम अध्याय की शुरूआत करेंगे।

# बेथ मूनी फिर बनीं दुनिया की नंबर-1 टी20 बल्लेबाज, श्री चरणी गेंदबाजों में शीर्ष पर बरकरार

समाज जागरण स्पोर्ट्स डेस्क : महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन का इनाम ऑस्ट्रेलिया की स्टार बल्लेबाज बेथ मूनी को मिला है। ताजा आईसीसी महिला टी20 रैंकिंग में मूनी एक बार फिर दुनिया की नंबर-1 बल्लेबाज बन गई हैं। उन्होंने 785 रेटिंग अंकों के साथ अपनी हमवतन जॉर्जिया वोल को पीछे छोड़ दिया है।

विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' रहीं मूनी ने 238 रन




बनाए और फाइनल में 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सातवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

वहीं, भारत के लिए अच्छी खबर यह है कि युवा स्पिनर श्री चरणी पांच मैचों में 14 विकेट लेने के बाद आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर बरकरार हैं।

बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत की स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर हैं, जबकि गेंदबाजी रैंकिंग में इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन दूसरे और चार्ली डीन तीसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।

# श्रावण मास में काशीवासियों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में अलग दर्शन मार्ग बनेगा: सीएम योगी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए श्रावण मास की तैयारियों पर विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रावण मास के दौरान श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में काशीवासियों के दर्शन के लिए अलग मार्ग की व्यवस्था की जाए, ताकि स्थानीय श्रद्धालुओं को सुविधा मिल सके।

सर्किट हाउस में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावण मास में प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, रेलवे और परिवहन विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, खोया-पाया केंद्र, निःशुल्क लॉकर, ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था



सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने मैदागिन से गोदौलिया तक बैरिकेडिंग को सुरक्षित बनाने, गंगा में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जल पुलिस की सतर्कता बढ़ाने, नावों में लाइफ जैकेट अनिवार्य करने तथा सीसीटीवी निगरानी मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने होटल, रेस्तरां और बस स्टैंडों पर श्रद्धालुओं से मनमाना शुल्क वसूलने पर भी कड़ी निगरानी रखने को कहा।

बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन, वाराणसी रोप-वे, दालमंडी सड़क चौड़ीकरण, अंडरग्राउंड केबलिंग, यूनिटी मॉल और अन्य निर्माण परियोजनाओं की भी समीक्षा करते हुए सभी कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क खोदने के साथ ही उसका पुनर्निर्माण भी सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

बैठक में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# तुर्की को फिर F-35 देने पर विचार!

### ट्रंप के संकेत से बढ़ी हलचल, नाटो सहयोगियों की बढ़ी चिंता



समाज जागरण: अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के तुर्की के साथ रक्षा संबंधों को फिर से मजबूत करने के संकेतों ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, ट्रंप तुर्की को दोबारा एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमान कार्यक्रम में शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो यह 2019 में लिए गए अमेरिकी फैसले से बड़ा यू-टर्न माना जाएगा।

रिपोर्टों के मुताबिक, ट्रंप ने तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की और रक्षा सहयोग पर चर्चा की। हालांकि अमेरिकी प्रशासन की ओर से अभी तक इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय घोषित नहीं किया गया है।

दरअसल, वर्ष 2019 में अमेरिका ने तुर्की को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के बाद एफ-35 कार्यक्रम से बाहर कर दिया था। अमेरिका का तर्क था कि एस-400 और एफ-35 का एक साथ इस्तेमाल होने से लड़ाकू विमान की अत्याधुनिक स्टील्थ तकनीक से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां रूस तक पहुंचने का खतरा पैदा हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अमेरिका तुर्की को फिर से एफ-35 उपलब्ध कराने का फैसला करता है, तो इससे नाटो के भीतर नई राजनीतिक और रणनीतिक बहस छिड़ सकती है। हालांकि इस मुद्दे पर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और अंतिम फैसला अमेरिकी प्रशासन की औपचारिक मंजूरी के बाद ही सामने आएगा।

# ओमान की खाड़ी में भारत आ रहे एलएनजी जहाज पर ड्रोन हमला, सभी 29 चालक दल सुरक्षित

समाज जागरण: भारत के लिए एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) लेकर आ रहे एक वाणिज्यिक जहाज पर ओमान की खाड़ी में ड्रोन हमला किए जाने की खबर है। जहाज एलएनजीसी अल रेकय्यात कतर के रास लाफान बंदरगाह से गुजरात के दहेज बंदरगाह की ओर जा रहा था। जहाज पर 29 चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें चार भारतीय भी शामिल हैं। राहत की बात यह है कि सभी चालक दल सुरक्षित बताए गए हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, 7 जुलाई को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के निकट जहाज के इंजन रूम को ड्रोन से निशाना बनाया गया, जिससे आग लग गई। चालक दल की सतर्कता से आग पर काबू पा लिया गया और जहाज अपनी यात्रा जारी रखते हुए दहेज बंदरगाह की ओर बढ़ रहा है। किसी प्रकार के जान-माल के नुकसान या गैस रिसाव की सूचना नहीं है।




इस घटना के बाद कतर ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए ऐसे हमलों को अस्वीकार्य बताया। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्टों में ईरान पर आरोप लगाए गए हैं, हालांकि इस संबंध में अभी तक किसी स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय जांच या आधिकारिक पुष्टि की जानकारी सामने नहीं आई है। भारतीय एजेंसियां घटना पर नजर बनाए हुए हैं और जहाज की सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रम की निगरानी कर रही हैं।

# बीजेपी ने अभिषेक सिन्हा 'बंटी' पर खेला दांव

समाज जागरण पटना। बिहार की हाई-प्रोफाइल बांकीपुर विधानसभा सीट पर 30 जुलाई को होने वाले उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अभिषेक सिन्हा उर्फ बंटी को अपना उम्मीदवार बनाया है। कई दिग्गज दावेदारों के बीच पार्टी ने संगठन से जुड़े पुराने और सक्रिय कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है। अभिषेक सिन्हा ने अपना राजनीतिक सफर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था और संगठन में लगातार सक्रिय रहने के कारण पार्टी नेतृत्व का विश्वास हासिल किया।

# पीडीए से प्लान-100 तक सपा का नया दांव, बदल पाएगा 2027 का समीकरण ?

**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में चुनावी रणनीति जितनी बूथ पर बनती है, उतनी ही सामाजिक समीकरणों की प्रयोगशाला में भी तैयार होती है। 2027 विधानसभा चुनाव में अभी समय है, लेकिन समाजवादी पार्टी ने जिस तरह अपनी रणनीति को जमीन पर उतारना शुरू किया है, उसने राजनीतिक गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। 2024 लोकसभा चुनाव में पीडीए (पिछड़ा,




दलित और अल्पसंख्यक) फॉमूर्ले की सफलता के बाद अब अखिलेश यादव उसी रणनीति को और बड़ा आकार देने की तैयारी में हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इस बार लक्ष्य केवल भाजपा को चुनौती देना नहीं, बल्कि बहुजन समाज पार्टी के पारंपरिक दलित वोट बैंक में स्थायी सेंध लगाना भी है। समाजवादी पार्टी के अंदर चल रही तैयारियों के मुताबिक, पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में करीब 100 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों को टिकट देने की रणनीति पर काम कर रही है। उत्तर प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए 84 और अनुसूचित जनजाति के लिए दो सीटें आरक्षित हैं। इसके अलावा लगभग 14 सामान्य सीटों पर भी दलित उम्मीदवार उतारने की तैयारी है। अगर ऐसा होता है तो उत्तर प्रदेश के चुनावी इतिहास में यह पहली बार होगा, जब समाजवादी पार्टी इतनी बड़ी संख्या में दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। यह सिर्फ टिकट वितरण नहीं होगा, बल्कि दलित राजनीति में अपनी नई पहचान गढ़ने की कोशिश भी होगी।

इस रणनीति की शुरूआत दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव से हुई थी। फैजाबाद (अयोध्या) की सामान्य सीट से पासी समाज के अवधेश प्रसाद को टिकट देकर सपा ने बड़ा राजनीतिक जोखिम उठाया था। भाजपा के सबसे प्रतिष्ठित राजनीतिक और वैचारिक गढ़ माने जाने वाले अयोध्या में अवधेश प्रसाद की जीत ने पूरे देश का ध्यान खींचा। इसी तरह मेरठ जैसी सामान्य सीट पर दलित चेहरा सुनीता वर्मा को मैदान में उतारा गया। वह चुनाव भले हार गईं, लेकिन भाजपा उम्मीदवार अरुण गोविल को महज 10,585 वोटों के अंतर तक सीमित कर दिया। इन दोनों नतीजों ने सपा नेतृत्व को यह भरोसा दिलाया कि यदि सही सामाजिक समीकरण और मजबूत स्थानीय उम्मीदवार मिले, तो सामान्य सीटों पर भी दलित उम्मीदवार जीत का समीकरण बना सकते हैं। यही कारण है कि अब पार्टी इस प्रयोग को पूरे प्रदेश में दोहराने की तैयारी कर रही है। पार्टी का मानना है कि सामान्य सीटों पर दलित उम्मीदवार उतारने से दो बड़े संदेश जाएंगे। पहला, दलित समाज को यह महसूस होगा कि समाजवादी पार्टी उन्हें केवल आरक्षित सीटों तक सीमित नहीं रखना चाहती, बल्कि सत्ता में व्यापक भागीदारी देना चाहती है। दूसरा, पार्टी अपनी वर्षों पुरानी 'यादव-मुस्लिम पार्टी' वाली छवि से बाहर निकलने की कोशिश करेगी।

दरअसल, समाजवादी पार्टी की पूरी रणनीति का केंद्र उत्तर प्रदेश की बदलती दलित राजनीति है। 2011 की जनगणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जाति की आबादी लगभग 21 प्रतिशत है। लंबे समय तक यही वोट बैंक मायावती और बहुजन समाज पार्टी की सबसे बड़ी ताकत रहा। लेकिन पिछले कुछ चुनावों के आंकड़े बताते हैं कि यह आधार लगातार कमजोर हुआ है। 2017 विधानसभा चुनाव में बसपा को 22.23 प्रतिशत वोट मिले थे और पार्टी ने 19 सीटें जीती थीं। 2022 में उसका वोट शेयर घटकर 12.88 प्रतिशत रह गया और पार्टी केवल एक सीट जीत सकी। 2024 लोकसभा चुनाव में तो बसपा एक भी सीट नहीं जीत पाई और उसका वोट शेयर 2019 के 19.43 प्रतिशत से गिरकर 9.4 प्रतिशत रह गया। यही वह राजनीतिक खाली जगह है, जिस पर समाजवादी पार्टी अपनी पूरी ताकत लगा रही है। सपा की राजनीतिक गणित केवल दलितों तक सीमित नहीं है। पार्टी ने 2024 लोकसभा चुनाव में 62 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, जिनमें सिर्फ पांच यादव और चार मुस्लिम उम्मीदवार थे। दिलचस्प बात यह रही कि सभी नौ उम्मीदवार जीतकर संसद पहुंचे। सात दलित सांसद भी समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा पहुंचे। पार्टी इसे अपने सामाजिक विस्तार का सबसे बड़ा प्रमाण मानती है। यही वजह है कि 2027 में टिकट वितरण के दौरान यादव और मुस्लिम उम्मीदवारों की संख्या सीमित रखने तथा दलित, पिछड़े और अन्य समुदायों को अधिक प्रतिनिधित्व देने की रणनीति पर काम हो रहा है।

लेकिन चुनाव सिर्फ टिकटों से नहीं जीते जाते। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी ने संगठन के स्तर पर भी बड़ा अभियान शुरू किया है। पार्टी ने उन 100 विधानसभा सीटों की पहचान की है, जहां उसे लगातार तीन चुनावों में हार का सामना करना पड़ा। 2012, 2017 और 2022 के चुनावी आंकड़ों की समीक्षा के बाद इन सीटों को सबसे कमजोर कड़ी माना गया। अब इन्हें जीतने के लिए अलग से अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में कम से कम 40 कमजोर बूथों की पहचान की गई है। इन बूथों पर सक्रिय और जुझारू कार्यकताओं की तैनाती की जा रही है। निर्देश दिया गया है कि पदाधिकारी महीने में कम से कम 15 दिन क्षेत्र में सक्रिय रहें। जो नेता क्षेत्र में समय नहीं दे सकते, उन्हें जिम्मेदारी छोड़ने तक की सलाह दी गई है। इसके साथ ही हर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 5,000 वोटों का प्रभाव रखने वाली जातियों के प्रभावशाली लोगों को संगठन में पद देकर जोड़ने की योजना बनाई गई है। शहरों में यही मॉडल वार्ड स्तर पर लागू किया जा रहा है।सपा की नजर विशेष रूप से गैर-जाटव दलितों पर है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि जाटव समुदाय का बड़ा हिस्सा अभी भी मायावती के साथ खड़ा दिखाई देता है, लेकिन गैर-जाटव दलितों का मतदान व्यवहार पिछले कुछ चुनावों में तेजी से बदला है। 2017 विधानसभा, 2019 लोकसभा और 2022 विधानसभा चुनाव में इस वर्ग का बड़ा हिस्सा भाजपा की ओर गया था। जबकि 2024 लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में गैर-जाटव दलित मतदाता समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन की ओर झुकते दिखाई दिए। सपा चाहती है कि यही बदलाव 2027 तक स्थायी राजनीतिक समर्थन में बदल जाए।

हालांकि, यह रास्ता आसान नहीं है। भाजपा भी पिछले कई वर्षों से गैर-यादव पिछड़ों और दलित समुदायों में लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रही है। सरकार और संगठन, दोनों स्तरों पर सामाजिक संतुलन बनाने की कोशिशें जारी हैं। दूसरी तरफ मायावती भी दलित-ब्राह्मण सोशल इंजीनियरिंग को नए रूप में फिर से खड़ा करने में जुटी हैं। ऐसे में दलित वोटों की लड़ाई इस बार त्रिकोणीय होने के पूरे आसार हैं। कांग्रेस भी इस मुकाबले में पीछे नहीं रहना चाहती। संविधान बचाओ अभियान, दलित प्रतीकों पर फोकस और दलित नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति के जरिए कांग्रेस भी दलित मतदाताओं में अपनी मौजूदगी मजबूत करने की कोशिश कर रही है। यदि 2027 में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन कायम रहता है, तो दोनों दलों की साझा रणनीति भाजपा और बसपा, दोनों के लिए चुनौती बन सकती है। हालांकि, समाजवादी पार्टी की इस पूरी रणनीति में एक जोखिम भी छिपा है। 2024 में टिकट वितरण के बाद भाजपा और बसपा को सपा की सामाजिक रणनीति समझने का ज्यादा मौका नहीं मिला था। लेकिन इस बार 2027 चुनाव से काफी पहले ही पार्टी की योजना सामने आ चुकी है।

# पतियों की हत्या के बढ़ते मामले

**महेन्द्र तिवारी**

भारत में विवाह को केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं बल्कि विश्वास, समर्पण, सहयोग और आजीवन साथ निभाने का पवित्र बंधन माना गया है। भारतीय संस्कृति में पति और पत्नी को एक दूसरे का पूरक समझा गया है, जो जीवन की हर परिस्थिति में एक दूसरे का साथ निभाते हैं। यही कारण है कि विवाह संस्था सदियों से भारतीय समाज की सबसे मजबूत नींव रही है। किंतु बदलते समय में अनेक ऐसे घटनाक्रम सामने आ रहे हैं जिन्होंने इस विश्वास को गहरी चोट पहुँचाई है। हाल के वर्षों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जिनमें पत्नियों पर अपने ही पतियों की हत्या का आरोप लगा। इन घटनाओं ने समाज को झकझोर दिया है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि आखिर रिश्तों में ऐसा कौन सा परिवर्तन आ गया है कि जीवनसाथी ही जीवन का सबसे बड़ा शत्रु बनता जा रहा है।




इस विषय पर चर्चा करते समय तथ्यों की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है। उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो पति की हत्या पत्नी द्वारा किए जाने की अलग राष्ट्रीय श्रेणी प्रकाशित नहीं करता। इसलिए पूरे देश के लिए कोई आधिकारिक संख्या उपलब्ध नहीं है। कुछ स्वतंत्र अध्ययनों और पाँच राज्यों के संकलित मामलों के आधार पर वर्ष 2020 से 2024 के बीच लगभग 785 ऐसे मामले सामने आने का उल्लेख किया गया है, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान है कि राष्ट्रीय स्तर पर वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती है। इन अनुमानों को अंतिम या आधिकारिक आँकड़ा नहीं माना जा सकता, लेकिन इतना अवश्य स्पष्ट है कि ऐसी घटनाएँ समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय बन चुकी हैं।

इन घटनाओं का सबसे बड़ा प्रभाव विवाह जैसी पवित्र संस्था पर पड़ता है। विवाह का आधार विश्वास होता है। यदि पति और पत्नी के बीच विश्वास समाप्त हो जाए तो केवल एक परिवार ही नहीं टूटता बल्कि समाज की मूल संरचना भी कमजोर होने लगती है। जब लोग यह सुनते हैं कि किसी पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी या किसी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, तो उनके मन में विवाह के प्रति भय और असुरक्षा की भावना उत्पन्न होती है। युवा पीढ़ी के सामने विवाह का आदर्श स्वरूप धुंधला पड़ने लगता है और यह धारणा बनने लगती है कि वैवाहिक जीवन अब पहले जैसा सुरक्षित और स्थिर नहीं रहा।

अधिकांश मामलों का अध्ययन बताता है कि ऐसे अपराध किसी एक कारण से नहीं होते। कई मामलों में विवाहेतर संबंध, पारिवारिक विवाद, आर्थिक तनाव, संपत्ति का विवाद, लंबे समय से चला आ रहा वैवाहिक तनाव, आपसी अविश्वास और प्रतिशोध जैसी परिस्थितियाँ सामने आती हैं। राष्ट्रीय स्तर पर हत्या के मामलों के उद्देश्यों में भी पारिवारिक विवाद, व्यक्तिगत दुश्मनी, प्रेम संबंध और अवैध संबंध महत्वपूर्ण कारणों में शामिल पाए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि परिवार के भीतर पैदा होने वाले विवाद यदि समय रहते नहीं सुलझाए जाएँ तो वे कभी-कभी अत्यंत हिंसक रूप धारण कर सकते हैं।

यह भी समझना आवश्यक है कि हर वैवाहिक विवाद हत्या में परिवर्तित नहीं होता। अधिकांश परिवार कठिन परिस्थितियों के बावजूद बातचीत, समझौते, पारिवारिक सहयोग और कानूनी उपायों के माध्यम से अपने मतभेद सुलझा लेते हैं। इसलिए कुछ जघन्य घटनाओं के आधार पर पूरे समाज या किसी एक लिंग के प्रति नकारात्मक धारणा बनाना उचित नहीं होगा। अपराधी का मूल्यांकन उसके अपराध के आधार पर होना चाहिए, उसके लिंग के आधार पर नहीं।

इन घटनाओं का सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। जब किसी परिवार में एक अभिभावक की हत्या हो जाती है और दूसरा जेल चला जाता है, तब बच्चे एक साथ माता और पिता दोनों का सहारा खो देते हैं। उनके सामने आर्थिक, सामाजिक और मानसिक संकट खड़ा हो जाता है। वे लंबे समय तक भय, अवसाद, असुरक्षा और सामाजिक उपेक्षा का सामना करते हैं। अनेक मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि बचपन में इस प्रकार का आघात व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व को प्रभावित कर सकता है। ऐसे बच्चे पढ़ाई, सामाजिक संबंधों और मानसिक स्वास्थ्य में गंभीर कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं।

समाज के स्तर पर भी इन घटनाओं के दूरगामी परिणाम दिखाई देते हैं। जब परिवारों के भीतर हिंसा बढ़ती है तो सामाजिक विश्वास कमजोर होता है। पड़ोसी, रिश्तेदार और मित्र भी वैवाहिक संबंधों को संदेह की दृष्टि से देखने लगते हैं। समाज में अविश्वास का वातावरण बनने लगता है। यह स्थिति केवल पति पत्नी तक सीमित नहीं रहती बल्कि अगली पीढ़ी तक पहुँचती है। बच्चे वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे हिंसा, धोखे और प्रतिशोध को सामान्य व्यवहार के रूप में देखने लगेंगे तो समाज में संवेदनशीलता और सहिष्णुता का स्तर लगातार घटेगा।

आज का डिजिटल युग भी रिश्तों को नई चुनौतियाँ दे रहा है। सोशल मीडिया ने लोगों को अभूतपूर्व संवाद के अवसर दिए हैं, लेकिन इसके साथ ही कई नई समस्याएँ भी उत्पन्न हुई हैं। कभी-कभी आभासी संबंध वास्तविक संबंधों पर भारी पड़ने लगते हैं। पति पत्नी के बीच संवाद कम होता जाता है और गलतफहमियाँ बढ़ती जाती हैं। कई बार छोटी बातों को समय रहते सुलझाया नहीं जाता, जिससे तनाव गहराता जाता है। यह कहना उचित नहीं होगा कि केवल सोशल मीडिया ही अपराधों का कारण है, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि यदि इसका उपयोग संयम और जिम्मेदारी से न किया जाए तो यह पारिवारिक संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

भौतिकवादी जीवनशैली भी एक महत्वपूर्ण चुनौती बनकर उभरी है। आज सफलता और आर्थिक उपलब्धि को जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य माना जाने लगा है। व्यस्त जीवन के कारण परिवार के सदस्यों के पास एक दूसरे के लिए समय कम होता जा रहा है। संवाद की कमी धीरे-धीरे भावनात्मक दूरी में बदल जाती है। जब मन की बातें साझा नहीं होतीं, तब संदेह, क्रोध और असंतोष जन्म लेते हैं। यदि इनका समाधान समय रहते न किया जाए तो वे गंभीर विवाद का रूप ले सकते हैं।

यह भी ध्यान रखना चाहिए कि भारत में घरेलू हिंसा और वैवाहिक अपराधों के शिकार पुरुष और महिलाएँ दोनों होते हैं। महिलाओं के विरुद्ध घरेलू हिंसा, दहेज मृत्यु और क्रूरता के मामले भी बड़ी संख्या में दर्ज होते हैं। इसलिए समाधान किसी एक पक्ष को दोषी ठहराने में नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज में स्वस्थ संबंधों की संस्कृति विकसित करने में है।

यदि किसी पति पत्नी के बीच संबंध इतने खराब हो जाएँ कि साथ रहना असंभव हो जाए, तो कानून ने उनके लिए अलग होने का सम्मानजनक और शांतिपूर्ण मार्ग उपलब्ध कराया है। आपसी सहमति से अलग होना, न्यायालय की सहायता लेना, पारिवारिक परामर्श लेना और कानूनी प्रक्रिया अपनाना किसी भी प्रकार की हिंसा से कहीं बेहतर विकल्प हैं। किसी भी परिस्थिति में हत्या न तो समस्या का समाधान है और न ही किसी प्रकार से उचित ठहराई जा सकती है।

समाज को इस दिशा में कई स्तरों पर कार्य करना होगा। सबसे पहले परिवारों में संवाद की संस्कृति विकसित करनी होगी। पति पत्नी को एक दूसरे की बात धैर्यपूर्वक सुनने और समझने की आदत विकसित करनी चाहिए। विवाह पूर्व और विवाहोपरांत परामर्श सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाना चाहिए ताकि दंपति संबंधों की वास्तविक चुनौतियों को समझ सकें। परिवार के बुजुर्गों को भी केवल निर्णय सुनाने के बजाय मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए।

शिक्षा व्यवस्था में भी नैतिक मूल्यों और भावनात्मक शिक्षा को अधिक महत्व देना होगा। बच्चों और युवाओं को केवल परीक्षा और रोजगार की तैयारी नहीं बल्कि संवाद कौशल, क्रोध नियंत्रण, सहानुभूति, पारस्परिक सम्मान और संघर्ष समाधान जैसे जीवन कौशल भी सिखाए जाने चाहिए। यदि अगली पीढ़ी भावनात्मक रूप से अधिक परिपक्व होगी तो भविष्य में ऐसे अपराधों की संभावना भी कम होगी।

कानूनी व्यवस्था को भी प्रभावी बनाना आवश्यक है। हत्या जैसे मामलों की निष्पक्ष और शीघ्र जाँच होनी चाहिए। दोषियों को समय पर न्यायालय से दंड मिले ताकि समाज में कानून के प्रति विश्वास बना रहे। साथ ही निर्दोष व्यक्ति को किसी भी प्रकार के झूठे आरोप से बचाना भी उतना ही आवश्यक है। न्याय तभी सार्थक है जब वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध हो।

मीडिया की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपराधों को सनसनी बनाकर प्रस्तुत करने के बजाय उनके सामाजिक और मानवीय परिणामों पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। यदि समाचारों में केवल रोमांच और सनसनी दिखाई जाएगी तो समाज समस्या की गंभीरता को सही रूप में नहीं समझ पाएगा। मीडिया को समाधान, जागरूकता और पारिवारिक मूल्यों को भी उतना ही महत्व देना चाहिए।

अंततः यह कहा जा सकता है कि पति की हत्या पत्नी द्वारा किए जाने के मामले हों या पत्नी की हत्या पति द्वारा, दोनों ही समाज के लिए समान रूप से गंभीर और दुखद हैं। उपलब्ध अध्ययनों में पिछले पाँच वर्षों के दौरान लगभग 785 मामलों का उल्लेख पाँच राज्यों के संदर्भ में मिलता है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर इस विषय का अलग आधिकारिक आँकड़ा उपलब्ध नहीं है। फिर भी प्रत्येक ऐसी घटना इस बात का संकेत है कि कुछ परिवारों में संवाद, विश्वास और संवेदनशीलता का संकट गहराता जा रहा है।

यदि समाज समय रहते इस चुनौती को गंभीरता से नहीं लेता तो इसका परिणाम केवल अपराधों की संख्या बढ़ने तक सीमित नहीं रहेगा। इसका सबसे बड़ा नुकसान विश्वास, परिवार और सामाजिक एकता को होगा। रिश्तों में प्रेम की जगह संदेह, सहयोग की जगह संघर्ष और संवाद की जगह हिंसा ले सकती है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि परिवारों को मजबूत बनाया जाए, नैतिक मूल्यों को पुनर्जीवित किया जाए, कानूनी व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाए और हर व्यक्ति को यह समझाया जाए कि किसी भी मतभेद का समाधान हिंसा नहीं बल्कि संवाद, धैर्य और कानून के दायरे में ही संभव है। यही वह मार्ग है जो समाज को भय और अविश्वास से निकालकर विश्वास, सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं की ओर ले जा सकता है।

### देश की सड़कों पर इस समय करोड़ों ऐसे वाहन हैं जो ई20 के लिए अनुकूल इंजन और फ्यूल सिस्टम बनने के पहले से चल रहे हैं

# एथनॉल नीति में उपभोक्ता विकल्प और आर्थिक संतुलन की जरूरत

भारत का एथनॉल-मिश्रण कार्यक्रम एक अप्रत्याशित विवाद का विषय बन गया है। इसके उद्देश्य को लेकर कोई आपत्ति नहीं है। यह सही है कि पेट्रोल में 20 फीसदी एथनॉल मिलाने से आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम होती है, हमारी ऊर्जा सुरक्षा बेहतर होती है और देश के स्वच्छ ईंधन लक्ष्यों को मदद मिलती है। लेकिन हालिया विवाद ई20 (20 फीसदी एथनॉल मिश्रण) को लेकर है और यह स्वयं एथनॉल मिश्रण पर नहीं बल्कि इसे लागू किए जाने के तरीके पर केंद्रित है। सरकार ई20 के बचाव में तमाम साक्ष्य पेश कर रही है। ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एआरएआई), इंडियन ऑयल और वाहन विनिमार्ताओं के तकनीकी अध्ययनों में उच्च एथनॉल मिश्रण से व्यापक इंजन क्षति या उसमें गंभीर रूप से जंग लगने का कोई संकेत नहीं मिल सका है।




इसके साथ ही अध्ययनों ने यह भी स्वीकार किया कि वाहन मालिकों को हो रहे अनुभव भी गलत नहीं हैं। पहला, एथनॉल का कम उष्मीय मान (कैलोरिफिक वैल्यू) ईंधन की दक्षता को कम करता है जिससे उनके माइलेज में कमी आती है। दूसरा, पुराने वाहनों के कुछ कलपुर्जे ई20 के कारण तेजी से खराब हो सकते हैं। अध्ययनों ने यह भी संकेत किया कि पुरानी ईंधन प्रणालियों में लगे रबर के कुछ कलपुर्जे ई20 के साथ कमजोर प्रदर्शन करते हैं और समय के साथ उन्हें बदलने की आवश्यकता पड़ सकती है।

देश की सड़कों पर इस समय करोड़ों ऐसे वाहन हैं जो ई20 के लिए अनुकूल इंजन और फ्यूल सिस्टम बनने के पहले से चल रहे हैं। इन वाहनों के मालिकों के पास अब उस ईंधन का प्रयोग करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है जो उनके वाहनों के अनुकूल है ही नहीं। पुराने वाहनों के मालिकों को इस ऊर्जा बदलाव की लागत उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है जबकि उन्हें कोई सार्थक विकल्प नहीं दिया गया। यदि ई20 के साथ-साथ ई10 की उपलब्धता जारी रहती तो नए मानक से पहले बने वाहनों वाले उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बोझ बहुत कम पड़ता।

एथनॉल की मात्रा में भविष्य में किसी भी वृद्धि के लिए ऑटो विनिमार्ताओं को आवश्यक समायोजन करने के लिए पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। ब्राजील जैसे एथनॉल का इस्तेमाल करने वाले परिपक्व बाजारों ने दिखाया है कि उपभोक्ताओं को अलग-अलग ईंधन विकल्प देना महत्त्वाकांक्षी मिश्रण लक्ष्यों के साथ पूरी तरह संगत है।

1975 में एल्कोहल समर्थक कार्यक्रम की शुरूआत से, उस देश को एक स्थिर ई20 पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में पांच दशकों से अधिक का समय लगा, और अब वहां मानक ई30 पेट्रोल मिश्रण चलता है। वास्तव में ब्राजील ने फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों को अपनाने में तेजी लाई जिससे मोटर चालकों को ईंधन पंप पर जो भी ईंधन सस्ता हो, उसे चुनने की स्वतंत्रता मिली।

एक और महत्त्वपूर्ण पहलू है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। हाल ही में चावल के दाने से बनने वाले एथेनॉल के विस्तार में भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के अधिशेष चावल से एथेनॉल बनाना शामिल है और यह कृषि नीति में गहरी खामियों को दशार्ता है। सरकार चावल को ऊंची आर्थिक लागत पर खरीदती है, उसे भारी सार्वजनिक खर्च पर संग्रहित करती है और फिर उसे एथेनॉल उत्पादकों को भारी छूट पर बेच देती है। इसको आर्थिक आधार पर उचित ठहराना मुश्किल है। पर्यावरणीय तर्क भी उतना ही कमजोर है। चावल देश की सबसे अधिक जल-खपत वाली फसलों में से एक है और मीथेन उत्सर्जन का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है।

एथनॉल उत्पादन की अर्थव्यवस्था पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है। जैसे-जैसे मिश्रण लक्ष्य बढ़ते हैं, भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फीडस्टॉक का चयन दक्षता से प्रेरित हो न कि प्रशासनिक सुविधा से। प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों ने तर्क दिया है कि चावल या गन्ने की तुलना में मक्का दीर्घकालिक फीडस्टॉक के रूप में अधिक उपयुक्त है क्योंकि इसमें सिंचाई की आवश्यकता बहुत कम होती है और उत्पादकता बढ़ाने की अधिक संभावना होती है।

बेहतर बीज तकनीक और कृषि पद्धतियों के माध्यम से पैदावार बढ़ाने से मक्का-आधारित एथनॉल अधिक प्रतिस्पर्धी और कम संसाधन लगाने वाला बन सकता है। इसलिए फीडस्टॉक नीति का ध्यान अधिशेष अनाज के निपटान पर कम और एक कुशल तथा टिकाऊ एथनॉल अर्थव्यवस्था के निर्माण पर अधिक होना चाहिए। भारत के एथनॉल मिश्रण कार्यक्रम को अधिक उपभोक्ता विकल्पों वाला एवं बेहतर आर्थिक तर्क और समझदार फीडस्टॉक नीति द्वारा निर्देशित होना चाहिए।

## गजल

दर्द है 'हल्का-सा' मगर हो रहा है,
दिल किसी याद में बिखर रहा है।
ये रात चुप है, चाँद भी खामोश है,
आँख का ख़्वाब पत्थर हो रहा है।

यूं तो वक्त की ठंडी हवाएँ कह गईं,
हर सफर अब मुश्किल हो रहा है।
तेरी आवाज की मीठी-सी गूँज से,
ये घर का कोना मुनव्वर हो रहा है।

कुछ 'दुआएँ' साथ चलती हैं अभी,
वरन जीना भी तो दुश्वार हो रहा है।
अभी लोग कहते हैं सभी अच्छा है,
मन मगर अंदर ही अंदर 'रो' रहा है।

इस दर्द को हँसकर छुपाने की अदा,
आदमी को और बेहतर कर रही है।
हाँ, दर्द है हल्का-सा मगर हो रहा है,
यूं दिल किसी याद में बिखर रहा है।



संजय एम. तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

# ट्रंप की धमकी या तकिया कलाम ?

दुनिया की राजनीति में कुछ नेताओं की पहचान उनके फैसलों से बनती है, तो कुछ की उनके बयानों से। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम शायद दूसरी श्रेणी में ज्यादा सहजता से फिट बैठता है। सुबह उठते ही किसी देश को चेतावनी, दोपहर तक प्रतिबंध की घोषणा और शाम होते-होते एक नई धमकी। इस बार निशाने पर फिर ईरान है।

अब सवाल यह है कि यह धमकी है या ट्रंप का तकिया कलाम? जैसे कुछ लोग हर बात में "देख लेंगे" जोड़ देते हैं, वैसे ही ट्रंप की राजनीतिक शब्दावली में "सीरियस कन्सीक्वेंसेज" और "बिग प्रॉब्लम" स्थायी सदस्य बन चुके हैं। फर्क इतना है कि आम आदमी की धमकी मोहल्ले तक सीमित रहती है, जबकि ट्रंप की धमकी पूरी दुनिया के शेयर बाजार और तेल की कीमतों का ब्लड प्रेशर बढ़ा देती है।

ईरान भी अब शायद इन चेतावनियों का पुराना श्रोता बन चुका है। हर नई धमकी पर तेहरान में शायद उतनी हलचल नहीं होती, जितनी टीवी स्टूडियो और सोशल मीडिया पर दिखाई देती है। विश्लेषक मानचित्र खोल लेते हैं, एंकर "विश्व युद्ध" की भूमिका बांध देते हैं और आम जनता अगले दिन पेट्रोल के दाम देखने लगती है।

राजनीति में सख्ती दिखाना बुरी बात नहीं, लेकिन जब हर दूसरे दिन वही संवाद दोहराया जाए तो उसका असर भी कम होने लगता है। आखिर धमकी भी दवा की तरह होती है–जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल हो तो असर छोड़ देती है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचे, लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम

समाज जागरण संवाददाता गौतमबुद्धनगर, 7 जुलाई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, शासी निकाय तथा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत संचालित योजनाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आशा कार्यकताओं के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती, लंबित प्रशिक्षण पूरा कराने तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशाओं को सम्मानित करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने डैशबोर्ड रैंकिंग में सुधार लाने और जिन 11 केंद्रों पर अभी तक जल कनेक्शन नहीं है, वहां नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के समन्वय से जल्द सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर बिजली, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने, जेवर सीएचसी में ब्लड स्टोरेज यूनिट स्थापित कराने तथा जरूरत वाले केंद्रों पर सीजेरियन प्रसव की सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान भारत कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु देखभाल तथा टीकाकरण अभियान की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने छूटे हुए बच्चों की सूची तीन दिन में तैयार कर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की समीक्षा में स्वास्थ्य एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त कार्ययोजना बनाकर संवेदनशील क्षेत्रों में स्वच्छता, जलभराव रोकने, मच्छरजनित रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता अभियान प्रभावी ढंग से चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन मोहन मणि त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# नोएडा में सपा का वृक्षारोपण अभियान जारी, अखिलेश यादव के जन्मदिन सप्ताह पर लगाए पौधे

समाज जागरण संवाददाता

नोएडा, 7 जुलाई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर चल रहे सप्ताहव्यापी वृक्षारोपण अभियान के तहत मंगलवार को नोएडा विधानसभा क्षेत्र-61 में छठे दिन विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया गया। इस दौरान गांव सदरपुर स्थित बाबा की चौपाल तथा सेक्टर-35 स्थित ग्रीन बेल्ट में कार्यकताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

प्रदेश सचिव चौधरी जयकरण सिंह ने कहा कि अखिलेश यादव के जन्मदिन सप्ताह के अवसर पर प्रदेश की सभी विधानसभाओं में जोन, सेक्टर, बूथ और मोहल्ला स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि पीडीए के लोग बड़ी संख्या में अभियान से जुड़ रहे हैं और समाजवादी पार्टी के प्रति लोगों का समर्थन बढ़ रहा है।



विधानसभा अध्यक्ष ठाकुर बबलू चौहान ने कहा कि नोएडा में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान एलिवेटेड रोड, अंडरपास, मल्टीलेवल पार्किंग, कन्या इंटर कॉलेज, नारी निकेतन सहित अनेक विकास कार्य कराए गए। उन्होंने वर्तमान प्रदेश सरकार पर भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश सचिव उदय सिंह, विनोद चौहान, शिवम चौहान, चमन सिंह, कुनाल चौहान, एडवोकेट निखिल चौहान, वीरसेन चौहान, मनकू चौहान, सन्नी अस्थाना, जगपाल सिंह, अमित यादव, नारायण सिंह, राजू किशन, सलीम खान, अभिषेक, समीर, मोमिन खान, आकाश, रोहन सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

(नोटः खबर में राजनीतिक नेताओं द्वारा दिए गए दावों को उनके बयान के रूप में प्रकाशित किया गया है।)

# व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें अधिकारी: डीएम

समाज जागरण संवाददाता गौतमबुद्धनगर, 7 जुलाई। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में व्यापार बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिले की प्रमुख व्यापारिक एवं आधारभूत समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। व्यापारियों ने रूपवास बाईपास और दादरी रेलवे रोड के अधूरे निर्माण, तिगड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण लगने वाले जाम तथा सड़कों पर गड्ढों जैसी समस्याओं की ओर जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित किया।



जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों एवं प्राधिकरणों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। व्यापारिक संगठनों द्वारा उठाए गए प्रत्येक मुद्दे पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए, ताकि जनपद में व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से संचालित हो सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रियंका, राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर प्रशासन अजीत कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया नोएडा सिटीजन फोरम के कैंप कार्यालय का उद्घाटन, प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में जनभागीदारी की उठी मांग

**समाज जागरण संवाददाता**

नोएडा। उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कलराज मिश्र ने सेक्टर-14 स्थित नोएडा सिटीजन फोरम (एनसीएफ) के नए कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, आरडब्ल्यूए, औद्योगिक संगठनों और प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलराज मिश्र ने कहा कि किसी भी शहर के समग्र विकास में जागरूक और संगठित नागरिक समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि एनसीएफ का नया कार्यालय नागरिकों की समस्याओं के समाधान, जनसंवाद और जनहित के कार्यों का प्रभावी केंद्र बनेगा। बैठक के दौरान एनसीएफ की ओर से नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठकों में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इस पर पूर्व राज्यपाल ने इस मांग का समर्थन करते हुए इसे मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बोर्ड बैठकों में केवल समस्याओं ही नहीं, बल्कि नोएडा के विकास से जुड़े सुझावों पर भी चर्चा होनी चाहिए।

बैठक में साइबर अपराधों की रोकथाम, डिजिटल साक्षरता, युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य, नागरिक सर्वेक्षण, वार्षिक बजट से पहले नागरिकों के सुझाव शामिल करने, ग्राम पंचायत व्यवस्था की बहाली तथा आरडब्ल्यूए और एओए को संवैधानिक अधिकार देने जैसे मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



इस अवसर पर बिहार के आरा की पूर्व सांसद मीना सिंह, उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, बिस्कोमान के अध्यक्ष विशाल सिंह, पूर्व रक्षा सचिव एवं एनसीएफ चेयरमैन डॉ. योगेंद्र नारायण, एनईए अध्यक्ष विपिन मल्हन, नोएडा मीडिया क्लब अध्यक्ष आलोक द्विवेदी, फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, डीडीआरडब्ल्यूए अध्यक्ष एन.पी. सिंह, नोएडा लोकमंच के महासचिव महेश सक्सेना सहित अनेक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एनसीएफ की कार्यकारी अध्यक्ष शालिनी सिंह ने कहा कि फोरम नागरिकों और प्रशासन के बीच प्रभावी संवाद का माध्यम बनकर शहर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगा।

# भाजपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती, कार्यकर्ता सम्मेलन में राष्ट्र निर्माण के संकल्प पर जोर

**समाज जागरण संवाददाता**

नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर ने जिला कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती संस्मरण पखवाड़ा के अंतर्गत जिला कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने की।



मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद एवं नोएडा प्रभारी कांता कर्दम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया। उनके विचार आज भी प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने कार्यकताओं से उनके आदर्शों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य वक्ता पश्चिम क्षेत्र उपाध्यक्ष मनोज पोसवाल ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रभक्ति, साहस और वैचारिक दृढ़ता का प्रतीक रहा। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

पूर्व राज्य महिला आयोग अध्यक्ष विमला बाथम और पूर्व उपाध्यक्ष सुषमा सिंह ने भी डॉ. मुखर्जी के जीवन, त्याग और राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को और मजबूत बनाने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए कार्य कर रहा है।

कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला महामंत्री चंदगीराम, ओमवीर अवाना, अमित त्यागी, जिला उपाध्यक्ष डिंपल कौर आनंद, प्रमोद बहल, पुष्पा रावत, हरिओम जाटव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोसाइटी में सुरक्षा गार्ड से मारपीट, सेक्टर-113 पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण संवाददाता**

थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-116 स्थित एक सोसाइटी में प्रवेश को लेकर सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



पुलिस के अनुसार, 5/6 जुलाई 2026 की रात सोसाइटी में प्रवेश को लेकर कुछ लोगों का सुरक्षा गार्ड से विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना की सूचना मिलने पर थाना सेक्टर-113 पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में नामजद दोनों आरोपियों आकाश और मंजूनाथ, निवासी सेक्टर-116, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सेक्टर-20 पुलिस ने दोपहिया वाहन व मोबाइल चोर गिरोह का किया पदार्फाश, छह आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण संवाददाता**

नोएडा। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन चोरी करने वाले एक शातिर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लिया है। पुलिस के अनुसार, कैलाश कट, सेक्टर-27 के पास से गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दानिश, अप्पू उर्फ संदीप, विकास, साहिल उर्फ शुभम, शरद सिंह देव और सूरज कुमार गुप्ता के रूप में हुई है। इनके कब्जे से चोरी की तीन मोटरसाइकिलें, तीन मोबाइल फोन, एक .315 बोर का अवैध तमंचा तथा तीन अवैध चाकू बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले रेकी कर दोपहिया वाहन चोरी करते थे और फिर उन्हीं वाहनों का इस्तेमाल नोएडा-एनसीआर में मोबाइल स्नैचिंग और चोरी की वारदातों को अंजाम देने में करते थे। गिरफ्तार आरोपियों की उम्र 18 से 30 वर्ष के बीच है। इनमें अधिकांश आरोपी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं, जबकि दो आरोपी गौतमबुद्धनगर के निवासी हैं।



पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 317(5) तथा आर्म्स एक्ट की धारा 3/4/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

# खुले गटर में गिरा 10 वर्षीय मासूम, पीटीओ राजेश मोहन और टीम ने बचाई जान

## यथार्थ अस्पताल के पास प्राधिकरण की लापरवाही आई सामने, स्थानीय लोगों में आक्रोश

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में सड़क किनारे खुले गटर ने सोमवार को एक बड़े हादसे को जन्म दे दिया।



यथार्थ अस्पताल के पास करीब 10 वर्षीय एक मासूम बच्चा खुले गटर में गिर गया। समय रहते परिवहन विभाग के पीटीओ राजेश मोहन और उनकी टीम ने मौके पर पहुंचकर साहस का परिचय देते हुए बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे उसकी जान बच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यथार्थ अस्पताल के समीप सड़क किनारे एक गटर का ढक्कन काफी समय से खुला पड़ा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहा एक 10 वर्षीय बच्चा अचानक पैर फिसलने से गहरे गटर में गिर गया। बच्चे को गटर में गिरता देख उसकी मां ने शोर मचाना शुरू कर दिया और मदद की गुहार लगाई। इसी दौरान वहां से गुजर रहे परिवहन विभाग के पीटीओ राजेश मोहन ने अपनी टीम के साथ तत्काल वाहन रोक दिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना देर किए अपनी टीम के साथ राहत अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। घटना के बाद बच्चे और उसके परिजनों ने राहत की सांस ली।



इस घटना ने एक बार फिर ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि व्यस्त मार्गों और अस्पतालों के आसपास खुले गटर छोड़ना गंभीर लापरवाही है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और खुले गटरों को तत्काल ढकने की मांग की है। घटना के बाद क्षेत्र के लोगों ने पीटीओ राजेश मोहन और उनकी टीम के साहस एवं त्वरित कार्रवाई की सराहना की। सोशल मीडिया पर भी लोग उन्हें "देवदूत" बताते हुए उनकी प्रशंसा कर रहे हैं।

# नोएडा में पुलिस मुठभेड़: वाहन चोर गोली लगने से घायल, बाल अपचारी समेत दो पकड़े

**चोरी की डिजायर टैक्सी, स्प्लेंडर बाइक, तमंचा और चाकू बरामद, आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मुकदमे**

(समाज जागरण)

नोएडा, संदीप गर्ग। थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान वाहन चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसके नाबालिग साथी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्विफ्ट डिजायर टैक्सी, चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा और चाकू बरामद किया गया है।



पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में मॉल के पास वाहन चेकिंग के दौरान लेबर चौक की ओर से आ रही सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन नहीं रोका और तेज गति से ग्राम सदरपुर की ओर भाग निकला। पुलिस ने कंट्रोल रूम को सूचना देकर कार का पीछा किया।

भागते हुए बदमाश ने सेक्टर-42 स्थित जंगल की ओर कार मोड़ दी और वाहन छोड़कर जंगल की तरफ भागने लगा। पीछा करने पर आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान भानू उर्फ सागर (22 वर्ष) पुत्र बच्चनराम, निवासी जे.जे. कॉलोनी, सेक्टर-18 नोएडा (मूल निवासी ग्राम उपराड़ी, थाना रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, उत्तराखंड) के रूप में हुई है। घायल आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने मौके से आरोपी के कब्जे से एक अवैध .315 बोर तमंचा, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। बरामद स्विफ्ट डिजायर टैक्सी थाना सेक्टर-39 में दर्ज वाहन चोरी के मुकदमे से संबंधित पाई गई।

पुलिस की कांबिंग के दौरान आरोपी के नाबालिग साथी को भी अभिरक्षा में लिया गया। उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। उसकी निशानदेही पर अट्टा मार्केट से चोरी की गई स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 6 जुलाई 2026 को जीआईपी मॉल गेट के पास से डिजायर टैक्सी चोरी की थी, जबकि दो दिन पहले अट्टा मार्केट से स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी चोरी की थी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# गौतमबुद्धनगर में शासकीय अधिवक्ताओं के रिक्त पदों पर आवेदन आमंत्रित, 26 जुलाई तक करें आवेदन

**समाज जागरण संवाददाता**

नोएडा, संदीप गर्ग। गौतमबुद्धनगर जनपद में शासकीय अधिवक्ताओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के न्याय अनुभाग-3 (नियुक्तियां) के निदेर्शों के क्रम में जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी), सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) एवं पैनल अधिवक्ता (फौजदारी) के रिक्त पदों के लिए पात्र अधिवक्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनपद में जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) का एक पद, सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) का एक पद तथा पैनल अधिवक्ता (फौजदारी) का एक पद रिक्त है। इन पदों के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन 7 जुलाई 2026 से 26 जुलाई 2026 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे।

जिलाधिकारी के अनुसार जिला शासकीय अधिवक्ता (दीवानी) पद के लिए अभ्यर्थी के पास राजस्व न्यायालयों में वकालत का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) के लिए न्यूनतम 7 वर्ष तथा पैनल अधिवक्ता (फौजदारी) के लिए न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव आवश्यक है। सभी पदों के लिए आवेदक की आयु 59 वर्ष से कम होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि आवेदक किसी सरकारी अथवा गैर-सरकारी वैतनिक पद पर कार्यरत नहीं होना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी ओथ कमिश्नर, नोटरी, विवाह अधिकारी, एमिकस क्यूरी, काजी, राजकीय अधिवक्ता अथवा किसी महाविद्यालय में पूर्णकालिक प्रवक्ता के पद पर कार्यरत है तो चयन होने पर उसे संबंधित पद से त्यागपत्र देना होगा।

आवेदक को अपने चरित्र, व्यवसायिक आचरण एवं सत्यनिष्ठा के संबंध में शपथपत्र भी देना होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है, वह किसी न्यायालय से दोषसिद्ध नहीं हुआ है तथा उसके विरुद्ध कोई मामला विचाराधीन नहीं है। शासकीय अधिवक्ता के रूप में चयनित होने के बाद निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होगी तथा राज्य सरकार अथवा जिलाधिकारी को आवश्यकतानुसार आबद्धता समाप्त करने का अधिकार होगा।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अपने आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। इसके अतिरिक्त अधिवक्ता पंजीकरण प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र तथा शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां भी आवेदन के साथ देना अनिवार्य होगा।

जिलाधिकारी ने बताया कि आवेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों के साथ प्रपत्र 'क' एवं 'ख' संलग्न कर कलेक्ट्रेट कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर निर्धारित तिथि तक जमा किए जा सकते हैं। त्रुटिपूर्ण अथवा निर्धारित समय सीमा के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

# आईआईआरएफ रैंकिंग 2026 में टीएमयू लॉ कॉलेज का शानदार प्रदर्शन

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज ने आईआईआरएफ लॉ रैंकिंग 2026 में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कॉलेज को प्राइवेट लॉ कॉलेज श्रेणी में देशभर में 35वीं तथा उत्तर प्रदेश में 5वीं रैंक मिली है।

कुलाधिपति सुरेश जैन ने इस उपलब्धि का श्रेय फैकल्टी, छात्रों और पूर्व छात्रों के सामूहिक प्रयासों को देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने बताया कि कॉलेज बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) से मान्यता प्राप्त है तथा यहां आधुनिक मूट कोर्ट की सुविधा उपलब्ध है। वहीं प्राचार्य प्रो. एसके. सिंह ने बताया कि छात्रों को व्यावहारिक प्रशिक्षण देने और जरूरतमंदों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए कॉलेज में सक्रिय लीगल एड सेल संचालित किया जा रहा है। कॉलेज में बीए एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए एलएलबी (ऑनर्स), एलएलएम और पीएचडी पाठ्यक्रम संचालित हैं।

# दिल्ली एनसीआर कई इलाकों में झमझम बारिश मौसम हुआ सुहावना एनएस पर लगा जाम

दैनिक समज जागरण संवाददाता

नई दिल्ली, दिल्ली में मौसम ने करवट ली है, काले बादल और तेज हवाओं के बीच दिल्ली के कुछ इलाकों में बारिश की गतिविधियां जारी है। मौसम विभाग क्टऊ ने ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम में बदलाव से दिल्ली एनसीआर के तापमान में गिरावट आई है और लोगों को उमस वाली गर्मी से राहत मिली है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आखिरकार मॉनसून का असर दिखाई देने लगा है। आसमान में घने काले बादलों के बीच कुछ जगहों पर मंगलवार को हल्की बारिश और बूंदाबांदी देखने को मिला। मौसम का मिजाज बदलने से लोगों को उमस वाली गर्मी से राहत मिली है। डंडी हवाओं व छम-छम बरसती बूंदों के कारण तापमान में कमी आई और मौसम बेहद सुहावना हो गया है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से परेशान दिल्लीवासियों को इस बारिश ने बड़ी राहत दी है। वहीं इस बारिश के कारण कई घंटे लोग ट्रोफिक जमा में फंसे रहे राजधानी दिल्ली में मंगलवार को तेज हवाओं के बीच दिल्ली के ईस्ट ऑफ कैलाश इलाके में एक बड़ा पेड़ कई गाड़ियों पर गिरने से काफी नुकसान हुआ है।

# सामाजिक सरोकारों के साथ राष्ट्रहित में कार्य करेगा केमिस्ट एसोसिएशन, 10 नए सदस्यों का हुआ स्वागत

**बैठक में वृक्षारोपण, नशा मुक्ति, स्वच्छता और प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री रोकने का लिया संकल्प**

**समाज जागरण**

संभल। चंदौसी रोड स्थित विवान अस्पताल में केमिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों को केवल व्यापार तक सीमित न रखते हुए सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने कहा कि केमिस्ट एसोसिएशन केवल व्यापारिक संगठन नहीं, बल्कि एक सामाजिक एवं राष्ट्रवादी संस्था भी है। उन्होंने कहा कि सभी केमिस्टों को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए जनकल्याण के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

उन्होंने "वोकल फॉर लोकल" अभियान का समर्थन करते हुए सदस्यों से नियमित वृक्षारोपण करने, नशीली वस्तुओं के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चलाने, प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पूरी तरह बंद रखने तथा अपनी मेडिकल दुकानों एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मोहम्मद शाहनवाज आलम, उपाध्यक्ष मोहम्मद नसीम एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह पाल ने 10 नए केमिस्टों को माल्यार्पण कर संगठन की सदस्यता दिलाई। नए सदस्यों में अवधेश यादव, प्रताप आर्य, राजपाल कश्यप, सुनील कश्यप, वाजिद, शाहरुख खान, जीवन प्रजापति, रजनीश यादव, मोहम्मद हसनैन तथा विनय यादव शामिल हैं।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवीर सिंह पाल ने बताया कि अब तक 70 नए केमिस्ट एसोसिएशन की विधिवत सदस्यता ग्रहण कर चुके हैं, जिससे संगठन लगातार मजबूत हो रहा है।

बैठक का संचालन दुर्वेश सैनी ने किया। उपस्थित सदस्यों ने संगठन को सामाजिक सेवा, जनजागरूकता और राष्ट्र निर्माण से जुड़े अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# जिला सूचना कार्यालय में पुस्तकालय और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल का लोकार्पण

**समाज जागरण/सुनील राघव**

बहजोई। जनपद सम्भल के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने मंगलवार को कनेटा रोड स्थित जिला सूचना कार्यालय में नव विकसित पुस्तकालय, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल एवं भंडार कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण कर नव विकसित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिला सूचना कार्यालय का आधुनिकीकरण मीडिया प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएगा। इससे जनपद की सूचनाएं समय पर मीडिया तक पहुंचेंगी और आमजन को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने पुस्तकालय एवं कार्यालय की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए इसे जनपद के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रिंकू', नगर पालिका परिषद बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर 'राजू' सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वन महोत्सव सप्ताह के समापन पर जिला पंचायत भवन में हुआ वृक्षारोपण

**समाज जागरण**

बहजोई। वन महोत्सव सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को नवनिर्मित जिला पंचायत भवन, बहजोई परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे।



कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अनामिका यादव, राजनीतिक पदाधिकारियों तथा जिला पंचायत सदस्यों ने अशोक, बरगद, पीपल और नीम के पौधों का रोपण किया। इस दौरान सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन विभाग की ओर से क्षेत्रीय वनाधिकारी प्रभात कुमार, बहजोई सेक्शन प्रभारी नीरज कुमार सहित चंदौसी रेंज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए सख्त निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई। जनपद सम्भल के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जे.पी.एस. राठौर ने मंगलवार को कलक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी योजनाओं को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए और जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे से सम्भल के विकास को नई गति मिलेगी तथा प्रस्तावित इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने जिला पंचायत के नवनिर्मित भवन की सराहना करते हुए अन्य विभागों को भी अपने कार्यालयों को आधुनिक एवं सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग को संचारी रोग नियंत्रण अभियान, फॉगिंग एवं साफ-सफाई की व्यवस्था प्रभावी रखने, लोक निर्माण विभाग को मानसून में सड़कों को गड्ढामुक्त रखने, कृषि विभाग को किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वन विभाग की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में 22.25 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित है। 12 जुलाई को वृहद पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस पर प्रभारी मंत्री ने गंगा तट पर सघन वृक्षारोपण, अधिक से अधिक जनभागीदारी तथा फलदार एवं छायादार पौधों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रिंकू', पूर्व एमए

# मिशन शक्ति के तहत राहगीरों को किया जागरुक

**समाज जागरण**

बबराला थाना पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बबराला इंद्रा चौक से आने जाने वाले ई-रिक्शा चालक व टेंपो बसों में बैठे महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत जागरुक करते हुए बताया की सरकार की पहल द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु तमाम योजनाएं चलाई जा रही है उन्होंने कहा कि महिलाओं को बेझिझक होकर अपराध हेतु पुलिस व संबंधित को सूचना दे ताकि घटनाओं को रोका जा सके । इसमौके पर उप निरीक्षक जगवीर सिंह,कांस्टेबल अनिकेत,शिवानी शर्मा, मीनाक्षी सिंह, समेत आदि मौजूद रहे



# प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने सीएचसी चंदौसी का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

**एनआरसी, एमसीएच विंग, लेबर रूम और दवा वितरण कक्ष का लिया जायजा, कुपोषित बच्चों के उपचार व जनजागरूकता पर दिया जोर**

**समाज जागरण**

चंदौसी (संभल)। उत्तर प्रदेश सरकार के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं जनपद संभल के प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चंदौसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को चिकित्सा सुविधाओं को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान प्रभारी मंत्री ने पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), एमसीएच महिला विंग, लेबर रूम, महिला एएनसी वार्ड, नेत्र रोग विभाग, औषधि भंडारण कक्ष तथा दवा वितरण कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया।

एमसीएच महिला विंग में उन्होंने प्रसव उपरांत भर्ती महिलाओं एवं उपचाराधीन गर्भवती महिलाओं से बातचीत कर उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में भी फीडबैक प्राप्त किया।

पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में प्रभारी मंत्री ने गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की माताओं से संवाद कर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एनआरसी की सुविधाओं को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आमजन को इसकी उपयोगिता के प्रति व्यापक रूप से जागरूक किया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से भी कहा कि वे गांव-गांव जाकर एनआरसी का प्रचार-प्रसार करें, ताकि गंभीर कुपोषित बच्चों को समय पर उपचार मिल सके।

इसके बाद उन्होंने नेत्र रोग विभाग एवं औषधि भंडारण कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवा भंडारण रजिस्टर का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दवा वितरण कक्ष में एक्सपायरी दवाओं से संबंधित रजिस्टर की व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना की।

प्रभारी मंत्री जे.पी.एस. राठौर ने कहा कि आम जनता को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी सुविधाएं पारदर्शिता और सुगमता के साथ लोगों तक पहुंचनी चाहिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह 'रिंकू', पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदौसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरविंदर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सैंडोरा में सरकारी बंजर भूमि पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 7 बीघा भूमि कराई कब्जामुक्त

**समाज जागरण**

संभल/गुन्नौर। गुन्नौर तहसील क्षेत्र के ग्राम सैंडोरा में जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी बंजर भूमि पर कब्जामुक्ति अभियान चलाया गया। गांव निवासी भगवान सिंह पुत्र डोली की शिकायत के बाद गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की।

शिकायत में आरोप था कि गांव के देवेंद्र ने लगभग 8 बीघा दर्ज भूमि से अधिक, करीब डेढ़ गुना जमीन पर कब्जा कर रखा है। जांच के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए करीब 7 बीघा भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

यह कार्रवाई प्रभारी नायब तहसीलदार अनुज कुमार के नेतृत्व में की गई। टीम में कानूनगो बृजपाल मौर्य सहित कई लेखपाल मौजूद रहे। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा, ताकि कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जा सके।

# फोरलेन हाईवे निर्माण की तैयारी तेज, 30 मकानों को नोटिस जारी

**समाज जागरण।**

संभल। असमोली गंगा एक्सप्रेसवे से कल्कि धाम को जोड़ने वाले प्रस्तावित फोरलेन हाईवे के निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। असमोली थाना क्षेत्र के गांव दबोई कला में परियोजना की जद में आ रहे 30 मकानों को प्रशासन की ओर से नोटिस जारी किया गया है। प्रशासन ने इन निमार्णों को सरकारी अभिलेखों के अनुसार अवैध श्रेणी में बताया है।

मंगलवार को असमोली पुलिस गांव पहुंची और माइक के माध्यम से मुनादी कर संबंधित लोगों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने मकान स्वयं हटाने की चेतावनी दी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि तय समय में निर्माण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन की ओर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कार्रवाई में आने वाला खर्च भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी।



मुनादी के बाद गांव में हलचल का माहौल रहा। कई परिवार नोटिस और भूमि संबंधी दस्तावेजों की जानकारी जुटाने में लगे दिखाई दिए। ग्रामीणों के बीच भविष्य की कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर भी चलता रहा।

प्रशासन का कहना है कि गंगा एक्सप्रेसवे से कल्कि धाम को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण सड़क परियोजना में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी तथा सभी प्रक्रियाएं नियमानुसार पूरी की जा रही हैं।

थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं, उन्हें माइक के माध्यम से भी सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि फोरलेन हाईवे का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने वाला है, इसलिए प्रभावित लोगों को समय रहते आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

# लिफ्ट लेना युवक को पड़ा महंगा, 30 हजार रुपये और मोबाइल लूटा, विरोध पर सिर में चाकू मारा

**बेहोशी की हालत में सड़क किनारे छोड़कर फरार हुए आरोपी, ट्रॉमा सेंटर में चला उपचार।**

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। नया ई-रिक्शा खरीदने के लिए घर से 30 हजार रुपये लेकर निकले 19 वर्षीय युवक को लिफ्ट देना दो बाइक सवारों के लिए लूट का मौका बन गया। आरोपियों ने सुनसान स्थान पर युवक से रुपये और मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर उसके सिर में चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और बेहोशी की हालत में सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। राहगीरों के जानकारी देने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहीं, घायल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया।



गांव भैंसावाट थाना बसई मोहम्मदपुर निवासी छोटू (19) सोमवार को नया ई-रिक्शा खरीदने के लिए 30 हजार रुपये लेकर फिरोजाबाद जा रहा था। गांव चंद्रवार के पास उसने दो बाइक सवार युवकों से लिफ्ट मांगी। दोनों ने उसे बाइक पर बीच में बैठा लिया। पीड़ित भाई सतीश ने आरोप लगाया कुछ दूरी पर शूफी साहब की दरगाह के पास बाइक सवारों ने छोटू से मोबाइल और 30 हजार रुपये लूट लिए। विरोध करने पर उसके सिर में चाकू से वार कर दिया और मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे बेहोशी की हालत में सड़क किनारे खंदी में छोड़कर फरार हो गए।

राहगीरों ने घटना की जानकारी युवक के भाई सतीश को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को रामनगर स्थित एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर परिजन देर रात उसे बेहतर उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी है। पीड़ित भाई सतीश ने बताया कि मंगलवार को पुलिस को तहरीर दे दी गई है।

# उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**असालतपुर जारई में फोरलेन सड़क परियोजना से प्रभावित किसानों ने प्रशासन पर लगाए उपेक्षा के आरोप**

**समाज जागरण**

चंदौसी। एनएच-509 पर बनियाठेर से चंदौसी-शाहाबाद मार्ग तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण में उचित मुआवजा न मिलने के विरोध में मंगलवार को असालतपुर जारई के किसानों ने राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।




धरना स्थल हिंदुस्तान प्लेस पार्क, असालतपुर जारई के निकट बनाया गया। किसानों का आरोप है कि फोरलेन सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित की जा रही उनकी आबादी दर्ज भूमि का सरकारी आदेशों के अनुरूप मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है।

राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामेश्वर दयाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चंदौसी-रामपुर मार्ग के किनारे स्थित किसानों की भूमि का सरकारी मानकों के अनुसार मुआवजा नहीं दिया जा रहा है, जिसके चलते किसानों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

उन्होंने कहा कि जब तक प्रभावित किसानों को शासन के आदेशों के अनुरूप उचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। किसानों ने प्रशासन से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने और नियमानुसार मुआवजा देने की मांग की।

धरने में जिला अध्यक्ष राहुल कश्यप, अमर सिंह तोमर, वीरेंद्र तोमर, रामपाल सिंह, उदयपाल सिंह, पप्पू तोमर, अवधेश तोमर, चीनू जैन, रिंकू, ओमवीर सिंह कठेरिया, दिनेश पाल सिंह, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# डॉ. अमित गुप्ता वैश्य मित्र रत्न से किए गए सम्मानित।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर "वैश्य मित्र रत्न सम्मान समारोह" मावलंकर मावलंकर ऑडिटोरियम कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया रफी मार्ग नई दिल्ली में मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय कानून/न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल द्वारा डॉ. अमित गुप्ता रक्तवीर को वैश्य मित्र रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वैश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने व्यक्तियों को वैश्य मित्र रत्न से सम्मानित किया गया ।।



कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि श्री श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा व आई वी एफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल व बिजेंद्र गुप्ता विधानसभा अध्यक्ष दिल्ली , उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिलदेव अग्रवाल , अनिल अग्रवाल जी पूर्व राज्यसभा सांसद , आईवीएफ के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, महासचिव राजीव मित्तल , कोषाध्यक्ष दिनेश चंद्र गुप्ता व वैश्य समाज के गणमान्य अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पुडुचेरी प्रीमियर लीग में दिखेगा फिरोजाबाद के रवि यादव का दम, रणजी खिलाड़ी का हुआ चयन

**7 से 26 जुलाई तक होने वाले टी-20 टूनार्मेंट में बाएं हाथ के मीडियम पेस ऑलराउंडर करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन।**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। होनहार क्रिकेटर और रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी रवि यादव का चयन आगामी पुडुचेरी प्रीमियर लीग टी-20 के लिए हुआ है। बाएं हाथ के मीडियम पेस ऑलराउंडर रवि यादव के चयन से जिले के खेल प्रेमियों और उनके शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। रवि यादव उद्योग व्यापार मंडल महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमाशंकर के पुत्र हैं



उनका चयन देश के प्रतिष्ठित टी-20 टूनार्मेंटों में शामिल पुडुचेरी प्रीमियर लीग के लिए हुआ है प्रतियोगिता का आयोजन 7 जुलाई से 26 जुलाई तक पुडुचेरी के सिचेम स्टेडियम (थुथिपेट) में किया जाएगा। रवि यादव अपनी शानदार गेंदबाजी और उपयोगी बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनके चयन को जिले के लिए गौरव की बात माना जा रहा है। खेल प्रेमियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

# समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशन में आयोजित समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज प्रातः 10:00 बजे माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ. बब्बू सारंग द्वारा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि समाधान समारोह-2026 का उद्देश्य अधिकाधिक वादकारियों को सौहार्दपूर्ण, त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने जनपदवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान का लाभ उठाकर अपने वादों का आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने का आह्वान किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद की सचिव सुश्री योगेश शिवा ने अवगत कराया कि उनके निर्देशन में समाधान समारोह-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनपद के विभिन्न नगरों, तहसीलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन संचालित किए जा रहे हैं। इन प्रचार वाहनों के माध्यम से आमजन को समाधान समारोह की उपयोगिता, पात्रता तथा आपसी सुलह एवं समझौते के माध्यम से वादों के निस्तारण के संबंध में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि पात्र वादकारी अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान का लाभ उठाकर अपने वादों का सौहार्दपूर्ण निस्तारण कराएं।

इस अवसर पर समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम संतोष कुमार शर्मा ने कांच व चूड़ी कारखानों का किया निरीक्षण, श्रमिकों के स्वास्थ्य व सुविधाओं पर दिया विशेष जोर

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ क्षेत्र के औद्योगिक स्वास्थ्य और श्रमिक कल्याण का जायजा लेने के लिए स्थानीय कांच और चूड़ी कारखाने को सघन निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने श्रमिकों की कार्य प्रणाली को देखा, उनसे सीधे बातचीत की और कारखाना प्रबंधन को मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए।

इसी क्रम में जिलाधिकारी सबसे पहले मातेश्वरी ग्लास वर्क्स पहुंचे, वहां उन्होंने चूड़ी निर्माण के कार्य में लगे मजदूरों के श्रम को बेहद करीबी से देखा, अत्यधिक तापमान और जटिल परिवेश में काम कर रहे श्रमिकों के श्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि "इतनी भीषण और कठिन परिस्थितियों में कार्य करना बेहद चुनौती पूर्ण है, इसके बावजूद भी हमारे श्रमिक भाई पूरी लगन और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, यह निश्चित रूप से हम सभी के लिए प्रेरणादाई मंजर है।"

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनकी कार्यप्रणाली और समस्याओं को जाना बातचीत में श्रमिकों ने बताया कि वह यहां रोजाना नियमित्त रूप से 8 घंटे काम करते हैं। श्रमिकों के स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कारखाना प्रबंधन को सख्त हिदायत दी की कारखाने में काम करने वाले सभी मजदूरों के लिए पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए, लगातार काम करने की बजाए बीच-बीच में श्रमिकों को विश्राम का समय दिया जाए, जिससे अत्यधिक गर्मी और थकान के कारण उनके स्वास्थ्य को हानि न पहुंचे।

इसके पश्चात जिलाधिकारी मित्तल ग्लास कारखाने के निरीक्षण पर पहुंचे, जिलाधिकारी ने वहां कार्यरत मजदूरों के अद्भुत हुनर और काबिलियत को देखा और उनकी मुक्त कंठ से सराहना की, उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों का कौशल हमारे उद्योग की रीढ है, कारखाना मालिकों और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सभी को मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखना होगा, उन्होंने वर्तमान मौसम और भीषण गर्मी को देखते हुए कारखाने के भीतर संपूर्ण व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के 14वें स्थापना दिवस पर अभिमन्यु गुप्ता को "रामदास अग्रवाल सेवा सम्मान"

## अर्जुन मेघवाल बोले- राष्ट्र की जीडीपी में वैश्य समाज का 70% योगदान, 16 करोड़ वैश्यों को एक सूत्र में पिरोने को प्रतिबद्ध IVF

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/बागपत। अंतरराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के 14वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर नई दिल्ली के मावलंकर सभागार में भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल ने बागपत के सुप्रसिद्ध समाजसेवी अभिमन्यु गुप्ता को "रामदास अग्रवाल सेवा सम्मान" से सम्मानित किया। इस अवसर पर अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वैश्य समाज राष्ट्र की जीडीपी में 70% योगदान कर के रूप में देता है। हम मोदी के नेतृत्व में वैश्य व्यापारी समाज को उद्योग लगाने एवं व्यापार करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ऋण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि संपूर्ण भारत में 16 करोड़ से अधिक वैश्य समाज की जनसंख्या है जो तन-मन-धन से राष्ट्र में सहयोग करती है। IVF 16 करोड़ वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जी जाजू, राज्यसभा के पूर्व सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, IVF के कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, महिला कार्यकारी अध्यक्ष मिथिलेश अग्रवाल, हैदराबाद से श्रीनिवासन, दिल्ली महिला अध्यक्ष मीना सुभाष गुप्ता, यूपी महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष व्यापारी कल्याण बोर्ड सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने वैश्य मित्र बनाने वाले प्रमुख लोगों को सिल्वर मेडल, गोल्डन मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बागपत से डॉ. मयंक गोयल को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। उनका सम्मान उनके पिता प्रमोद गोयल और माता शशि गोयल ने ग्रहण किया। साथ ही अभिमन्यु गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष दीपाली गोयल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हांगकांग, दुबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**समाज जागरण बागपत।**

विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश जनपद बागपत की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णपाल शर्मा ने की तथा सफल संचालन जिला महामंत्री कुलदीप शर्मा ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनहित एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। सुप्रसिद्ध समाजसेवी सतीश कौशिक बसी ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से यह निर्णय लिया गया कि आगामी 16 अगस्त 2026 को प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में श्री कृष्णा



जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा अतिक्रमण हटाओ अभियान के शुभारंभ की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज, धर्म और राष्ट्रहित के कार्यों को पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। अंत में सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# बारिश में डूबा, नगर पालिका के दावों की खुली पोल

## सड़कें बनीं तालाब, बाजारों में घुसा पानी; व्यापारियों और अभिभावकों में नाराजगी, जनता ने पूछा–जल निकासी का बजट जाता कहां है?

**समाज जागरण**

बड़ौत। बड़ौत नगर में मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका की जल निकासी व्यवस्था की पूरी पोल खोल दी। कुछ ही देर की बारिश में मुख्य बाजार, प्रमुख सड़कें, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थान जलमग्न हो गए। मुख्य बाजार की कई दुकानों में पानी घुसने से व्यापारियों को नुकसान



हुआ। स्कूल से लौट रहे बच्चों को घुटनों तक भरे पानी से गुजरना पड़ा। दोपहिया वाहन चालक फिसलन और गड्ढों के बीच जान जोखिम में डालकर निकले, कई वाहन पानी में बंद हो गए। स्थानीय लोगों ने कहा कि हर साल नालों की सफाई और जल निकासी पर लाखों-करोड़ों खर्च के दावे होते हैं, लेकिन पहली ही तेज बारिश में व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है। नगरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से नालों की प्रभावी सफाई और जलभराव का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

# रटौल के आम लेकर अखिलेश यादव से मिले सपा नेता डॉ. बाबू खान

## लखनऊ में चुनाव और संगठन को लेकर हुई चर्चा, कार्यकर्ताओं को तैयार रहने के निर्देश

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल के सपा नेता डॉ. बाबू खान ने जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी के साथ लखनऊ में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की और



उन्हें रटौल के प्रसिद्ध आम भेंट किए। इस दौरान डॉ. बाबू ने बागपत में पार्टी की स्थिति और कार्यकर्ताओं की एकजुटता से अवगत कराया। अखिलेश यादव ने रटौल के आमों की सराहना करते हुए बागपत के कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के लिए तैयार रहने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी भी उपस्थित रहे।

# मंसुरपुर में बिजली फाल्ट से 24 घंटे गुल रही बिजली, नाराज ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## 100 घरों की आपूर्ति ठप, अधिकारियों से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान

**समाज जागरण**

चांदीनगर। मंसुरपुर गांव में बिजली लाइन में फाल्ट आने से एक मोहल्ले की



बिजली 24 घंटे तक ठप रही। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर बिजली लाइन तुरंत ठीक कराने की मांग की। गांव में रात को बिजली की लाइन में एक लीड फुक जाने से करीब 100 घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीण प्रदीप ने बताया कि समस्या को लेकर 112 से लेकर जेई तक शिकायत की गई, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। बिजली न आने से लोग परेशान हैं। इसी को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया और अधिकारियों से फाल्ट ठीक कराकर आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में महिपाल, रामपाल, यशवीर, सुभाष, मुनेश, जगन आदि मौजूद रहे।

# हाईवे पर दो फीट पानी:सिसाना, खेकड़ा और दोघट में जलभराव, वाहन फंसे, बच्चे परेशान

**समाज जागरण**

बागपत। मूसलाधार बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर सिसाना गांव के पास दो से



ढाई फीट पानी भर गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई है। खेकड़ा कस्बा और दोघट थाना क्षेत्र में भी कई स्थानों पर जलभराव देखा गया। विशेष रूप से, बागपत के सिसाना गांव में दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जलभराव से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। खेकड़ा कस्बे में भी ऐसी ही स्थिति है, जहां कई वाहन खराब हो गए हैं और चालकों को चोटें आई हैं। हालांकि, इस मूसलाधार बारिश ने किसानों के चेहरों पर खुशी ला दी है। धान की बुवाई कर रहे किसानों के लिए यह बारिश वरदान साबित हुई है। इसके साथ ही, जनपद में पिछले 10 दिनों से पड़ रही उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। बारिश के बाद मौसम में बदलाव आया है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# योगाचार्य ओम योगी बने अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव

**समाज जागरण बागपत।**

योग एवं भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय युवा योगाचार्य ओम योगी विशाल भारद्वाज को अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी द्वारा उत्तर प्रदेश के संयुक्त सचिव पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन की ओर से जारी मनोनयन पत्र के माध्यम से उन्हें यह महत्वपूर्ण संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया। यह नियुक्ति उत्तर प्रदेश में संगठन के विस्तार, योग शिक्षकों के हितों के संरक्षण तथा योग के व्यापक प्रचार-प्रसार को सशक्त बनाने के उद्देश्य से की गई है। योगाचार्य ओम योगी विशाल भारद्वाज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। उन्होंने अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर राष्ट्रीय मंचों पर योग का प्रदर्शन कर युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया है। वर्तमान में वे केंद्रीय संस्कृत विश्व



विद्यालय, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर देवप्रयाग में अध्ययनरत रहते हुए योग, भारतीय संस्कृति एवं चरित्र निर्माण के क्षेत्र में भी निरंतर सक्रिय हैं। अपनी नियुक्ति पर योगाचार्य ओम योगी विशाल भारद्वाज ने संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष मंगेश त्रिवेदी, अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ के समस्त पदाधिकारियों, गुरुजनों एवं शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा उत्तर प्रदेश में योग एवं संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर योग जगत से जुड़े अनेक शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि योगाचार्य ओम योगी विशाल भारद्वाज के समर्पित प्रयासों से उत्तर प्रदेश में योग शिक्षकों का संगठन और अधिक सशक्त होगा।

# व्हाट्सऐप पर सट्टे की खाईबाड़ी में एक दबोचा

**समाज जागरण**

कैराना। कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन माध्यम से सट्टा खिलाने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मोबाइल भी जब्त कर लिया गया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि तितरवाड़ा रोड के निकट एक आरोपी मोबाइल के जरिए सट्टे का कारोबार संचालित कर रहा है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मोहल्ला रेतावाला निवासी फुरकान को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से 580 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन मिला। पुलिस के अनुसार, मोबाइल की

जांच में व्हाट्सऐप पर कोड वर्ड के जरिए सट्टा संचालित किए जाने के साक्ष्य मिले हैं। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जनसुनवाई में 257 आवेदनों पर सुनवाई, अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के निर्देश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक-10 (व्यारमा) में साप्ताहिक जन सुनवाई आयोजित की गई। जन सुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान कुल 257 आवेदनों पर सुनवाई की गई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी प्रकरणों का नियमानुसार एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। 15 लोगों के आधार अपडेट किए गए, जबकि 90 नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं सुविधाएं प्रदान की गईं।

इस अवसर पर कई ग्रामीणों एवं नागरिक समूहों ने विभिन्न स्थानीय समस्याओं से जुड़े सामूहिक आवेदन भी प्रशासन



को सौंपे। अधिकारियों ने सभी सामूहिक आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन ने बताया कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि नागरिकों को शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके। प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए।यदि चाहें, मैं इसे समाज जागरण की समाचार शैली में आकर्षक शीर्षक और उपशीर्षक के साथ भी तैयार कर सकता हूँ।

# मड़ियादो बफर क्षेत्र से आदिवासी परिवारों को बेदखल करने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग , एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

हटा। मड़ियादो बफर जोन के अंतर्गत आने वाले गांवों में वर्षों से निवासरत आदिवासी परिवारों को उनकी कृषि भूमि, पशुधन और खेती-किसानी के उपकरणों सहित बेदखल किए जाने की आशंका को लेकर मंगलवार को ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक, नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक एवं नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक के नेतृत्व में बछामा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीणों ने हटा एसडीएम राकेश मरकाम को ज्ञापन सौंपकर प्रस्तावित कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि वे कई वर्षों से उक्त क्षेत्र में निवास कर खेती-किसानी और पशुपालन के माध्यम से अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। उनका कहना है कि वन विभाग एवं राजस्व विभाग की कार्रवाई से बड़ी संख्या में आदिवासी परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों ने मांग की कि किसी भी प्रकार की बेदखली की कार्रवाई से पहले सभी प्रभावित परिवारों की स्थिति का निष्पक्ष परीक्षण किया जाए और उन्हें अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस नेता प्रदीप खटीक ने कहा कि वर्षों से बसे



आदिवासी परिवारों को बिना समुचित वैधानिक प्रक्रिया अपनाए हटाना उचित नहीं होगा। उन्होंने प्रशासन से संवेदनशीलता के साथ मामले का समाधान निकालने और प्रभावित परिवारों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक एवं उपाध्यक्ष प्रशांत पाठक ने भी कहा कि गरीब एवं आदिवासी परिवारों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि मामले का मानवीय दृष्टिकोण से परीक्षण कर किसी भी प्रकार की कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगाई जाए। एसडीएम राकेश मरकाम ने ग्रामीणों से ज्ञापन प्राप्त कर उनकी मांगों पर नियमानुसार परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में बछामा एवं आसपास के गांवों के ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उधार के रुपए लेने गए किसान की संदिग्ध मौत : परिजनों ने हत्या की आशंका जताई, एसपी से जांच की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। परिजनों ने इसे हादसा मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह घटना बागपत शहर कोतवाली क्षेत्र की है। ग्राम बली निवासी 58 वर्षीय किसान धर्मपाल की संदिग्ध हालत में मौत हुई। मंगलवार को धर्मपाल के परिजन एसपी कार्यालय पहुंचे और एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि धर्मपाल की मौत दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है। परिजनों ने बताया कि धर्मपाल ने लगभग दो साल पहले कुछ लोगों को पैसे उधार दिए थे। 2 जुलाई को वह संतोषपुर गांव में अपने बकाया रुपये लेने गए थे। रात में उन्होंने फोन पर परिवार को बताया था कि वह पैसे लेकर घर लौट रहे हैं। इसके बाद उनका परिवार से संपर्क टूट गया और वह घर नहीं पहुंचे। कुछ समय बाद परिजनों को सूचना मिली कि धर्मपाल घायल अवस्था में पड़े हैं। जब परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि धर्मपाल के शरीर पर कई चोटों के निशान थे, जिससे उन्हें हत्या का संदेह हुआ। उनका तर्क है कि यदि यह सड़क हादसा होता, तो परिस्थितियां भिन्न होतीं।मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उधार के रुपये वापस न देने की नीयत से धर्मपाल की हत्या की गई और बाद में इसे दुर्घटना दिखाने की कोशिश की गई।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने कहा है कि मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस ने चाकू के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया। गांव भूरा के निकट से पुलिस ने एक आरोपी को अवैध धारदार चाकू के साथ गिरफ्तर किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम भूरा निवासी असलम बताया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी का चालान कर दिया है।

# दमोह में पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार, रनेह थाने से भागने पर मचा हड़कंप

## विशेष टीमें गठित, सुरक्षा व्यवस्था में चूक की भी होगी जांच

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/रनेह। दमोह जिले के रनेह थाना से पुलिस अभिरक्षा में रखा गया एक आरोपी सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात फरार हो जाने से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और जिलेभर में अलर्ट जारी कर आरोपी की तलाश के लिए विशेष पुलिस टीमें गठित की गई हैं। पुलिस संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के अनुसार बमनपुरा निवासी 35 वर्षीय लीलाधर चौधरी अपराध क्रमांक 37/26 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 105 तथा मेडिकल काउंसिलिंग एक्ट की धारा 24 के तहत दर्ज प्रकरण में पुलिस अभिरक्षा में था। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक आरोपी मंगलवार तड़के करीब 3 से 4 बजे के बीच रनेह




थाना परिसर से फरार हो गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल जिलेभर में नाकाबंदी कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस की कई टीमें उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। आसपास के थाना क्षेत्रों को भी अलर्ट किया गया है ताकि आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके। पुलिस ने आरोपी के अभिरक्षा से फरार होने का अलग प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही यह जांच भी शुरू कर दी गई है कि आरोपी किन परिस्थितियों में पुलिस अभिरक्षा से भागने में सफल हुआ। जांच में सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही या चूक सामने आने पर संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। दमोह पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस दल लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जा रही है और आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही अभिरक्षा से फरार होने की घटना के कारणों की भी विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस के लिए यह घटना चुनौतीपूर्ण मानी जा रही है।

अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि फरार आरोपी को पुलिस कितनी जल्दी गिरफ्तार कर पाती है और जांच में सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कौन-कौन से तथ्य सामने आते हैं।

# बरसात में खानपान में बरतें सावधानी, फूड पॉइजनिंग से रहें सुरक्षित

## थोड़ी-सी सावधानी आपको और आपके परिवार को गंभीर बीमारियों से बचा सकती है

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह। बारिश का मौसम जहां गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं इस दौरान खानपान में थोड़ी-सी लापरवाही कई गंभीर बीमारियों का कारण भी बन सकती है। बढ़ी हुई नमी के कारण भोजन जल्दी खराब हो जाता है, जिससे फूड पॉइजनिंग, दस्त, उल्टी, पेट दर्द और गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश राय ने जिलेवासियों से मानसून के दौरान भोजन एवं पेयजल के प्रति विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

डॉ. राय ने बताया कि बरसात के मौसम में सुरक्षित, स्वच्छ एवं ताजा भोजन का सेवन करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोगों को केवल घर का ताजा भोजन ही खाना चाहिए तथा पीने के लिए उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही उपयोग में लाना चाहिए। फल एवं सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं और भोजन को हमेशा ढककर रखें, ताकि उसमें धूल, मक्खियां या अन्य संक्रमण न पहुंच सके। साथ ही भोजन करने से पहले और बाद में साबुन से हाथ धोने की आदत अपनाना भी जरूरी है। उन्होंने सलाह दी कि बारिश के मौसम में खुले में बिकने वाले स्ट्रीट फूड, कटे हुए फल, बिना ढके खाद्य पदार्थ, कई घंटे पहले बने बासी भोजन तथा अस्वच्छ स्थानों पर मिलने वाले जूस, शरबत और बर्फ से बने पेय पदार्थों का सेवन करने से बचें। इसके अलावा अत्यधिक तले-भुने, मसालेदार और ऑयली भोजन से भी परहेज करना चाहिए, क्योंकि इससे पाचन संबंधी समस्याएं बढ़ सकती हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को लगातार उल्टी, दस्त, तेज बुखार, पेट में तेज दर्द या अत्यधिक कमजोरी महसूस हो तो स्वयं दवा लेने के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार कराएं। समय पर उपचार कराने से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मानसून का आनंद तभी लें, जब भोजन सुरक्षित, स्वच्छ और संतुलित हो। थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर न केवल स्वयं बल्कि पूरे परिवार को फूड पॉइजनिंग और अन्य मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखा जा सकता है।

# पटेरा तहसील की बड़ी उपलब्धि: एक ही दिन में 45 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/पटेरा जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन समाधान दिवस के अवसर पर पटेरा तहसील ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए एक ही दिन में 45 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही जनसुनवाई में पहुंचे लगभग 70 नागरिकों की शिकायतों एवं आवेदनों पर भी सुनवाई कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान प्राथमिकता के साथ किया गया। राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारियों ने समन्वय बनाकर शिकायतों का मौके पर निराकरण किया, जिससे बड़ी संख्या में आवेदकों को राहत मिली। कार्यक्रम में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संबंधित मामलों की सुनवाई कर पात्र प्रकरणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया तथा शेष मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। पटेरा तहसील के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एसडीएम राकेश सिंह मरकाम ने पूरी तहसील टीम की सराहना करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इसी तरह संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते रहने का आह्वान किया।

# विद्यालय वाहनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, सभी मानकों का कड़ाई से हो पालन, डीएम

-जिन स्कूलों की बसें अनफिट हैं उन्हें तत्काल बंद करने के लिए निर्देश। जिलाधिकारी



समाज जागरण
शामली। (फुरकान जंग)
कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आलोक यादव की अध्यक्षता में विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडा बिंदु के अनुसार जिलाधिकारी ने जनपद के विद्यालयों में संचालित वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था, निर्धारित मानकों के अनुपालन तथा छात्र-छात्राओं की सुरक्षित आवाजाही को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी विद्यालय वाहनों का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रत्येक वाहन में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन हो। उन्होंने कहा कि बिना फिटनेस, वैध परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के कोई भी विद्यालय वाहन संचालित न होने पाए।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय प्रबंधन से अपेक्षा की गई कि वह विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय-समय पर वाहनों की तकनीकी जांच कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को संयुक्त रूप से नियमित अभियान चलाकर विद्यालयी वाहनों की जांच करने तथा मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि जिन स्कूलों के वाहन अनफिट है उन्हें तत्काल बंद करें। विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था भी सुनिश्चित हो। बैठक में एआरटीओ प्रवेश कुमार,
जिला विद्यालय निरीक्षक ऐश्वर्या लक्ष्मी जयसवाल, बेसिक शिक्षा अधिकारी समिति के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर पंचायत का अभियान , जुमार्ना वसूला

समाज जागरण थानाभवन।
नगर पंचायत ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा के निर्देशन में विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य नगर को पॉलीथिन, सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री से मुक्त कर स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाना है।मंगलवार को नगर पंचायत की टीम ने मुख्य बाजारों का निरीक्षण कर प्रतिबंधित पॉलीथिन और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों से करीब 5,000 रुपये का जुमार्ना भी वसूला गया। अधिकारी जितेंद्र राणा ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण के लिए कपड़े और जूट के थैलों का उपयोग करने तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग पूरी तरह बंद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। अभियान के दौरान वसीक अहमद, कमल, शुभम, पुष्पेंद्र, श्रीकांत, मनीष सहित नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



# किसानों की समस्याओं को लेकर आईसीएआर महानिदेशक से मिले डॉ. विक्रांत जावला

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

राष्ट्रीय लोकदल के नेता एवं टीम आरएलडी शामली के जिला संयोजक डॉ. विक्रांत जावला ने नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,आईसीएआर के महानिदेशक डॉ. मांगीलाल जाट से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में कृषि विज्ञान केंद्रों में किसान हेल्प सेंटर, शामली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, गन्ना पर्ची व्यवस्था, फसल बीमा को व्यवहारिक बनाने, प्राकृतिक आपदा पर स्वतः फसल सर्वे तथा आधुनिक धान मंडी और प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की मांग की गई। महानिदेशक डॉ. जाट ने सुझावों पर सकारात्मक विचार कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# जगनपुर में अनिश्चितकालीन धरना जारी

समाज जागरण
कैराना। गांव जगनपुर में विद्युत लाइन के विरोध में ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। गांव जगनपुर में जगनपुर के अलावा कंडेला, हिंगोखेड़ी और शेखूपुरा के ग्रामीण पिछले छह दिनों से प्रस्तावित



11 केवी विद्युत लाइन के विरोध में धरना दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लाइन को प्राथमिक विद्यालय और आबादी के समीप से निकाले जाने के कारण हादसे की आशंका रहेगी। मंगलवार को भाजपा एमएलसी वीरेंद्र सिंह के पुत्र एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मनीष चौहान तथा अनिल चौहान धरनास्थल पर पहुंचे। मनीष चौहान ने शीघ्र ही प्रस्तावित विद्युत लाइन को बदलवाए जाने का आश्वासन दिया। इसी के चलते ग्रामीणों ने भूख हड़ताल करने का निर्णय टाल दिया।

# संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने कांधला इकाई का किया विस्तार

-विकास जैन बने नगर अध्यक्ष, डॉ. रश्मिकांत जैन को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी



समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)
संपूर्ण उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संगठन विस्तार अभियान के तहत कांधला इकाई में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विकास जैन को कांधला नगर अध्यक्ष तथा डॉ. रश्मिकांत जैन को जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति की घोषणा के बाद व्यापारियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला और दोनों पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।इस अवसर पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा व्यापारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के लिए सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, जिससे व्यापारियों की समस्याओं का समय बद्ध समाधान कराया जा सके। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा व्यापारियों को एकजुट करने का आह्वान किया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, युवा इकाई के प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के हित सर्वोपरि हैं और संगठन उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से उठाता रहेगा। कार्यक्रम में राजेंद्र वर्मा, अरविंद कंसल, दीपक गुप्ता, विष्णु प्रकाश अग्रवाल, सर्वेश वर्मा, लोकेश गोयल, कमल चावला, डॉ. विक्रम, पारस जैन, नितिन जैन, गौरव गोयल, सिद्धार्थ जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मूसलाधार बारिश ने खोली तैयारियों की पोल, जगह-जगह जलभराव

## नगर पालिका, सरकारी अस्पताल और विकासखंड परिसर में भरा पानी, रेलवे अंडरपास डूबने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित



समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)
मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। नगर के कई हिस्सों में जलभराव होने से सड़कें तालाब में तब्दील हो गईं। नगर पालिका परिसर, सरकारी अस्पताल और विकासखंड आवासीय कॉलोनी में पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विकासखंड परिसर स्थित कार्यालयों में पानी पहुंचने से महत्वपूर्ण अभिलेख भी खतरे में आ गए।बारिश के दौरान नगर का रेलवे मार्ग और देहाती क्षेत्र के रेलवे अंडरपास पूरी तरह पानी से भर गए, जिससे ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया। कई लोगों को मजबूरी में पानी से होकर गुजरना पड़ा। बरसात से पहले नगर पालिका प्रशासन द्वारा नालों की सफाई और जल निकासी के दावे किए गए थे, लेकिन पहली ही तेज बारिश में व्यवस्थाओं की हकीकत सामने आ गई। नगर की नवीन सब्जी मंडी में व्यापारियों ने बारिश के बीच भी कारोबार जारी रखा। स्कूलों की छुट्टी के समय बच्चों को भीगते हुए घर लौटना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों की कच्ची कॉलोनियां और रास्ते कीचड़ से लबालब हो गए, जबकि विकासखंड क्षेत्र के दर्जनों गांवों में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली। हालांकि, लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत जरूर मिली। समाचार लिखे जाने तक बारिश का सिलसिला जारी था। नगर और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से जल निकासी की समुचित व्यवस्था कर जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

# चोरी के दोषी को छह वर्ष दो माह का कारावास

समाज जागरण
कैराना। करीब नौ वर्ष पुराने चोरी के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए छह वर्ष दो माह के कारावास और जुमार्ने की सजा सुनाई है।
वर्ष 2016 में शामली कोतवाली में चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था। मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद कैराना स्थित मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने आरोपी सावेज निवासी मोहल्ला नानूपुरा शामली को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को छह वर्ष दो माह के कारावास के साथ 7500 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# डिजिटल संचार को नई रफ्तार, सूचना विभाग ने लॉन्च किया सूचना प्रवाह यूट्यूब चैनल

समाज जागरण शामली।

उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को मजबूत बनाने के लिए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल सूचना प्रवाह का शुभारंभ किया है। सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने चैनल का शुभारंभ किया।सूचना प्रवाह के माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी प्रामाणिक व त्वरित जानकारी आम जन तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही विभाग द्वारा तैयार वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, सरकारी अभियान और प्रमुख आयोजनों का नियमित प्रसारण भी किया जाएगा।सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि डिजिटल मीडिया आज जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम है और यह चैनल सरकार व जनता के बीच संवाद का मजबूत सेतु बनेगा। वहीं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा

और सरकारी योजनाओं की जानकारी अधिक व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाएगी।विभाग के अनुसार, सूचना प्रवाह शासन की उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी सूचनाओं के प्रभावी प्रसार का महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।

# चोरी के दोषी को 6 वर्ष 2 माह की सजा, 7,500 रुपये का जुमार्ना

समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)
उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत प्रभावी विवेचना और न्यायालय में सशक्त पैरवी के परिणामस्वरूप चोरी के एक मामले में आरोपी को सजा दिलाई गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कैराना की अदालत ने थाना कोतवाली शामली में वर्ष 2016 में दर्ज चोरी के मुकदमे में आरोपी सावेज पुत्र नसीर, निवासी मोहल्ला नानूपुरा, थाना कोतवाली शामली को दोषी करार देते हुए 6 वर्ष 2 माह के कठोर कारावास तथा 7,500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने की स्थिति में आरोपी को 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत की गई। थाना कोतवाली शामली में वर्ष 2016 में दर्ज चोरी के मुकदमे में प्रभावी विवेचना और न्यायालय में मजबूत पैरवी के चलते आरोपी को सजा दिलाई जा सकी। शामली पुलिस का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और न्यायालय में सशक्त पैरवी कर दोषियों को दंडित कराने का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

समाज जागरण
कैराना। पुलिस ने एक आरोपी को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया।
कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोहल्ला रेतावाला निवासी महबूब को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया।

# पुलिस ने अवैध छुरे के साथ युवक को दबोचा, मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)
पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपदभर में चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते




हुए एक युवक को अवैध छुरे के साथ गिरफ्तार कर उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के दौरान पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध छुरा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आसिफ पुत्र मंजूर हसन, निवासी गाव आल्दी, थाना कांधला बताया। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# डीएम सख्त: ऊन और थानाभवन चीनी मिलों को बकाया गन्ना भुगतान तत्काल करने के निर्देश



समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

जिलाधिकारी आलोक यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनपद की शामली, ऊन और थानाभवन चीनी मिलों की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्ष 2025-26 के गन्ना मूल्य भुगतान और आगामी पेराई सत्र 2026-27 की तैयारियों का जायजा लिया गया।समीक्षा में बताया गया कि शामली चीनी मिल ने 323.19 करोड़ रुपये का शत-प्रतिशत गन्ना भुगतान कर दिया है। वहीं ऊन चीनी मिल ने 267.03 करोड़ रुपये के सापेक्ष 230.59 करोड़ और थानाभवन चीनी मिल ने 301.60 करोड़ रुपये के सापेक्ष 166.76 करोड़ रुपये का भुगतान किया है।बकाया भुगतान पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए ऊन और थानाभवन चीनी मिलों के अधिकारियों को अविलंब शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।और आगामी पेराई सत्र की तैयारियों की समीक्षा में बताया गया कि रिपेयर एवं मेंटेनेंस कार्य थानाभवन मिल में 29.25 प्रतिशत, शामली मिल में 29.50 प्रतिशत और ऊन मिल में 31.75 प्रतिशत पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी ने सभी मिलों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि किसानों को गन्ना आपूर्ति में किसी प्रकार की परेशानी न हो।एंव उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी को मरम्मत कार्यों की नियमित समीक्षा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा किसानों को गन्ना फसल में रोगों की रोकथाम

और नई तकनीकों के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला गन्ना अधिकारी आर.एस. कुशवाहा सहित तीनों चीनी मिलों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# कैराना में बारिश में तालाब बनीं सड़कें



समाज जागरण
कैराना। मानसून की झमाझम बारिश से नगर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई। इस दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।
मंगलवार को हुई झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं, नगरपालिका के विकास दावों की पोल खुलकर सामने आ गई। चौक बाजार, इमामगेट चौराहा, मेढ़की दरवाजा व बिसातियान, अफगानान सहित कई स्थानों पर पानी भर गया। जलभराव के कारण दोपहिया वाहन चालकों को आवागमन में दिक्कत हुई और कुछ वाहन बीच रास्ते में बंद हो गए, जिन्हें लोग धक्का लगाते हुए नजर आए। बच्चे भी पानी में मस्ती करते देखे गए।

# जियो पेट्रोल पंप डकैती का खुलासा, अंतरराज्यीय गिरोह के पांच बदमाश गिरफ्तार

--एसपी एनपी सिंह ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी, पांच हथियार, स्कॉर्पियो और 67 हजार रुपये बरामद



समाज जागरण
शामली।(फुरकान जंग)

पुलिस नें थाना भवन क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित जियो पेट्रोल पंप पर हुई डकैती का खुलासा करते हुए अंतरराज्यीय गिरोह के पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। थाना थानाभवन पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन .32 बोर पिस्टल, दो .315 बोर तमंचे, जिंदा व खोखा कारतूस, वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो कार तथा डकैती के 67 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश और हरियाणा के विभिन्न जिलों में हाईवे किनारे स्थित पेट्रोल पंपों को निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम देता था। पुलिस ने बदमाशों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि तीन और चार जुलाई की मध्यरात्रि थाना थानाभवन क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित जियो पेट्रोल पंप पर स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने हथियारों के बल पर धावा बोला था। बदमाशों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन को बंधक बनाकर कैश लॉकर खोलने का प्रयास किया। लॉकर नहीं खुलने पर आरोपी पूरा लॉकर उठाकर फरार हो गए थे। घटना के खुलासे के लिए थाना पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम को लगाया गया था। संयुक्त पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए साबिर उर्फ बाबा, अमन, मोहसिन, जसवीर और काला उर्फ शाहनवाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी हरियाणा के सोनीपत और पानीपत क्षेत्र के निवासी हैं।पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह हरियाणा से किराये पर वाहन लेकर उन पर फर्जी नंबर प्लेट लगाते थे। वारदात से पहले गिरोह के सदस्य हाईवे किनारे स्थित पेट्रोल पंपों की रेकी करते थे और फिर रात के समय हथियारों के बल पर कर्मचारियों को बंधक बनाकर नकदी लूट लेते थे।एसपी एनपी सिंह ने बताया कि पूछताछ में यह भी सामने आया है कि गिरोह शामली के अलावा मुजफ्फरनगर, मेरठ, सोनीपत और पानीपत में पेट्रोल पंपों पर डकैती की करीब पांच वारदातों को अंजाम दे चुका है। पुलिस अब इन सभी घटनाओं की कड़ियां जोड़कर जांच कर रही है। साथ ही आरोपियों का आपराधिक इतिहास अन्य जनपदों और राज्यों से भी खंगाला जा रहा है। पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और उनसे जुड़े लोगों की तलाश भी जारी है। बाकी फरार आरोपियों को भी जल्दी गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट

समाज जागरण

कैराना। रुपयों के लेनदेन को लेकर हुए घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट की गई।
गांव तितरवाड़ा निवासी प्रियंका ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह अपने घर पर मौजूद थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव के तीन भाई सचिन, गौरव व रवि उसके घर में घुस आए। तीनों ने पहले गाली-गलौज की और फिर उसके तथा उसके पति विक्रम के साथ मारपीट कर दी। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# उद्यमिता योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर डीएम सख्त, लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



7 जुलाई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला उद्योग केंद्र की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न स्वरोजगार एवं उद्यमिता प्रोत्साहन योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई), प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, बिहार लघु उद्यमी योजना तथा राज्य औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति-2016 के अंतर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके अलावा जिले में प्रस्तावित चाय प्रसंस्करण इकाई से संबंधित प्रतिवेदन एवं उससे जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित योजनाओं के पोर्टल खुलते ही पात्र लाभार्थियों से संपर्क कर उनके आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा बैंक समन्वय के माध्यम से जल्द से जल्द ऋण स्वीकृत कराया जाए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर लाभार्थियों के दस्तावेजों की जांच के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि ऋण वितरण की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो।

डीएम ने सभी लंबित आवेदनों की सूची तैयार करने और प्रत्येक आवेदन के लंबित रहने के कारणों का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का विश्लेषण कर विशेष शिविर लगाए जाएं, ताकि अधिक से अधिक आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण के सदुपयोग की निगरानी पर भी विशेष बल दिया। निर्देश दिया कि जिन लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है, उनका उद्योग विस्तार पदाधिकारी द्वारा रैंडम फील्ड निरीक्षण किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि ऋण राशि का उपयोग स्वीकृत उद्देश्य के अनुरूप ही हो रहा है।

जिला पदाधिकारी ने बैंकों को अधिकाधिक पात्र आवेदनों को स्वीकृति देने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बैंक सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही ऋण वितरण एवं ऋण की किस्तों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठक कर लंबित आवेदनों की समीक्षा करने तथा उनके शीघ्र निष्पादन के लिए समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनिल कुमार मंडल, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# बिहार व उत्तर प्रदेश की साइबर ठगी की राशि अपने खाते में ट्रांसफर कर उपयोग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




7 जुलाई। साइबर अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत किशनगंज पुलिस ने बिहार एवं उत्तर प्रदेश में हुई साइबर ठगी से प्राप्त अवैध राशि को अपने बैंक खाते में ट्रांसफर कर उसका उपयोग एवं निकासी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक, किशनगंज के निर्देशन में साइबर थाना कांड संख्या 18/2026 (दिनांक 5 जुलाई 2026) में भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 318(4), 319(2), 351(2) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66(D) के तहत दर्ज मामले की जांच के दौरान वैज्ञानिक, तकनीकी एवं वित्तीय साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चंदन कुमार मंडल (पिता-ललित मंडल), निवासी धमेलगाछ, वार्ड संख्या-09, थाना गलगलिया, जिला किशनगंज को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते का उपयोग बिहार एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न साइबर ठगी के मामलों से प्राप्त अवैध राशि के हस्तांतरण, उपयोग और निकासी के लिए किया जा रहा था। डिजिटल साक्ष्यों, बैंकिंग लेन-देन, तकनीकी विश्लेषण तथा अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की प्रथम दृष्टया संलिप्तता स्थापित होने पर उसे विधिसम्मत रूप से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार मामले में साइबर अपराधियों के नेटवर्क, वित्तीय लेन-देन की श्रृंखला, अन्य लाभार्थी खातों तथा संभावित संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में वैज्ञानिक एवं तकनीकी जांच जारी है। अनुसंधान के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर इस संगठित साइबर अपराध से जुड़े अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी के पास से एक POCO कंपनी का मोबाइल फोन, IDBI बैंक का एक एटीएम कार्ड, रइकबैंक का एक एटीएम कार्ड तथा क्ढइकबैंक की एक चेकबुक बरामद की गई है।

इस कार्रवाई में पुलिस उपाधीक्षक (साइबर) रवि शंकर, पुलिस निरीक्षक संदीप कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सूरज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक वेद प्रकाश निषाद तथा सिपाही संख्या-652 अकमल शामिल रहे।

किशनगंज पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन अथवा साइबर धोखाधड़ी की सूचना तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या निकटतम पुलिस थाना अथवा साइबर थाना को दें।

# चांडिल बाजार में पुलिस की पैदल गश्ती, अतिक्रमण हटाने और यातायात नियमों के पालन पर दिया जोर

**समाज जागरण, संवाददाता**

चांडिलः बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से चांडिल थाना पुलिस ने मंगलवार को विशेष पैदल गश्ती अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों ने बाजार की विभिन्न सड़कों का निरीक्षण करते हुए दुकानदारों और आम लोगों से संवाद स्थापित किया।



गश्ती के दौरान पुलिस ने दुकानदारों से सड़क और फुटपाथ पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करने की अपील की। पुलिस ने कहा कि सड़क पर फैला सामान न केवल यातायात को बाधित करता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ा देता है। सभी व्यापारियों से अपनी दुकान की सीमा के भीतर ही सामान रखने का आग्रह किया गया।

इस दौरान वाहन चालकों और राहगीरों को भी यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई।

# नबीनगरः कोर्ट के आदेश पर 2 के घर इश्तहार चस्पा, कि हुई कार्रवाई

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो लोगों के घर इश्तहार चस्पा किया है। मामला कोर्ट मे हाजिर नहीं होने के कारण



यह कार्रवाई की गई।थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम ने बेलाई गांव निवासी अखिलेश राम और बेलवा गांव निवासी राकेश सिंह एवं उनकी पत्नी के घर पर इश्तहार चिपकाया। दोनों मामलों में आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए कई बार समन भेजा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट के आदेश पर उनके घरों पर इश्तहार चस्पा कर सूचना दी ।पुलिस ने कहा कि इश्तहार चस्पा के बाद भी यदि आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनके खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी दावों पर भारी जमीनी हकीकतः आज भी जनाजा लेकर छातीभर पानी पार करने को मजबूर ग्रामीण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



7 जुलाई, पोठिया। एक ओर सरकार गांव-गांव तक सड़क, पुल और मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत कुशियारी पंचायत के पानबारा गांव की तस्वीर इन दावों की हकीकत बयां कर रही है। आजादी के दशकों बाद भी यहां के ग्रामीण कब्रिस्तान तक पहुंचने के लिए बरसात के दिनों में छातीभर पानी पार करने को मजबूर हैं।

हाल ही में सामने आए एक वीडियो ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। वीडियो में ग्रामीण जनाजा लेकर पानी से लबालब भरे रास्ते को पार करते दिखाई दे रहे हैं। यह दृश्य न केवल प्रशासनिक लापरवाही की कहानी कहता है, बल्कि उन विकास योजनाओं पर भी सवाल खड़े करता है, जिनके दम पर गांवों के सर्वांगीण विकास के दावे किए जाते हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि कब्रिस्तान जाने वाले मार्ग पर वर्षों से पुल या ब्रिज नहीं है। बारिश होते ही नाला उफान पर आ जाता है और रास्ता पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। ऐसे में जनाजा लेकर पानी पार करना उनकी मजबूरी बन जाती है। हर बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर दिलाया गया, लेकिन आश्वासनों के अलावा कुछ भी नहीं मिला। विकास के दावों के बीच यह गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि कब्रिस्तान जाने वाले इस मार्ग पर अविलंब पुल/ब्रिज का निर्माण कराया जाए, ताकि हर मौसम में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित हो सके। उनका कहना है कि यह केवल एक सड़क या पुल का मुद्दा नहीं, बल्कि लोगों की धार्मिक आस्था, सम्मानजनक अंतिम विदाई और मानवीय गरिमा से जुड़ा गंभीर विषय है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मार्मिक तस्वीर को केवल एक खबर मानकर भूल जाता है या फिर इसे गंभीरता से लेते हुए वर्षों पुरानी इस समस्या का स्थायी समाधान करने की दिशा में ठोस कदम उठाता है।

# कुकडू में विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत परखी, डीडीसी ने अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश

### आंगनबाड़ी, बालिका आवासीय विद्यालय व प्रस्तावित स्वास्थ्य केंद्र की भूमि का किया निरीक्षण, समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति और जनशिकायतों पर जताई गंभीरता

**समाज जागरण**



कुकडू,चांडिल : सरायकेला-खरसावां की उप विकास आयुक्त रीना हंसदा ने सोमवार को कुकडू प्रखंड का दौरा कर विभिन्न सरकारी संस्थानों और विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

भ्रमण के दौरान डीडीसी ने एक आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने के साथ नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छ वातावरण और आवश्यक स्वच्छता सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

इसके बाद उन्होंने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र छात्रा तक समय पर पहुंचे।

उप विकास आयुक्त ने प्रस्तावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए चिन्हित भूमि का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को भूमि संबंधी प्रक्रिया एवं अन्य आवश्यक कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के बाद प्रखंड कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से योजनाओं का लक्ष्य के अनुरूप समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम लोगों तक योजनाओं की जानकारी प्रभावी ढंग से पहुंचाने को कहा।

बैठक के दौरान प्रखंड कार्यालय में प्राप्त जनशिकायतों और विभिन्न योजनाओं से जुड़े आवेदनों की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों एवं शिकायतों का नियमानुसार शीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# मझिआंव बालू घाट से 35 लीटर देशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार बाइक जप्त

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मझिआंव बालू घाट के समीप से 35 लीटर देशी शराब के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है एवं एक बाइक जप्त किया है।। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मझिआंव बालू घाट के पास छापेमारी अभियान के दौरान बाइक सवार दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 35 लीटर देशी शराब बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान देवी लाल सिंह पिता सुदामा सिंह और संतोष कुमार पिता स्व. अकेन्द्र सिंह दोनों निवासी देवरिया गांव, थाना नरारी कला खुर्द।पुलिस ने दोनों के खिलाफ बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शराब तस्करों के खिलाफ लगातार छापेमारी और गश्ती अभियान जारी रहेगा।



# पटना के एलएनजेपी अस्पताल में स्वास्थ्य मंत्री का औचक निरीक्षण, गंदगी देख भड़के, दो डॉक्टर सचिवालय तलब

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ पटना स्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल में व्याप्त कुव्यवस्था और मरीजों की शिकायतों को लेकर स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार मंगलवार को एक्शन मोड में नजर आए। करीब साढ़े तीन घंटे तक चले औचक निरीक्षण के दौरान मंत्री ने न केवल अस्पताल की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों और चिकित्सकों को सख्त चेतावनी भी दी। निरीक्षण के दौरान ओपीडी और वार्डों में भर्ती मरीजों ने मंत्री से अस्पताल की पोल खोल दी। मरीजों का आरोप था कि अस्पताल में जांच की सुविधा होने के बावजूद डॉक्टर उन्हें बाहर से जांच कराने के लिए मजबूर करते हैं, जिससे गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। साथ ही सर्जरी के लिए भी मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने डॉ. श्याम किशोर को तत्काल सचिवालय तलब किया। वहीं, ड्यूटी से बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए डॉ. राकेश रोशन को भी स्पष्टीकरण के लिए सचिवालय बुलाया गया है।अस्पताल परिसर में फैली गंदगी को देखकर स्वास्थ्य मंत्री का पारा चढ़ गया। उन्होंने तत्काल प्रभाव से पुरानी सफाई एजेंसी को हटाते हुए निर्देश दिया कि अब अस्पताल की स्वच्छता की जिम्मेदारी 'जीविका दीदियों' को सौंपी जाए। अस्पताल प्रशासन ने पुष्टि की है कि 13 जुलाई से जीविका दीदियां सफाई कार्य संभाल लेंगी, जिसके लिए सहमति बन चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने नए अस्पताल भवन का भी जायजा लिया। भवन में रैंप और अन्य आवश्यक सुविधाओं का अभाव देख स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि ने बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। स्वास्थ्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी कमियों को दूर करने और रैंप के निर्माण के बाद ही भवन अस्पताल प्रशासन को हैंडओवर किया जाए। बीएमएसआईसीएल ने जुलाई के अंत या अगस्त के पहले सप्ताह तक काम पूरा करने का आश्वासन दिया है। एलएनजेपी निदेशक डॉ. राकेश चौधरी ने बताया कि मंत्री के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। स्वास्थ्य सचिव कुमार रवि और विशेष सचिव त्यागराजन भी निरीक्षण के दौरान मौजूद थे।

# पटना में नाबालिग को प्रेम जाल में फंसा 25 हजार में बेचा

## सेक्स रैकेट में धकेला; दो डांसर और प्रेमी समेत 11 गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना पुलिस ने मानव तस्करी और यौन शोषण के एक भयावह मामले का खुलासा करते हुए अगमकुआं थाना क्षेत्र के एक होटल से एक नाबालिग को मुक्त कराया है। मामले में दो महिला डांसरों और नाबालिग को प्रेम जाल में फंसाने वाले प्रेमी सहित कुल 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।पालीगंज इलाके की रहने वाली नाबालिग को अमित कुमार नाम के युवक ने प्रेम जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया। चार जुलाई को परिजनों द्वारा पालीगंज थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराने के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने जब संदिग्ध प्रेमी अमित को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। उसने बताया कि वह नाबालिग को मीठापुर निवासी डांसर आरती और रूपा को 25 हजार रुपये में बेच चुका है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी डांसरों ने नाबालिग को बंधक बनाकर रखा था। उसे जबरन डांस पार्टियों में ले जाया जाता था और सेक्स रैकेट में धकेल दिया गया। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि होटल में उसे बंधक बनाकर रखा गया, जहां एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि अन्य सात युवकों ने उसके साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी जाती थी। पालीगंज पुलिस की सूचना पर अगमकुआं थाना पुलिस के सहयोग से जीरो माइल स्थित 'गंगा महल होटल' में छापेमारी की गई। पुलिस ने मौके से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमी अमित कुमार, दो डांसर आरती व रूपा, और होटल में मौजूद आठ अन्य युवक शामिल हैं। पुलिस ने मौके से 11 मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। सिटी एसपी (पूर्वी) शैलजा ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम से उस कमरे की जांच कराई गई है, जहाँ नाबालिग के साथ दुष्कर्म हुआ था। साक्ष्य जुटाने के बाद कमरे को सील कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पूरे मामले में संलिप्त होटल मालिक के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। गिरफ्तार लोगो में निखिल कुमार, आयुष कुमार, निशांत राज, कुंदन कुमार, अमरजीत कुमार, पृथ्वी राज, अक्षत नारायण, दिव्यांश कुमार, अमित कुमार, आरती कुमारी और रूपा कुमारी शामिल है।

# पटना के बिहटा में हाईवा की चपेट में आने से महिला की मौत, बेटा-बहू बाल-बाल बचे

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा में पटना-आरा एनएच-922 पर मंगलवार दोपहर एक हृदयविदारक हादसा सामने आया, जहाँ तेज रफ्तार हाईवा की टक्कर से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सिकंदरपुर गांव के समीप हुई। मृतका की पहचान मनेर थाना क्षेत्र के हल्दी छपरा रामनगर निवासी अनिल सिंह की 45 वर्षीय पत्नी सविता देवी के रूप में हुई है।परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, सविता देवी अपने बेटे विशाल कुमार और बहू कल्पना कुमारी के साथ बाइक पर सवार होकर आरा जा रही थीं। महिला की तबीयत खराब थी, जिसे दिखाने के लिए बेटा उन्हें डॉक्टर के पास ले जा रहा था। रास्ते में सिकंदरपुर के पास पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दौरान सविता देवी बाइक से छिटककर सड़क पर जा गिरीं और पीछे से आ रहे हाईवा की चपेट में आ गईं। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि बाइक चला रहा बेटा विशाल और बहू कल्पना सड़क के दूसरी तरफ गिरे, जिससे उनकी जान बच गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हाईवा को जब्त कर लिया गया है। हालांकि, हादसे के बाद चालक मौके से फरार होने में सफल रहा।

# पटना सिटी में रिटायर्ड रेलवे इंजीनियर के बंद घर को चोरों ने बनाया निशाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के आलमगंज थाना क्षेत्र के बिरसा आदिवासी (बिस्कोमान) कॉलोनी में चोरों ने दुस्साहस का परिचय देते हुए एक रिटायर्ड रेलवे इंजीनियर के बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। घटना के समय पूरा परिवार इलाज के सिलसिले में कोलकाता गया हुआ था। चोरी की इस बड़ी वारदात से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।पीड़ित रिटायर्ड रेलवे अभियंता अजय कुमार सिन्हा के पुत्र अश्विनी कुमार ने आलमगंज थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। अश्विनी ने बताया कि उनके पिता, माता और बड़े भाई बीते एक जुलाई को स्वास्थ्य कारणों से इलाज कराने के लिए कोलकाता गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। सोमवार को उन्हें घर में चोरी होने की सूचना मिली, जिसके बाद वे भागलपुर से पटना पहुंचे। घर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। चोरों ने न केवल अलमारी का लॉकर तोड़ा, बल्कि घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर (ऊश्फ) मशीन भी अपने साथ ले गए, ताकि उनकी पहचान न हो सके। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने घर में रखी अलमारी को पूरी तरह खंगाल डाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चोरों ने सोने के तीन नेकलेस, दो पुरुषों की अंगूठी, एक महिला अंगूठी, कान की बालियां और अन्य कीमती स्वर्ण आभूषणों के साथ ही 40 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया है। पीड़ित ने बताया कि चोरी गए सामानों की सटीक सूची और कुल नुकसान का सही आकलन परिवार के कोलकाता से वापस लौटने के बाद ही पता चल सकेगा, लेकिन शुरूआती अनुमान के मुताबिक संपत्ति की कीमत 10 लाख रुपये से अधिक है।

# सार्वजनिक सूचना

**सर्वसाधारण एवं संबंधित विभागों के संज्ञानार्थ**

यह सूचित किया जाता है कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम पूनम कुमारी (POONAM KUMARI) है। मैं श्री दिनेश कुमार सिन्हा की पत्नी एवं श्री सकलदीप सिंह की पुत्री, निवासी मकान संख्या-2, बी-ब्लॉक, आदर्श कॉलोनी, नामदा बस्ती, पोस्ट एवं थाना-गोलमुरी, जिला-पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), झारखंड, पिन-831003 हूं।

मेरे बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के अंकपत्र (रोल कोड-1247, रोल संख्या-0366) में मेरा नाम "पूनम कुमारी" अंकित है, जो मेरा सही एवं वास्तविक नाम है।

जबकि मेरे पैन कार्ड संख्या ATNPD8629G एवं आधार कार्ड संख्या 5310 5685 0035 में मेरा नाम "पुनम देवी (PUNAM DEVI)" तथा सीओ ईएमई डिपो बटालियन द्वारा जारी फैमिली पार्टिकुलर्स में "पूनम देवी (POONAM DEVI)" अंकित है।

अतः एतद्द्वारा सर्वसाधारण एवं सभी संबंधित सरकारी, अर्द्धसरकारी, निजी संस्थानों, बैंकों एवं अन्य प्राधिकरणों को सूचित किया जाता है कि "पूनम कुमारी", "पुनम देवी" एवं "पूनम देवी"– तीनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही नाम हैं। नामों में यह अंतर केवल वर्तनी एवं अभिलेखीय त्रुटि के कारण है।

यह सार्वजनिक सूचना भविष्य में किसी भी प्रकार के प्रशासनिक, बैंकिंग, शैक्षणिक, सेवा संबंधी एवं अन्य विधिक कार्यों में आवश्यक अभिलेख के रूप में प्रकाशित की जा रही है।

दिनांकः 08 जुलाई, 2026 स्थानः जमशेदपुर, झारखंड

**(पूनम कुमारी)**
**पत्नी – श्री दिनेश कुमार सिन्हा**

# घरेलू विवाद में मार पीट केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जंसा थाना क्षेत्र में घरेलू विवाद का मामला सामने आया है। कुण्डरिया गांव निवासी सुनील गिरि ने अपने दो सालों पर घर में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। जंसा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सुनील गिरि ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार रात उनके साले शिवम उर्फ हरदुम किशन और पन्नू एक चार पहिया वाहन से उनके घर पहुंचे। ये दोनों मिजार्पुर जनपद के जिगना थाना क्षेत्र के रमगढ़वा गांव के निवासी हैं।आरोप है कि दोनों आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से सुनील गिरि पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जब उनकी मां और भाभी बीच-बचाव करने आईं, तो उन्हें भी धक्का दिया गया और उनके साथ अभद्रता की गई। आरोपियों ने मां-बहन की गंदी गालियां भी दीं।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुटने लगे। इस पर आरोपी जान से मारने और दोबारा देख लेने की धमकी देते हुए अपने वाहन से फरार हो गए। जंसा पुलिस ने इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वही इस मामले में थानाध्यक्ष जंसा अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है

# वन महोत्सव के तहत पौध रोपण का आयोजन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। जिले के खेवली गांव में वन महोत्सव के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगलवार को कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।यह कार्यक्रम प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 1 से 7 जुलाई तक मनाए जा रहे वन महोत्सव का हिस्सा था। पर्यावरण एवं जल संरक्षण प्रेमी मनीष पटेल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया।



इस अवसर पर मनीष पटेल ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन के सच्चे साथी हैं। वे शुद्ध वायु, छाया और फल-फूल प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने पौधरोपण को जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया।कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण और जल बचाने का संदेश भी दिया गया। इस कार्यक्रम में श्रीराम दादा, रणजीत चौधरी, लौटन राम, वृजेश कुमार, युग सिंह, एंजल, मंजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# अमृत सरोवरों पर पौधरोपण हेतु बनारसी लंगड़ा आम के 520 पौधे आया

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी विकास खण्ड चिरईगांव के 23 ग्रामपंचायतों में स्थित 26 अमृत सरोवरों के किनारे पर बनारसी लंगड़ा आम के पौधरोपण कराने हेतु कुल 520 पौधे ब्लॉक कार्यालय से सचिवों के माध्यम से सम्बंधित गांवों में भेजा गया। प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत अशोक कुमार चौबे ने बताया कि विकास खण्ड के उमरहां,पियरी,पचरांव, अमौली,कमौली, छितौना,सीवों, तरयां, खेतलपुर, नरायनपुर,गौरडीह सहित 23 ग्रामपंचायतों में कुल 26 अमृत सरोवर बने हैं। प्रत्येक अमृत सरोवर पर 20-20 बनारसी लंगड़ा आम के पौधे रोपे जाने हैं। आज ब्लॉक कार्यालय पर 520 बनारसी लंगड़ा आम के पौधे सम्बंधित गांवों के ग्रामपंचायत सचिवों निवर्तमान ग्रामप्रधानों को पौधरोपण हेतु उपलब्ध भी करा दिया गया है।आज बारिश भी अच्छी हो गयी है। पौधरोपण हेतु मौसम भी अनुकूल हो गया है।आम के पौधों को जल्द से जल्द रोपित कराने के लिए कहा गया है।

# हरहुआ मे 39970 बच्चों को पिलाई गयी पोलियोरोधी खुराक

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बीते 28 जून से प्रारंभ होकर छह जुलाई तक चले पल्स-पोलियो अभियान के तहत हरहुआ विकास खंड में शून्य से पांच वर्ष तक के 39970 बच्चों को पोलियो रोधी ड्राप पिलाया गया।




पीएचसी प्रभारी डा0 सन्तोष ने बताया कि सात दिवसीय अभियान के पहले दिन 110 बूथ 8 मोबाइल बूथ पर 25750बच्चों को ड्राप पिलाई गयी।

29 जून से पोलियो टीम ने घर-घर भ्रमण कर वंचित रह गये बच्चों को पोलियोरोधी ड्राप पिलाया। प्रभारी ने बताया कि पूरे अभियान के तहत विकास खंड में 39970बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलायी गयी।जिसमे 79 टीमें 8 मोबाइल टीम 22 सुपरवाइजर व 4 सेक्टर सुपरवाइजर की तैनाती की व्यवस्था की गई थी।

# बाबरी के चंदे और मदरसों के कदाचार पर भी बोल दें अखिलेश, वोट बैंक हो जाएगा नाराज : ब्रजेश पाठक

**समाज जागरण**

लखनऊ, 07 जुलाई। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा विवाद पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति करने वाला बताया। पाठक ने कहा कि सपा और कांग्रेस की हिम्मत नहीं है कि वे मदरसों में चल रहे कदाचारों पर सवाल उठा सकें।

**बख्शे नहीं जाएंगे दोषी**

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से बातचीत में राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण पर एसआईटी जांच का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार किसी भी दोषी को नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण पर एसआईटी जांच चल रही है। कोई भी दोषी बचे न और कड़ी कार्रवाई हो, यह सरकार सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**चरमोत्कर्ष पर पहुंचाएंगे सनातन धर्म की पताका**

पाठक ने राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ट्रस्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार सनातन संस्कृति की पताका को और चरमोत्कर्ष पर पहुंचाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है।

**तुष्टिकरण और वोट बैंक की पॉलिटिक्स कर रहा विपक्ष**

उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा, कांग्रेस और अन्य दल राम मंदिर चढ़ावे पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन बाबरी मस्जिद सहित मुस्लिम प्रतिष्ठानों, मस्जिदों या मदरसों के चंदे और कदाचार पर कभी सवाल नहीं उठाते। पाठक ने कहा कि कई मदरसों की हालत ये है कि वे कदाचार के अड्डे बने हुए हैं। मगर, इनके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलेगा क्योंकि ये तुष्टिकरण और वोट बैंक की पॉलिटिक्स कर रहे हैं।

# जल जीवन मिशन में अनियमितता का आरोप, जांच की मांग को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ग्राम सभा टिकरी खुर्द में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति बाधित होने और कथित अनियमितताओं के विरोध में मंगलवार को समाजसेवी प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) पिंडरा को ज्ञापन सौंपा।




ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पिछले कई महीनों से गांव में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही है। पहले सोलर पैनल की बैटरी चोरी होने से जलापूर्ति प्रभावित रही, जबकि वर्तमान में जनरेटर के लिए उपलब्ध कराए जाने वाले डीजल की चोरी का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जनरेटर के लिए लगभग 40 लीटर डीजल दिया जाता है, लेकिन उससे केवल एक से तीन दिन तक ही प्रतिदिन लगभग एक घंटे पानी की आपूर्ति हो पाती है। इसके बाद डीजल समाप्त होने की बात कही जाती है, जिससे ग्रामीणों को लंबे समय तक पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर डीजल चोरी एवं अन्य अनियमितताओं में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई करने की मांग की।

इस दौरान पप्पू सिंह, अच्छेलाल पटेल, चुलबुल पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, संदीप पाण्डेय सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हरहुआ में दिनदहाड़े गैस सिलेंडर चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ आरोपी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत के दिनदहाड़े हुई गैस सिलेंडर चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चौकी से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित एक मकान के किचन से चोर एलपीजी गैस सिलेंडर उठाकर फरार हो गया। पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार हरहुआ बाजार निवासी श्याम सुंदर जायसवाल की पत्नी बच्चों के साथ मायके गई हुई हैं। सोमवार सुबह श्याम सुंदर ने खाना बनाकर किचन में रखा और नहाने चले गए। इसके बाद उन्होंने घर के बाहर कुंडी लगाई और करीब 50 मीटर दूर स्थित सहज जन सेवा केंद्र पर बिजली का बिल जमा कराने चले गए। कुछ देर बाद जब वह लौटे तो घर के दरवाजे की कुंडी खुली मिली। अंदर जाकर देखा तो चूल्हे में लगा एलपीजी गैस सिलेंडर गायब था। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पड़ोसी प्रदीप के साथ बाइक से हरहुआ बाजार, कोईराजपुर मोड़ और हरहुआ चौराहे तक सिलेंडर की तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। अंततः उन्होंने हरहुआ पुलिस चौकी को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी।

स्थानीय लोगों द्वारा खंगाले गए एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक युवक बाइक पर आगे की ओर गैस सिलेंडर रखकर हरहुआ बाजार से बाबतपुर की दिशा में जाता दिखाई दे रहा है। इससे आशंका जताई जा रही है कि उसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

मंगलवार को पीड़ित श्याम सुंदर जायसवाल ने हरहुआ पुलिस चौकी में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। दिनदहाड़े पुलिस चौकी के समीप हुई इस घटना से स्थानीय लोगों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता व्याप्त है।

# हरिकांशगढ़ी के पास कार ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर

**समाज जागरण संवाददाता**

लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में हरिकांशगढ़ी चौकी के पास मंगलवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजकर कार को कब्जे में ले लिया है।



पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब 1:30 बजे हरिकांशगढ़ी चौकी के पास बाइक संख्या UP32 LD 7006 को पीछे से आ रही कार संख्या UP40 AK 5412 ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे शुभम यादव पुत्र रामचंद्र यादव निवासी नगर पुरसैनी तथा उसके साथ सवार एक अन्य युवक घायल हो गए।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा। दुर्घटना के बाद कार चालक अपनी गाड़ी मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

# उन्नाव दौरे पर निकले भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ भारतीय किसान क्रांति यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा के उन्नाव दौरे के दौरान मोहनलालगंज क्षेत्र में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में संगठन के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।सबसे पहले हरीखेड़ा के पास स्थित कार्यालय पर भारतीय किसान क्रांति यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने अपनी टीम के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का फूल-मालाओं एवं बुके से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान संगठन की मजबूती, किसानों की समस्याओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा भी हुई।





इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला सिसेंडी चौराहे पहुंचा, जहां आदित्य द्विवेदी, दिलीप सिंह सहित संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने संगठन की एकजुटता का परिचय देते हुए किसानों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।यात्रा के दौरान मीनापुर चौराहे पर भी भारतीय किसान क्रांति यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल-मालाओं से स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को गांव-गांव तक मजबूत करने और किसानों के अधिकारों की लड़ाई को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का आह्वान किया।स्वागत कार्यक्रमों के दौरान हरीखेड़ा, सिसेंडी चौराहा और मीनापुर चौराहा सहित सभी स्वागत स्थलों पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी।इसके उपरांत राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि मिश्रा का काफिला उन्नाव के लिए रवाना हो गया। पूरे मार्ग में संगठन के कार्यकर्ताओं का उत्साह और अनुशासन देखने को मिला।

# योगी सरकार 13 प्रमुख नदियों के तट क्षेत्र पर रोपेगी 3.83 करोड़ से अधिक पौधे

**– गंगा तीरे 4495 हेक्टेयर से अधिक भूमि पर 79.86 लाख पौधरोपण**

**– यमुना नदी के किनारे 647 स्थलों पर 6531.77 हेक्टेयर में लगेंगे 1.08 करोड़ पौधे**

**– गंगा नदी के किनारे 603, गोमती किनारे 297, सरयू किनारे 254 स्थलों पर होगा भव्य पौधरोपण कार्यक्रम**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 7 जुलाईः योगी सरकार पौधरोपण महायज्ञ-2026 के तहत उत्तर प्रदेश में 13 प्रमुख नदियों के किनारे बड़े पैमाने पर पौधरोपण करेगी। गंगा, यमुना, गोमती, सरयू, समेत कई प्रमुख नदियों के किनारे पौधरोपण होगा। गंगा के किनारे 4495.72 हेक्टेयर में 79.86 लाख से अधिक पौधरोपण होगा तो यमुना किनारे सर्वाधिक 647 स्थल चिह्नित किए गए हैं, जहां पौधरोपण कराए जाएंगे। नदियों के तट से पांच किमी. की परिधि में कुल 2673 स्थल चिह्नित किए गए हैं, इनके किनारे 22240 हेक्टेयर से अधिक में 3.83 करोड़ से अधिक पौधरोपण होगा।

**यमुना नदी के तट क्षेत्र पर होंगे सर्वाधिक पौधरोपण**

सीएम योगी के निर्देश पर नदियों के किनारे पौधरोपण होंगे। अविरल धारा पौधरोपण कार्यक्रम के तहत यमुना नदी के तट पर सर्वाधिक पौधे रोपित किए जाएंगे। यमुना के कैचमेंट एरिया में 647 स्थलों पर 6531.77 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 1 करोड़, 8 लाख, 18 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। वहीं गंगा नदी के किनारे 603 स्थलों पर 4495.72 हेक्टेयर में पौधे लगाए जाएंगे। इसके किनारे 79.86 लाख से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। गंगा किनारे के वन प्रभागों प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी, फतेहपुर, वाराणसी, गाजीपुर, मीरजापुर, भदोही, काशी वन्यजीव व बलिया आदि में यह पौधरोपण प्रस्तावित है।

# बिजली के स्टे तार में उतरे करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, जांच शुरू

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज-2 पर कोईराजपुर गांव के समीप मंगलवार को बिजली के खंभे के स्टे तार में करंट उतर आने से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस, बिजली विभाग और पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई।

जानकारी के अनुसार कोईराजपुर निवासी ललपत यादव अपने पशुओं को रिंग रोड फेज-2 के किनारे चरा रहे थे। इसी दौरान उनकी एक भैंस चरते-चरते सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे के स्टे तार के पास पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्टे तार में करंट उतर आया था, जिसकी किसी को जानकारी नहीं थी। जैसे ही भैंस का शरीर स्टे तार से स्पर्श हुआ, वह तेज झटके के साथ कुछ दूरी पर जा गिरी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

भैंस को गिरता देख ललपत यादव मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। उसके बाद गांव के रहने वाले सुरेंद्र यादव ने पुलिस और पशु चिकित्सक तथा बिजली विभाग को फोन करके सूचना दी। सूचना मिलते ही हरहुआ चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। बिजली विभाग के जेई दीपक प्रजापति भी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भैंस की मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। इसके बाद हरहुआ ब्लॉक के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष वर्मा मौके पर पहुंचे। उन्होंने भैंस का पोस्टमार्टम कराया और नियमानुसार गड्ढा खुदवाकर उसका अंतिम निस्तारण कराया।

पीड़ित पशुपालक ललपत यादव ने हरहुआ पुलिस चौकी में लिखित तहरीर देकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों ने बिजली विभाग से स्टे तारों की नियमित जांच कराने तथा करंट उतरने जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# सोने की दुकान में चोरी पुलिस मौके पर पहुंची जांच में जुटी।

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार में देर रात चोरों ने एक सोने की दुकान को निशाना बनाया। चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण उठा ले गए। सुबह घटना की जानकारी होते ही बाजार में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार बाजार में सराफा व बर्तन की दुकान है।सोमवार की रात रोज की तरह दुकान बंद कर वह घर चले गए। रात में अज्ञात चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़ दिया और अंदर रखे कीमती सोने-चांदी के जेवरात व नकदी समेट कर फरार हो गए। सुबह आसपास के दुकानदारों ने शटर टूटा देखा तो व्यापारी को सूचना दी। मौके पर पहुंचे लालचंद सोनी ने अंदर का नजारा देख पुलिस को सूचना पर लालगंज पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। टीम ने दुकान से फिंगरप्रिंट व अन्य साक्ष्य जुटाए हैं। अगल-बगल की जगह सीसीटीवी फुटेज से पुलिस चोरों की तलाश में लगी हुई है कहीं से कोई सुराग लग जाए। ताकि चोरों का सुराग लग सके। एक ही रात में लाखों की चोरी से बरौंधा बाजार के व्यापारियों में आक्रोश है। ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने व जल्द खुलासे की मांग की है। पीड़ित व्यापारी के अनुसार चोरी गए माल की कीमत लाखों में है। सही आकलन बिल व स्टॉक मिलान के बाद ही हो पाएगा। थानाध्यक्ष लालगंज वेद प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा ग्रामीणों का भी सहयोग लिया जा रहा है चोरों के आतंक से क्षेत्र में डर का माहौल बना हुआ है।

# 9 जुलाई को मोहनलालगंज पहुंचेगी 'गविष्ठ (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा', धर्मसभा में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड

### जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' जी महाराज के नेतृत्व में निकलेगी यात्रा, एस.डी.वी. एकेडमी में होगा भव्य स्वागत

**विवेक कुमार समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज, लखनऊ गो संरक्षण, सनातन संस्कृति के संवर्धन और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग को लेकर देशभर में निकाली जा रही 'गविष्ठ (गो-रक्षार्थ-धर्मयुद्ध) यात्रा' आगामी 9 जुलाई 2026 (गुरुवार) को मोहनलालगंज पहुंचेगी। यात्रा के दौरान एस.डी.वी. एकेडमी, रानी खेड़ा-डेहवा, मोहनलालगंज में विशाल स्वागत समारोह एवं धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गई हैं और आयोजक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति की उम्मीद जता रहे हैं।

इस यात्रा का नेतृत्व जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती '1008' जी महाराज कर रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ संरक्षण के प्रति जनजागरण, सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार तथा गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग को जन-जन तक पहुंचाना बताया गया है।कार्यक्रम के अनुसार 9 जुलाई को सायं 4:00 बजे यात्रा मोहनलालगंज स्थित एस.डी.वी. एकेडमी पहुंचेगी, जहां संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों, गौभक्तों एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद आयोजित धर्मसभा में गौ सेवा, भारतीय संस्कृति और समाज में गौ माता के महत्व पर विस्तृत विचार रखे जाएंगे कार्यक्रम में श्री संत प्रकाश जी महाराज सहित अनेक संत-महात्मा एवं धार्मिक विद्वान भी उपस्थित रहेंगे। आयोजकों का कहना है कि धर्मसभा में गौ संरक्षण को लेकर जनजागरण अभियान को और गति देने तथा समाज को संगठित करने का संदेश दिया जाएगा।इस आयोजन के प्रमुख सहयोगी एवं संयोजक लवकुश यादव (प्रधान), प्रबंधक एस.डी.वी. एकेडमी एवं मंडल अध्यक्ष, लखनऊ मंडल, उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षक संघ हैं। उन्होंने क्षेत्र के सभी धर्मप्रेमियों, गौभक्तों, सामाजिक संगठनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है आयोजकों के अनुसार यात्रा के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा, स्वागत द्वार, जलपान तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम स्थल पर भी श्रद्धालुओं के बैठने, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।आयोजन समिति ने कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का जन अभियान है। सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर धर्मसभा में सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

# रामभक्तों के सहयोग से भव्य राममंदिर निर्माण सहन नहीं हो रहा सपा व कांग्रेस से: सीएम योगी

**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुल्तानपुर को दी 819 करोड़ से अधिक की 99 विकास परियोजनाओं की सौगात**

**– बाबरी ढांचे पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले दे रहे आस्था पर उपदेश, राम जन्मभूमि को बदनाम करने का प्रयास**

**– सपा-कांग्रेस चाहती हैं कि वक्फ की लूट जारी रहे और वे आस्था से खिलवाड़ करते रहें**

**समाज जागरण**

सुल्तानपुर, 7 जुलाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और राम जन्मभूमि मंदिर को लेकर विपक्ष के दुष्प्रचार का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि रामभक्तों के सहयोग से प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनना समाजवादी पार्टी व कांग्रेस से सहन नहीं हो रहा है। रामभक्तों पर गोलियां चलाने वाले और बाबरी ढांचे के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाले आस्था पर उपदेश दे रहे हैं। एसआईटी की रिपोर्ट पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बावजूद अयोध्या को टारगेट किया जा रहा है। ये लोग चाहते हैं कि वक्फ के नाम पर लूट मची रहे और वे मंदिरों को बदनाम करते रहें। यह दोहरा चरित्र जनता को स्वीकार नहीं।

मुख्यमंत्री मंगलवार को जनपद सुल्तानपुर में 819 करोड़ से अधिक लागत वाली 99 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के उपरांत विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सुल्तानपुर व इसौली विधानसभा क्षेत्रों समेत पूरे जनपद के नागरिकों को इन कल्याणकारी योजनाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। रामायण कालीन स्मृतियों से जुड़ी सुल्तानपुर की पावन धरा को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का नया उत्तर प्रदेश 'विरासत और विकास' के अद्भुत समन्वय के साथ आगे बढ़ रहा है। मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और भारी बारिश के बावजूद इतनी बड़ी संख्या में जनता का उमड़ना इस बात का प्रमाण है कि लोग विकास की राजनीति के साथ मजबूती से खड़े हैं।

**राम जन्मभूमि को बदनाम करने का प्रयास**

सीएम ने कहा कि अयोध्या में एक घटना घटित हुई। ट्रस्ट के विनम्र अनुरोध पर एसआईटी गठित की गई। जब तक यह नहीं गठित हुई थी, सपा-कांग्रेस व अन्य सेक्युलर दल इसकी मांग करते थे। एसआईटी की रिपोर्ट पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई, लेकिन सपा-कांग्रेस ने पावन धाम आयोध्या को बदमान करने की मुहिम चला रखी है। राम जन्मभूमि को बदमान करने और आस्था पर प्रहार करने का कार्य किया जा रहा है। सपा के लोग कह रहे हैं कि अयोध्या की घटना से आस्था आहत हुई है। जिन्होंने रामभक्तों पर गोलियां चलाई हों, वे किस मुंह से आस्था की बात करते हैं?

**तुष्टीकरण की राजनीति पर कड़ा प्रहार**

सीएम ने तुष्टिकरण की राजनीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस ने वक्फ कानून का विरोध किया, नागरिकता कानून का विरोध किया। ये लोग विकास का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल के निर्माण में खर्च करते थे, जबकि आज वही पैसा बथुआ धाम (बिजेथुआ महावीरन धाम) जैसे पवित्र मंदिरों के सौंदर्यीकरण और विकास पर खर्च हो रहा है। पहले 'चाचा-भतीजे' की जोड़ी युवाओं की नियुक्तियों और जमीनों पर डकैती डालती थी, जबकि वर्तमान सरकार ने बिना भेदभाव पूरी पारदर्शिता के साथ 9 वर्षों में 9 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरियां दी हैं। गत वर्ष पुलिस भर्ती में सुल्तानपुर के भी सैकड़ों युवाओं को भी नौकरी मिली है।

**माफिया राज बनाम मेडिकल कॉलेज**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कोई भी सार्वजनिक जमीन दिखने पर सपा का गुंडा पार्टी का झंडा लगाकर कब्जा कर लेता था। हमारी सरकार आई तो गुंडों के कब्जे से 64 हजार एकड़ जमीन खाली कराई गई। पिछली सरकार हर जनपद में एक माफिया और हर थाना क्षेत्र में गुंडा पालती थी, जो गरीबों, व्यापारियों और बेटियों को प्रताड़ित करते थे। लेकिन हमारी डबल इंजन सरकार हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रही है। सुल्तानपुर में अब अपना मेडिकल कॉलेज संचालित हो चुका है और आज यहां नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए शिलान्यास भी किया गया है, जो बेटियों के लिए शत-प्रतिशत प्लेसमेंट की गारंटी बनेगा।

**शानदार कनेक्टिविटी और इंडस्ट्रियल क्लस्टर**

2017 से पहले की बदहाल कानून-व्यवस्था और ठप पड़े विकास कार्यों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सुल्तानपुर बेहतरीन कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है।

# ग्राम पंचायत केल्हौरी में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रही धज्जियां ।

**समाज जागरण**

चचाई ----ग्राम पंचायत केल्हौरी चचाई में खुलेआम स्वच्छता की धज्जियां उड़ रही है स्वच्छता के कार्यक्रम और दीवार लेखन तक सीमित यह आदर्श ग्राम पंचायत गंदगी का टापू बनता जा रहा है चचाई कॉलोनी सहित पूरे गांव में केवल 20 वार्डों में छह वार्ड केल्हौरी मौहार टोला मे जबकि 14 वार्ड विद्युत नगरी चचाई में है जहां 14 वार्डों में साफ सफाई का जिम्मा मंडल के सिविल विभाग से साल भर चलता रहता है जबकि कैलोरी पंचायत केवल 6 वार्ड में ही ध्यान देती है इसके बावजूद पंचायत के सबसे बड़े वार्ड 6 नंबर में नाली निर्माण बना पानी निकासी की व्यवस्था साथ ही नाली की सफाई ना करवाने से आज आवासीय कॉलोनी गंदगी का टापू बना हुआ है लोग केवल गाड़ी में बैठकर ही सड़क पर चल पा रहे हैं नाली का जमा सड़क पर गंदे पानी



से कॉलोनी वासियों का बुरा हाल है इसी वार्ड में चार छोटे-छोटे बच्चों के स्कूल संचालित हैं जिनका निकलना मुश्किल हो गया है।

स्थानीय रह वासियों ने कई बार सरपंच सचिव से नाली सफाई हेतु फरियाद की लेकिन पंचायत के जवाबदारों के अनसुना करने से आज इस वार्ड में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है कई बार स्थानीय लोग स्वयं पैसा लगा सफाई भी करवाते देखे गए किंतु पानी निकासी न बनने से प्रतिदिन पंचायत की सड़क गंदगी का तालाब बनी रहती है।यही हाल ग्राम केल्हौरी के कुछ वार्डों में गर्मी के समय पर भी सड़कों में नाली न होने से घरों का गंदा पानी पूरे सड़क में बहकर बरसात जैसा मौसम दिखाई देता है। वार्ड नंबर 6 के रहवासी कॉलोनी में केवल एक कचरा घर केल्हौरी मुख्य मार्ग पर बना दिया जबकि रहवासी कॉलोनी में एक भी कचरा घर पंचायत द्वारा नहीं बनाया गया मौहार टोला में बड़े-बड़े जनप्रतिनिधि नेताओं के रहने के बाद भी इस वार्ड में सुविधाओं को लोग तरस रहे हैं पंचायत में स्वच्छता के तहत एक कचरा गाड़ी भी है जो लोगों को कभी देखने को नहीं मिली।

# तीन जिलों में एक साथ पदस्थ था रिश्वतखोर डॉक्टर! जांच में बड़ा खुलासा, अधिकारियों पर भी गिरेगी गाज

**समाज जागरण**

शहडोल। रीवा लोकायुक्त द्वारा ₹5,000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए सरकारी डॉक्टर डॉ. महेश चंद्र शर्मा से जुड़े मामले में अब एक और बड़ा खुलासा हुआ है। जांच में सामने आया है कि आरोपी डॉक्टर एक ही समय में शहडोल के जयसिंहनगर के उफरी अस्पताल में थे और श्योपुर तथा खरगोन–तीनों जिलों में पदस्थापना का रिकॉर्ड रखता था। इस चौंकाने वाले खुलासे के बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शहडोल और श्योपुर के बाद अब खरगोन में भी डॉ. शर्मा की पदस्थापना से जुड़े दस्तावेज सामने आए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने रिकॉर्ड की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। खरगोन कलेक्टर ने कहा है कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। यदि रिकॉर्ड में गड़बड़ी या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि एक ही सरकारी डॉक्टर एक ही समय में तीन अलग-अलग जिलों में कैसे पदस्थ रहा? क्या यह

केवल प्रशासनिक लापरवाही थी या फिर किसी बड़े संगठित भ्रष्टाचार का हिस्सा? इस पूरे मामले में किन अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका रही, इसकी भी जांच की जा रही है। फिलहाल जांच जारी है और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस मामले में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर एकलव्य विद्यालय पाली में राष्ट्रवाद एवं युवा पंजीकरण अभियान का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली -- 06 जुलाई 2026: महान राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद् एवं अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जन्म-जयंती के अवसर पर सोमवार को पाली ब्लॉक स्थित एकलव्य विद्यालय में एक गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया।



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय युवा भारत माय भारत के तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था।

न्यायाधीश तारा मार्को ने दिया मार्गदर्शन, माय भारत से जुड़ने का आह्वान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यवहार न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री तारा मार्को एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में माय युवा भारत के जिला अधिकारी श्री उमा शंकर त्रिवेदी उपस्थित रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सुश्री तारा मार्को ने अपने उद्बोधन में कहा, "डॉ. मुखर्जी का जीवन अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्र-समर्पण का आदर्श उदाहरण है। युवाओं को अपने संवैधानिक अधिकारों के साथ कर्तव्यों को भी समझना होगा। तभी हम समाज में न्याय और समानता स्थापित कर सकेंगे। आप सभी एक जिम्मेदार नागरिक बनें।" जिला अधिकारी श्री उमा शंकर त्रिवेदी ने 'माय युवा भारत' मंच की जानकारी देते हुए 'सघन पंजीकरण अभियान' पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, "सभी युवा माय भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराएं। यह डिजिटल मंच आपकी प्रतिभा को मंच देगा और आपको राष्ट्र निर्माण के अभियानों से सीधे जोड़ेगा।" छात्रों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. मुखर्जी के जीवन-संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान पर आधारित नाटक, भाषण एवं कविता प्रस्तुत कर सभी को भाव-विभोर कर दिया। पाली ब्लॉक के स्थानीय युवाओं ने भी कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों का स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया।

सभी उपस्थित जनों ने डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने तथा माय ऐप से जुड़कर आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान का संकल्प लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# जांच और विवादों के बीच रोजगार सहायक को मिला वित्तीय प्रभार,कलेक्टर से हुई शिकायत

**समाज जागरण**

जनसुनवाई में मंगलवार को जनपद पंचायत मानपुर की ग्राम पंचायत समरकोईनी में रोजगार सहायक सितेश तिवारी को वित्तीय प्रभार दिए जाने का मामला फिर चर्चा में आ गया।सामाजिक कार्यकर्ता अजेश चौधरी ने कलेक्टर राखी सहाय को शिकायत सौंपते हुए आरोप लगाया कि गंभीर आरोपों और लंबित मामलों के बावजूद सितेश तिवारी को 1 जुलाई 2026 को वित्तीय प्रभार सौंप दिया गया।शिकायत में दावा किया गया है कि रोजगार सहायक के विरुद्ध वसूली,कथित फजीर्वाड़ा, आपराधिक प्रकरण,लंबित न्यायालयीन मामला तथा विभिन्न जांच रिपोर्टें लंबित हैं।इसके बावजूद उन्हें वित्तीय अधिकार दिए जाना नियमों और पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।आपको बता दे पंचायत चुनाव में शिकायतकर्ता अजेश चौधरी सरपंच पद के प्रत्याशी रहे है,पर दुर्भाग्य से हार गए थे। शिकायतकर्ता ने शिकायती प्रपत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना में कथित अनियमितता,फर्जी मस्टर रोल,कथित फर्जी मेडिकल प्रमाणपत्र तथा पूर्व जांच में शिकायतों के सही पाए जाने का भी उल्लेख किया है।शिकायतकर्ता का कहना है कि इन गंभीर बिंदुओं की अनदेखी कर वित्तीय प्रभार दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है।शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर वित्तीय प्रभार संबंधी आदेश निरस्त करने, साथ ही इस निर्णय में शामिल संबंधित अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है।





# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में भ्रष्टाचार की सभी सीमाएँ पार?

## बंधवावारा-घुनघुटी के बीच करोड़ों के निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं के आरोप,रेल संरक्षा से खिलवाड़ का अंदेशा

**समाज जागरण**

उमरिया -- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत कटनी-बिलासपुर मुख्य रेलखंड पर बंधवावारा-घुनघुटी के मध्य किलोमीटर 922 से 924 के बीच करोड़ों रुपये की लागत से कराए जा रहे नाली निर्माण एवं सेस रिपेयर (Cess Repair) कार्यों में गंभीर वित्तीय एवं तकनीकी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय नागरिकों, रेलवे कर्मचारियों तथा निर्माण कार्य से जुड़े जानकारों का आरोप है कि निर्माण में निर्धारित गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी पूरे मामले में मूकदर्शक बने हुए हैं।



**मिट्टीयुक्त रेत से बन रही करोड़ों की नाली**

आरोप है कि रेलवे ट्रैक के समानांतर बनाई जा रही नाली में स्वीकृत मानकों के अनुरूप साफ एवं गुणवत्तापूर्ण रेत के स्थान पर मिट्टीयुक्त एवं घटिया रेत (बालू) का उपयोग किया जा रहा है। निर्माण स्थल पर पड़ी सामग्री को देखकर प्रथम द्दष्टया ही उसकी गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न उठ रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि रेलवे ट्रैक के समीप होने वाले प्रत्येक निर्माण कार्य में उच्च गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग अनिवार्य होता है। यदि कमजोर सामग्री से निर्मित नाली वर्षा के दौरान धंसती है या मिट्टी का कटाव होता है तो उसका सीधा प्रभाव रेलवे ट्रैक की स्थिरता पर पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में रेल परिचालन बाधित होने के साथ-साथ किसी बड़े हादसे की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

**सेस रिपेयर में भी गुणवत्ता पर सवाल**

इसी स्थान किमी 922 से 924 के बीच रेलवे ट्रैक के सेस रिपेयर का कार्य भी कराया गया है। आरोप है कि इस कार्य में आवश्यक तकनीकी मानकों के अनुरूप कम्पेक्शन नहीं किया गया। कई स्थानों पर केवल औपचारिक रूप से मिट्टी डालकर कार्य पूर्ण दर्शा दिया गया, जबकि वास्तविक रूप से निर्धारित गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की गई।

सूत्रों का यह भी दावा है कि जिन कार्यों का वास्तविक निष्पादन नहीं हुआ, उन्हें भी मापन अभिलेख (एमडीओ/एमबी के आधार पर) में दर्शाकर भुगतान प्राप्त कर लिया गया। यदि यह आरोप जांच में सही पाए जाते हैं तो यह सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर मामला होगा।

विजिलेंस की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में रेलवे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी के लिए इंजीनियरिंग विभाग, गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र तथा रेलवे विजिलेंस जैसी व्यवस्थाएं मौजूद हैं। इनका दायित्व निर्माण सामग्री की जांच, नमूनों का परीक्षण, मापन पुस्तिका का सत्यापन तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करना होता है।

बताया जाता है कि संबंधित कार्य लगभग एक वर्ष से चल रहे हैं। यदि प्रारंभ से ही गुणवत्ता संबंधी अनियमितताएं हो रही थीं, तो प्रश्न उठता है कि संबंधित अधिकारियों एवं रेलवे विजिलेंस ने समय रहते कार्रवाई क्यों नहीं की? यही कारण है कि अब रेलवे विजिलेंस अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में आ गई है। निर्माण स्थल पर कथित रूप से मानकों के विपरीत सामग्री का उपयोग होने के बावजूद यदि भुगतान स्वीकृत हुए हैं, तो यह जांच का विषय है कि सामग्री परीक्षण, कम्पेक्शन रिपोर्ट, प्रयोग शाला जांच, मापन पुस्तिका तथा गुणवत्ता प्रमाणन किस आधार पर किया गया। भुगतान प्रक्रिया की भी हो फोरेंसिक जांच

जानकारों का कहना है कि इस कार्य में करोड़ों रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसलिए प्रत्येक बिल, मापन पुस्तिका (Measurement Book, कम्पेक्शन रिपोर्ट, सामग्री परीक्षण रिपोर्ट, गुणवत्ता प्रमाणपत्र तथा वास्तविक स्थल की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाना आवश्यक है। साथ ही यह भी जांच हो कि कहीं बिना कार्य किए अथवा कम कार्य कर अधिक भुगतान तो नहीं किया गया।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि किलोमीटर 922 से 924 के मध्य कराए गए नाली निर्माण एवं सेस रिपेयर कार्य की रेलवे बोर्ड, मुख्य सतर्कता आयोग (CVC) अथवा किसी स्वतंत्र तकनीकी एजेंसी से उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

यदि जांच में घटिया निर्माण, फर्जी मापन, बिना कार्य भुगतान, गुणवत्ता से समझौता अथवा अधिकारियों एवं ठेकेदार की मिलीभगत सिद्ध होती है, तो संबंधित अधिकारियों, गुणवत्ता नियंत्रण अधिकारियों, रेलवे विजिलेंस अधिकारियों तथा ठेकेदार के विरुद्ध विभागीय एवं आपराधिक कार्रवाई करते हुए रेलवे को हुई आर्थिक क्षति की वसूली सुनिश्चित की जाए। रेल संरक्षा से जुड़े इस मामले ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की निर्माण गुणवत्ता, निगरानी व्यवस्था और विजिलेंस तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि रेलवे प्रशासन इन आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करता है या फिर करोड़ों रुपये के निर्माण कार्यों पर उठे सवाल यूं ही दबा दिए जाते हैं।

# वर्षों की प्यास बुझाने की पहल: उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी के प्रयासों से वार्ड क्रमांक 9 रंजीत दफाई तक पहुंची जलापूर्ति, लोगों ने कहा जिसे सबने टाला, उसे इन्होंने कर दिखाया"

**वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का समाधान, अब घरों तक पहुंचेगा स्वच्छ पानी**

**समाज जागरण**

अनूपपुर। नगर परिषद बरगवां-अमलाई के वार्ड क्रमांक 9 स्थित रंजीत दफाई में लंबे समय से पेयजल संकट लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या बना हुआ था। गर्मी हो या सामान्य दिन, क्षेत्र के निवासियों को पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। स्थानीय लोगों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रखी, लेकिन समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। परिणामस्वरूप लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती गई।

इसी बीच क्षेत्र के कुछ जागरूक नागरिकों ने नगर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी से संपर्क कर पूरी स्थिति से अवगत कराया। समस्या की गंभीरता को समझते हुए उपाध्यक्ष ने इसे केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि तत्काल समाधान की दिशा में प्रयास प्रारंभ कर दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तकनीकी विकल्पों पर काम कराया और स्थायी जलापूर्ति की योजना तैयार करवाई।

बाधाओं को बनाया सफलता की सीढ़ी, पाइपलाइन के माध्यम से रंजीत दफाई तक पहुंचाया पानी

नगर परिषद क्षेत्र में हाल ही में कराए गए लगभग एक दर्जन नए बोरवेलों में से वार्ड क्रमांक 9 अमलाई मोहड़ा में किए गए बोरवेल को इस योजना से जोड़ा गया। यहां 3 एचपी क्षमता का पंप स्थापित करने की योजना बनाई गई, जिसके माध्यम से पाइपलाइन बिछाकर रंजीत दफाई तक जलापूर्ति पहुंचाने का निर्णय लिया गया। कार्य के दौरान कई तकनीकी और व्यवस्थागत चुनौतियां सामने आईं, लेकिन उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी ने स्वयं लगातार निगरानी करते हुए हर बाधा का समाधान कराया। उनके दृढ़ संकल्प और जनसेवा की भावना के चलते अंततः पाइपलाइन का कार्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ और अब रंजीत दफाई के लोगों को नियमित पेयजल उपलब्ध होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कार्य केवल एक पाइप लाइन बिछाने का नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही एक गंभीर समस्या का स्थायी समाधान है। इससे क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें अब पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। जनता ने सराहा जनसेवक का जज्बा, कहा–"डॉ. राज तिवारी ने वादे नहीं, काम करके दिखाया"

जलापूर्ति शुरू होने की खबर से वार्ड क्रमांक 9 रंजीत दफाई के लोगों में खुशी का माहौल है। क्षेत्रवासियों ने उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों से चली आ रही समस्या को गंभीरता से लिया और बिना किसी राजनीतिक दिखावे के उसका समाधान कर दिया।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को कई बार विभिन्न स्तरों पर उठाया, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। जैसे ही उन्होंने उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी को स्थिति बताई, उन्होंने बिना समय गंवाए कार्य शुरू कराया और परिणाम आज सबके सामने है।

क्षेत्र में यह चर्चा भी आम है कि उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी विकास कार्यों, जनसरोकारों और सेवा भावना को अपनी प्राथमिकता मानते हैं। उनका मानना है कि जनप्रतिनिधि का सबसे बड़ा दायित्व जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना है और इसी सोच के साथ वे लगातार नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दे रहे हैं।

रंजीत दफाई तक जलापूर्ति पहुंचना केवल एक विकास कार्य नहीं, बल्कि यह इस बात का उदाहरण है कि यदि जनप्रतिनिधि इच्छाशक्ति, संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करें तो वर्षों पुरानी समस्याओं का भी समाधान संभव है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि भविष्य में भी नगर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. राज तिवारी इसी प्रकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास की नई मिसाल कायम करेंगे।

# 100-200 गांव संभाल रहे आत्मा कर्मचारी

**सारथी ऐप की बाध्यता से महिला स्टाफ बेहाल कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ ने CM को लिखा पत्र, उपस्थिति से छूट की मांग**

**समाज जागरण**

उमरिया -- मध्यप्रदेश शासन ने वर्ष 2026 को "किसान कल्याण वर्ष" घोषित किया है, लेकिन धरातल पर योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाले आत्मा परियोजना के कर्मचारी ही परेशान हैं। कृषि तकनीकी संविदा कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर उमरिया को ज्ञापन सौंपकर "सारथी ऐप" पर उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता से मुक्त करने की मांग की है।





**क्या है पूरा मामला?**

संघ के जिला अध्यक्ष आर. दीपक पटेल ने पत्र में लिखा कि आत्मा परियोजना के ATMA/BTM कर्मचारी ही कृषि विभाग की अंतिम कड़ी हैं। यही कर्मचारी प्राकृतिक खेती, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजनाओं को प्रत्येक कृषक तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। लेकिन विभाग द्वारा सभी जिलों में कर्मचारियों को सारथी ऐप पर उपस्थिति दर्ज करने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे फील्ड में काम कर रहे कर्मचारियों को भारी दिक्कत हो रही है।

**5 बड़ी समस्याएं गिनाई**

पत्र में संघ ने निम्न समस्याएं बताईं: कार्य का बोझः अधिकांश महिला कर्मचारी हैं। 1 कर्मचारी को 100 से 200 गांव देखना पड़ रहे हैं। साथ में सोयाबीन भंडारण, धान खरीदी, बाढ़ वितरण, SIR सर्वे जैसे अन्य विभागों का काम भी दिया जा रहा है। समय की पाबंदी नहीं: फील्ड का काम किसानों की उपलब्धता पर निर्भर है। कभी-कभी रात तक गांव में रुकना पड़ता है। महिला कर्मचारियों के लिए देर रात घर लौटना संभव नहीं। ऐप की तकनीकी दिक्कतः फील्ड में सूर्यास्त 5:30 PM तक हो जाता है, जबकि कर्मचारी सुबह 8:00 AM से शाम 5:00 PM तक फील्ड में रहते हैं। इससे चेक इन/चेक आउट में समस्या आती है। परिवहन की दिक्कतः कई महिला कर्मचारी वाहन नहीं चलातीं। उन्हें पब्लिक ट्रांसपोर्ट से दूरदराज गांव जाना पड़ता है। समय से वापसी नहीं होने पर उपस्थिति दर्ज नहीं हो पाती।

बुनियादी सुविधा का अभावः फील्ड में मुख्यालय के अलावा बैठने या शौचालय जैसी कोई शासकीय व्यवस्था नहीं है।

**संघ की मांग**

संघ ने मुख्यमंत्री से विनम्र निवेदन किया है कि उक्त वास्तविक समस्याओं को देखते हुए कृषि विभाग की आत्मा परियोजना के कर्मचारियों को सारथी ऐप पर उपस्थिति दर्ज कराने की बाध्यता से मुक्त रखा जाए, ताकि वे बिना दबाव के किसानों की सेवा कर सकें।

संघ का कहनाः "हम किसान हित में 24 घंटे काम करने को तैयार हैं, लेकिन फील्ड की हकीकत को समझते हुए नियमों में लचीलापन जरूरी है।"

# बैंकों की बहानेबाजी से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**बैंक कर्मियों की लापरवाही से खतरे में बचत खाते**

**समाज जागरण**

धनपुरी। एक तरफ विविध संचार माध्यमों से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बैंक खातों की सुरक्षा के संबंध में नागरिकों को सचेत कर रहा है वहीं स्थानीय बैंक लटका और भटका कर स्थानीय उपभोक्ताओं के खातों को खतरे में डाल रहे हैं ।

किसी भी बैंक खाते की सुरक्षा एवं लेनदेन की जानकारी का प्रमुख कवच मोबाइल नंबर होता है । कुछ समय से महंगे और सीमित दिनों के रिचार्ज ऑप्शन से बहुत से उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बंद हो रहे हैं या बदल रहे हैं, इस जानकारी के बावजूद स्थानीय बैंक शाखाओं में त्वरित रूप से मोबाइल नंबर अपडेट करने की बजाय खाता धारकों को महीनों लटका कर भटकाया जाता है, जिससे संबंधित बैंक खातों की सुरक्षा पर खतरा मंडराता रहता है। धनपुरी में एक निजी बैंक को छोड़कर अन्य सार्वजनिक बैंकों में स्थिति बदहाल है, उनमें भी बैंक ऑफ बड़ौदा हमेशा से खाता धारकों की परेशानी का कारण बना हुआ है । बहुत कम उपभोक्ता होंगे जिनके बैंक संबंधित काम समय पर हो पाते होंगे, अन्यथा ज्यादातर उपभोक्ताओं के पैर बैंक शाखा के चक्कर लगाते लगाते सूज जाते हैं । बैंक संबंधी अन्य कार्यों के साथ ही मोबाइल नंबर अपडेट करवाने के लिए बैंक में कई बार जाने के बाद भी उपभोक्ताओं के हाथ मायूसी ही लगती है । कभी आधार अपडेट करवाने की बात कहकर टाल मटोल किया जाता है तो कभी हस्ताक्षर अपडेट करवाने की बात कहकर बार बार केवाईसी करवाई जाती है । सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद भी काम न करने के लिए बैंक कर्मी अक्सर जिस अचूक ब्रह्मास्त्र का उपयोग करते हैं, वो है सर्वर की समस्या । सर्वर डाउन होने का बहाना बनाकर बैंक कर्मी किसी भी काम को महीनों क्या सालों अटकाए रहते हैं और इस अचूक बहानेबाजी पर कोई प्रश्न भी खड़ा नहीं कर पाता । एआई और उन्नत तकनीक के कालखंड में आज भी बैंक कर्मी दशकों पुराना सर्वर का बहाना बनाकर उन उपभोक्ताओं की संवेदना, समय और ऊर्जा को ठगते हैं, जिनकी सेवा और सुविधा के लिए उनकी नियुक्ति की जाती है और जिसकी एवज में उन्हें वेतन मिलता है । हर सरकारी कर्मचारी की तरह बैंक कर्मी भी अपनी सैलरी में नियमित बढ़ोतरी तो चाहते हैं लेकिन ड्यूटी में उसी अनुपात में गिरावट स्वतः ही नजर आने लगती है । इन दिनों बैंक ऑफ बड़ौदा धनपुरी में अधिकतर नए कर्मचारी तैनात हैं और उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत दर्ज करने पर वे अपनी नई नियुक्ति या अनुभवहीनता की आड़ लेकर अपनी अयोग्यता एवं अकर्मठता को ढकने का कार्य करते हैं। कई उपभोक्ताओं ने परेशान होकर बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग किया है कि बैंक खातों की सुरक्षा के द्दष्टिगत बैंक उपभोक्ताओं के आवश्यक कार्य त्वरित एवं सुचारू ढंग से संपन्न कराने हेतु अनुभवी एवं योग्य कर्मचारियों की तत्काल नियुक्ति की जाए ।

# प्रशासन रसूखदारों के आगे नतमस्तक नहीं होना चाहिए – पूर्व मंत्री राजा पटेरिया

**खजुराहो एयरपोर्ट विवाद पर कलेक्टर की भूमिका पर उठाए सवाल, राज्यपाल और मुख्य सचिव से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग**

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह/छतरपुर। खजुराहो एयरपोर्ट पर उद्योगपति अनंत अंबानी के आगमन के दौरान छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल की कथित मौजूदगी को लेकर दमोह जिले के हटा से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री राजा पटेरिया ने सरकार और प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने राज्यपाल और मुख्य सचिव को शिकायत भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की मांग की है। राजा पटेरिया ने कहा कि यदि एक निजी उद्योगपति के स्वागत के लिए छतरपुर कलेक्टर स्वयं एयरपोर्ट पहुंचे, तो यह प्रशासनिक मयार्दा और अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमों की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि प्रशासन स्पष्ट करे कि कलेक्टर किस नियम, शासकीय आदेश या प्रोटोकॉल के तहत एयरपोर्ट पहुंचे थे। यदि ऐसा कोई आदेश नहीं था, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। पूर्व मंत्री ने कहा कि किसी निजी व्यक्ति की यात्रा में कलेक्टर की मौजूदगी कई गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने राज्यपाल और मुख्य सचिव से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि सेवा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाए। राजा पटेरिया ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, आज किसान और आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर महीनों सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते हैं। कलेक्टर से मिलने के लिए समय लेना पड़ता है, लेकिन दूसरी ओर उद्योगपति के स्वागत के लिए कलेक्टर स्वयं एयरपोर्ट पहुंच जाते हैं। प्रशासन जनता का है, किसी रसूखदार का नहीं। प्रशासन रसूख दारों के आगे नतमस्तक नहीं होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और आंदोलन कर जवाबदेही तय करने की मांग करेगी।

हालांकि, शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि जांच की मांग सार्वजनिक रूप से प्रसारित वीडियो और मीडिया रिपोर्ट के आधार पर की गई है तथा पूरे मामले के तथ्यों की पुष्टि सक्षम प्राधिकारी द्वारा की जानी शेष है।

# कुसमी वन चौकी के पास शिवलिंग खंडित, ग्रामीणों में आक्रोश

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

कुम्हारी। थाना कुम्हारी क्षेत्र के कुसमी वन विभाग चौकी के समीप स्थित भगवान शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग खंडित मिलने से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई।

ग्रामीणों के अनुसार घटना 3 जुलाई 2026 के आसपास की बताई जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात असामाजिक तत्वों ने शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।





मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में अजय राजपूत, नीतेश राजपूत, अनुष राजपूत, परसू यादव, उत्तम यादव, सरजू यादव, भल्लू गौंड, फकीरा गौंड, धर्मेंद्र यादव, प्रकाश गोंड, प्रेमलाल यादव, गंगाराम यादव एवं सेवक गौंड सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने राजकीय जिला पुस्तकालय का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/ शिव प्रताप सिंह**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज राजकीय जिला पुस्तकालय का औचक निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय परिसर की स्वच्छता, अध्ययन कक्ष, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, बैठने की सुविधा, पुस्तक संग्रह, डिजिटल संसाधनों तथा पाठकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान पुस्तकालय में उपलब्ध सभी मूलभूत सुविधाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल पुस्तकों का संग्रहालय नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य निर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र है। ऐसे में यहां गुणवत्तापूर्ण, अद्यतन एवं उपयोगी अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना



अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुस्तकालय में संघ लोक सेवा आयोग (UPSC), उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPSC), एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, पुलिस भर्ती, एनडीए, सीडीएस, टीईटी, सीटीईटी, नीट, जेईई तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित नवीनतम पुस्तकों, संदर्भ ग्रंथों, राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं एवं करंट अफेयर्स सामग्री की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद के विद्यार्थियों एवं युवाओं को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें। निरीक्षण के उपरांत जिला धिकारी ने राजकीय जिला पुस्त कालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में पुस्तकालय के समग्र विकास, सदस्यता विस्तार, डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना, ई-ग्रंथालय पोर्टल से अधिकाधिक पाठकों को जोड़ने, करियर काउंसिलिंग एवं तनाव प्रबंधन कार्यशालाओं के नियमित आयोजन तथा पुस्तकालय को आधुनिक तकनीक से सुसज्जित किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुस्तकालय की सदस्य संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अंतर्गत जनपद के राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्या लयों, महाविद्यालयों,
विश्व विद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को पुस्त कालय की सदस्यता से जोड़ने के लिए व्यापक जनजागरू

कता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही सूचना विभाग के सहयोग से पुस्तकालय की गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए ई-लाइब्रेरी, कंप्यूटर एवं टैबलेट जैसी आधुनिक सुविधाओं का विस्तार किया जाए तथा पुस्तकालय को विद्यार्थियों, शोधार्थियों और आम नागरिकों के लिए अधिक उपयोगी एवं आकर्षक बनाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकालय में समय-समय पर प्रेरक व्याख्यान, पुस्तक परिचर्चा, करियर मार्गदर्शन एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल सके। बैठक में पुस्तकालय के दीर्घकालिक विकास हेतु सीएसआर (CSR) के माध्यम से बहुउद्देशीय हॉल, डिजिटल लाइब्रेरी तथा अन्य आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के विकास की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय जिला पुस्तकालय को जनपद में ज्ञान, अध्ययन, नवाचार एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षा की तैयारी का उत्कृष्ट केंद्र बनाया जाएगा, जिससे अधिकाधिक युवा लाभान्वित होकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विद्याल निरीक्षक जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला पुस्तकालयाध्यक्ष सहित अन्य संबंधितगण उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू महासंघ का महाभियान; श्री कृष्ण जन्मभूमि : आचार्य डॉ. हरिओम पाठक

•~ सिद्धेश्वर सिद्धपीठ झांसी में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु 16 अगस्त को की जाएगी एक व्यूह रचना

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी की वर्चुअल बैठक विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष भिखारी प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश धमार्चार्य प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य डॉ. हरिओम पाठक ने कहा कि प्राचीन श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा के पक्ष में सारे पौराणिक, ऐतिहासिक व संवैधानिक साक्ष्य होते हुए भी जबरदस्ती ईदगाह का बने रहना, सनातन संस्कृति का घोर अपमान है। हम इसे कत्तई बर्दाश्त नहीं करेंगे। विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि,उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपी ठाधीश्वर लोक सन्यासी योगी आदि त्यनाथ महाराज जी ने कहा है कि, अब बारी है बांके बिहारी की, कृष्ण कन्हैया बंसी वाले



की। इसी संदर्भ में आगामी 16 अगस्त को सिद्धेश्वर सिद्ध पीठ झांसी में प्रदेश पदाधिकारियों के साथ श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु एक व्यूह रचना की जाएगी।वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रदेव सिंह ने कहा कि,राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्य नाथ महाराज जी की पुण्यतिथि से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन का श्री गणेश किया जाए। प्रकोष्ठों के अध्यक्ष गण गंगा शर्मा कौशिक, गंगा धाकड़, रुद्र कुमार पाठक, प्रवीण सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष गण जयशंकर केसरी , दीपक शुक्ला, राजेश्वरी प्रसाद विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, विनोद जैन, आशा प्रजापति, अखिलेश मिश्रा ने कहा कि, झांसी की बैठक में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति हेतु एक व्यापक रणनीति बनाई जाए।क्षेत्रीय अध्यक्ष गण शरद परमार, दीपक त्रिपाठी, श्याम बाबू शर्मा, आशा सभरवाल, आशा शर्मा, नीलम गिरी, डॉ गिरीश चंद्र द्विवेदी, श्री
श्री 1008 महामंडलेश्वर माँ किरन नंदगिरी, क्षेत्रीय महामंत्री गण राजेंद्र शर्मा, श्रीवंत तिवारी संभाग प्रभारी गण संजय शुक्ला, पंकज वालिया, उमेश प्रजापति, मनोज श्रीवास्तव व मंडल प्रभारी गण राजेश शर्मा, बृजेश तिवारी, अंकित उपाध्याय, प्रिंस देव शर्मा , अनुज सिंह, डॉ सतीश गौतम, लव कुमार, अभिषेक कठेरिया, संतराम पेंटर, संगीता मिश्रा, सुनीता मेहता व सुमन पटेल इत्यादि ने कहा कि, श्री कृष्ण जन्मभूमि को हम जनांदोलन बनाएंगे।

# वन महोत्सव का आयोजन; गुरुद्वारा इंटरमीडिएट कॉलेज चोपन में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधों का वितरण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज चोपन स्थित गुरुद्वारा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण एवं आम के पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही विद्यालय में वन महोत्सव का भी आयोजन किया गया, जिसमें वन विभाग के अधिकारियों और विद्यालय प्रशासन ने संयुक्त रूप से सहभागिता की।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय वन अधिकारी (डाला) इंद्रजीत पाल ने दीप प्रज्वलित कर वन महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण संतुलन और




मानव जीवन में पेड़-पौधों के महत्व के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जीवन में पौधों का महत्व और पर्यावरण चेतना विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि इंद्रजीत पाल ने कहाः "पेड़-पौधे केवल पर्यावरण की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि ये हमारे जीवन की प्राणवायु हैं। ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्षारोपण ही एकमात्र ऐसा उपाय है जो आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य दे सकता है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति को अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा से जोड़ना है।"विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भी छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि एक संतान की तरह उसकी देखभाल कर उसे वृक्ष बनाना हम सभी का नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों ने संकल्प लिया कि वे अपने द्वारा लगाए गए पौधों की सुरक्षा और सिंचाई का पूरा ध्यान रखेंगे।
आम के पौधों का हुआ वितरण; वन महोत्सव के इस विशेष अवसर पर पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ के बीच भारी संख्या में फलदार आम के पौधों का वितरण किया गया। बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ पौधों को ग्रहण किया और उन्हें अपने घरों व आसपास रोपने का संकल्प लिया। इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति; इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में वन विभाग और विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेः इंद्रजीत पाल (क्षेत्रीय वन अधिकारी, डाला) अनिल कुमार (डिप्टी रेंजर) अंकित सिंह (वन दरोगा) बृजनंदन यादव (वन दरोगा) लालू और इरफान खान (वन कर्मी) इसके साथ ही गुरुद्वारा इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और पर्यावरण संरक्षण के नारों के साथ हुआ।

# सपा का साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान सम्पन्न; पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प, चोपन जोन में रोपे गए सैकड़ों पौधे

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहा साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान मंगलवार को अपने अंतिम दिन बेहद उत्साह और संकल्प के साथ संपन्न हुआ। प्रदेश व्यापी इस अभियान के तहत समाज वादी पार्टी चोपन के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने विधानसभा अंतर्गत चोपन जोन के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधरोपण किया। अभियान के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने 'PDA जननायक' माननीय अखिलेश यादव जी के विजन को रेखांकित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की अपील पर पूरे प्रदेश में पर्यावरण चेतना की एक नई लहर दौड़ी है। कार्यकताओं ने सक्रियता पूर्वक क्षेत्र के अलग-अलग गांवों, चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सैकड़ों फलदार और छायादार पौधे



रोपे। "बढ़ते प्रदूषण और असंतुलित होते मौसम चक्र के बीच पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। मानव जीवन को दूषित पर्यावरण के खतरों से बचाने के लिए हर नागरिक को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए।" इस वृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं ने स्थानीय नागरिकों को भी पौधे वितरित किए और उनसे प्रकृति को बचाने में सहयोग की अपील की। कार्यकताओं में अपने नेता के जन्मदिन और पर्यावरण संरक्षण के इस दोहरे उत्सव को लेकर भारी जोश देखने को मिला। इस गरिमामयी और पुनीत कार्य के अवसर पर अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नजमुद्दीन इदरीसी, नगर अध्यक्ष चोपन रमेश सोनी, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सतीश कुमार यादव, विधानसभा सचिव सत्यदेव पांडे, छात्र सभा के प्रदेश सचिव अभिषेक दुबे, उपेंद्र सेन, अजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, प्रदुम मौर्य, अनिल यादव, सलीम कुरैशी सहित भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बनलही के सैकड़ों ग्रामीणों ने मूलभूत बुनियादी सुविधाओं को लेकर डीएम कार्यालय पर किया धरना - प्रदर्शन

•~ पेयजल विद्युत शिक्षा आवागमन को लेकर की आवाज बुलंद, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। रावर्ट्सगंज विकास खण्ड के ग्राम पंचायत मारकुण्डी के टोला बनलही के सैकड़ो ग्रामीण ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। इस बाबत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी सोनभद्र को एक ज्ञापन सौंप अबिलंब निस्तारण कराये जाने की मांग की।
सौंपे गये मांग पत्र मे ग्रामीणों ने कहा है कि गांव के लोग आज भी पेयजल, विद्युत, आवागमन एवं शिक्षा जैसे मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, जबकि गांव जिला मुख्यालय से महज पांच किलोमीटर की परिधि में आता है। टोले में नमामि गंगे मिशन योजनान्तर्गत पेयजल हेतु 'हर घर नल जल' योजना के तहत



न तो पाइप लाइन का कार्य हुआ और न ही गृह संयोजन का कार्य हुआ है, जिससे ग्रामीण उक्त महत्वाकांक्षी योजना से वंचित होते जा रहे हैं। कार्यदायी संस्था द्वारा उक्त योजना न्तर्गत कोई कार्य टोले में नहीं कराया गया है जबकि इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था से कई बार अवगत कराया गया और सम्बन्धित ठेकेदार पाईप बिछाकर जल्द ही गृह संयोजन का भरोसा दिलाया गया, परन्तु कोई कार्य नहीं कराया गया। अन्ततः कार्यदायी संस्था द्वारा टोले में बिना कार्य कराये ही पूरे ग्राम पंचायत को 'हर घर नल जल' योजना से आच्छादित होने एवं कार्य पूर्णता की आख्या ब्लाक कार्यालय को सौंप दी गयी, जो कत्तई न्यायोचित नहीं है। इसके अलावा भौगोलिक रूप से पठारी क्षेत्र होने के कारण टोले में शासन की एक और
जनक ल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजना सौभाग्य विद्युतीकरण योजना का लाभ दिया जाना चाहिए था और उक्त योजनान्तर्गत विद्युत खम्भों को टोले में स्थापित कर इसका लाभ दिया जाना चाहिए था, परन्तु ऐसा नहीं किया गया। ऐसे में लोग आज भी अंधेरे में जीवन यापन करने पर विवश हैं। विद्युतीकरण न होने से नौनिहालों का भविष्य भी अंधकारमय होने की प्रबल सम्भावना है। इसके अलावा बरसात के मौसम में विषैले जीव-जन्तुओं का खतरा बढ़ जाता है। विद्युतीकरण नितान्त आवश्यक है, परन्तु ग्रामीण विद्युत से बुनियादी सुविधा से वंचित है। ग्रामीणों ने यह भी कहा है कि टोले में एक भी विद्यालय नहीं है, जिससे नौनिहालों को गांव के अन्य टोलों में स्थापित विद्यालयों पर निर्भर होना पड़ता है और काफी दूरी तय करके विद्यालय जाना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर विद्यालय न होने से बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने की प्रबल सम्भावना है। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत जंगल एवं पठारीयुक्त होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को दूर जाकर पढ़ने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। प्राथमिक स्तर के विद्यालय स्थापित होना आवश्यक है। तमाम समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने जिला अधिकारी सोनभद्र चर्चित गोंड से अविलंब ही हस्तक्षेप कर बुनियादी सुविधाओं का लाभ दिलाये जाने की मांग की है।जो जनहित में आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई किए जाने का दिशा-निर्देश दिया। इस मौके पर रामसुभग, रामबाबू, राजकुमार, श्रवण कुमार, कृष्णानाथ, पारस समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# डीएपी-यूरिया को लेकर किसानों का प्रदर्शन, मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण/ अरूण पांडेय (गुरू जी)**

घोरावल/ सोनभद्र। घोरावल विधान सभा क्षेत्र के बट सहकारी केंद्र पर मंगलवार को किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किसानों ने प्रदर्शन कर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। किसानों ने आरोप लगाया कि सहकारी समितियों पर समय से डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं होने के कारण खेती का कार्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इससे पहले सहकारी केंद्र परिसर में "पेड़ हैं तो प्राण हैं" अभियान के तहत किसानों को फलदार पौधों का वितरण किया गया। इसके बाद किसान अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एकत्र हुए और खाद संकट पर नाराजगी जताई। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा के संयोजक संदीप मिश्रा ने कहा कि किसान आज खाद के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं, जबकि खरीफ सीजन में समय पर डीएपी



और यूरिया की उपलब्धता सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक किसान को प्रति बीघा एक बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया उपलब्ध कराया जाए, ताकि बुवाई और खेती का कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि यदि किसानों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो संगठन व्यापक आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। रामकेश पनिका ने कहा कि किसान नौजवान संघर्ष मोर्चा किसानों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ता रहेगा और हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ा रहेगा। वहीं महेंद्र पटेल ने चेतावनी दी कि यदि खाद संकट दूर नहीं किया गया तो आने वाले समय में जनप्रतिनिधियों का बहिष्कार किया जाएगा और आंदोलन को जिलेभर में विस्तार दिया जाएगा।
उमाशंकर सिंह ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण किसान आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। प्रदर्शन के अंत में किसानों ने प्रशासन से सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराने की मांग दोहराई। इस दौरान आकाश चौहान, शत्रुधन बिंद, दिनेश चेरो, विजय चौहान, विक्की पटेल, राजू मौर्य सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# सद्बुद्धि पदयात्रा को पुलिस ने बीच रास्ते में रोका, कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर मंगलवार को जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने अयोध्या राम मंदिर के कथित चढ़ावा चोरी मामले को लेकर रॉबर्ट्सगंज में सद्बुद्धि पदयात्रा निकाली। पदयात्रा पुसौली मोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय से राम सिया मंदिर तक प्रस्तावित थी, लेकिन पुलिस ने बीच रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज गौड़ ने आरोप लगाया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रभारी राजेंद्र गौतम पाल के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों में पार्टी कार्यालय से किसी धार्मिक स्थल तक सद्बुद्धि पदयात्रा निकालने का कार्यक्रम तय था। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में प्रदेश स्तर से आईजी, डीआईजी, जिलाधिकारी, कमिश्नर सहित संबंधित अधिकारियों को पहले ही पत्र भेजकर सूचना दी गई थी। इसके बावजूद प्रशासन ने पदयात्रा को बीच रास्ते में रोक दिया। रामराज गौड़ ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि अयोध्या राम मंदिर के




कथित चढ़ावा चोरी प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के किसी सिटिंग जज की निगरानी में कराई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गठित एसआईटी के बजाय चारों शंकरा चार्यों की सहभागिता अथवा उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश की देखरेख में जांच कराई जाए, ताकि पूरे मामले में पारदर्शिता बनी रहे और सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवान श्रीराम के चरण पादुका से लेकर चढ़ावे की धनराशि तक चोरी होने के आरोप बेहद गंभीर हैं और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका कहना था कि प्रशासन द्वारा पदयात्रा रोकना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर पीछे हटने वाली नहीं है। यदि मांगें पूरी नहीं
हुईं तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ने पर जेल भरो आंदोलन भी किया जाएगा।

# ₹20 हजार का इनामी गैंगस्टर चोपन बस स्टैंड से गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश पर सोनभद्र में वांछित और इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत चोपन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मंगलवार, 7 जुलाई 2026 को सुबह करीब 09:10 बजे चोपन बस स्टैंड से ₹20,000 के इनामी बदमाश राजबीर सिंह को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त राजबीर सिंह (लगभग 40 वर्ष) महिपाल सिंह का पुत्र है और बिजनौर जिले के नैटोर थाना क्षेत्र के सादात नगर का निवासी है। वह रॉबर्ट्सगंज थाने में दर्ज मु.अ.सं. 1039/2025, धारा 3 (1) गैंगस्टर एक्ट के तहत लंबे समय से वांछित था। उसकी गिरफ्तारी पर सोनभद्र पुलिस अधीक्षक द्वारा ₹20,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस के अनुसार, राजबीर सिंह एक




शातिर अपराधी है। उसके खिलाफ रॉबर्ट्सगंज थाने में मु.अ.सं. 246/2025, धारा 303(2), 317 (2) बीएनएस सहित अन्य आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी को अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में अंजाम दिया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता, उपनिरीक्षक मनोज सिंह, हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सरोज, हेड कांस्टेबल रिजवान साह, कांस्टेबल वरुण पाण्डेय, शिवम सरोज और विकास कुमार शामिल थे।

# वन विभाग ने वन महोत्सव के तहत आम भंडारा का किया आयोजन, ग्रामीणों में पौधा वितरण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**समाज जागरण/ उपेन्द्र तिवारी**

विंढमगंज/ सोनभद्र। आज सात जुलाई को विण्डमगंज रेंज के अंतर्गत विण्डमगंज बीट के हरना कछार क्षेत्र में वन महोत्सव के तहत आम भंडारा का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी ग्रामीण जनों को आम प्रजाति के पौधे वितरित किये गये। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विंढमगंज वन विभाग द्वारा ग्राम पंचायत हरनाकछार स्थित सुखड़ा बांध के पास ग्रामीणों के साथ वृक्षारोपण अभियान का भी आयोजन किया गया। इस दौरान वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को विभिन्न प्रजातियों के पौधों का वितरण कर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान वन क्षेत्राधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि "एक पेड़ केवल छाया ही



नहीं देता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, शुद्ध वातावरण और बेहतर भविष्य भी प्रदान करता है।" उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील किया कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करे, ताकि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सफल हो सके। वन विभाग की टीम ने पौधों के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। पौधों का संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है जितना उन्हें लगाना है इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधे प्राप्त किए और उन्हें रोपित कर सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। वन विभाग ने भविष्य में भी ऐसे जनजागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की बात कही। इस मौके पर ग्राम प्रधान हरनाकछार व ग्राम प्रधान बुटबेढवा सहित वन विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

# पशु भी चाहते हैं आजादी और प्रेमपूर्ण व्यवहार



दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। बढ़ती जनसंख्या और घटती वन-संपदा ने जिन कुछ प्रमुख समस्याओं को जन्म दिया या बढ़ाया है, उनमें सर्वाधिक चिंतनीय और घातक समस्या वन्य पशुओं का लगातार बढ़ता हुआ आतंक है। उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिले बहराइच का प्रकरण सामने है, जहां मार्च 2024 में शुरू हुए भेड़ियों के खूनी हमलों के सर्वाधिक शिकार इलाके के छोटे-छोटे बच्चे हुए। इन हमलों में अब तक लगभग 10 बच्चों समेत कम-से-कम एक दर्जन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए हैं। दुर्भाग्य से घायलों में भी अधिकतर बच्चे ही हैं। वैसे देखा जाए तो भेड़िए ही नहीं, बल्कि हाथी, शेर, सियार, तेंदुआ, चीता, भेड़िया, भालू और बाघ जैसे बेहद खूंखार और भयावह वन्य पशुओं का मानव बस्तियों में अतिक्रमण और उनके द्वारा मनुष्यों, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं पर हमले किए जाने की घटनाएं दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में बाघों, भालुओं, तेंदुओं और जंगली हाथियों, मध्य प्रदेश में सियारों एवं पूर्वोत्तर भारत के राज्यों में जंगली हाथियों के हमले मनुष्यों कोई नई बात नहीं है। निर्विवाद रूप से ये घटनाएं अत्यंत दुरूखद और भयावह हैं। इसलिए लोगों का आक्रोशित होना उचित है, लेकिन प्रश्न है कि आखिर जंगल में आजाद विचरण करने, छोटे वन्य पशुओं का शिकार कर अपना तथा परिवार का भरण-पोषण करने और सामान्यतः अपने परिवार के साथ जीवन यापन करने वाले ये भेड़िए इतने खूंखार क्यों हो गए कि हमारे छोटे-छोटे मासूम बच्चों को मारकर खाने लगे। दरअसल, देश भर में जंगलों की तेजी से कटाई के कारण वन्य पशुओं का आशियाना दिनोंदिन उजड़ता जा रहा है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 08 अरब (08 अरब साढ़े 17 करोड़) से भी अधिक हो चुकी है और प्रत्येक वर्ष इससे दो गुना से भी ज्यादा लगभग 18 अरब तक वृक्षों की कटाई हो रही है। पेड़ों की इस अंधाधुंध कटाई की भरपाई किए जाने का एक ही तरीका हो सकता है और वह है तीव्र गति से नए पौधों का रोपण और उनकी देखभाल करना यानी जितने पेड़ प्रत्येक वर्ष काटे जा रहे हैं, कम-से-कम उतने पौधे भी दुनिया भर में लगाए जाएं। हालांकि उन पौधों के पेड़ बनने में कई वर्ष लग जाते हैं। इसलिए वास्तव में पौधरोपण की जो वर्तमान दर और गति है, उससे लगातार नष्ट किए जा रहे जंगलों के एवज में नए जंगल उगा पाना संभव नहीं है। तात्पर्य यह कि पौधरोपण वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास और पर्यावरण दोनों को बचाने का सर्वश्रेष्ठ विकल्प तो अवश्य है, किंतु इस कार्य में पूर्ण रूप से सफलता प्राप्त करने के लिए पौधरोपण की गति को हमें इस हद तक बढ़ाना होगा कि जितने वृक्ष प्रत्येक वर्ष दुनिया भर में काटे जाते हैं, कम-से-कम उससे डेढ़ गुना तक पौधे तो अवश्य ही लगाए जाएं, जबकि प्रत्येक वर्ष 18 अरब काटे जाने वाले वृक्षों की तुलना में आज दुनिया भर में मात्र पांच अरब पौधे ही लगाए जा रहे हैं। जाहिर है कि इस प्रकार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की भरपाई संभव नहीं होगी। यह विडंबना ही है कि भारत में भी वृक्षों की अंधाधुंध कटाई जारी है। लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने 21 मार्च 2022 को बताया था कि वर्ष 2020-21 के दौरान भारत में सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निर्माण और विकास के लिए लगभग 31 लाख पेड़ काट दिए गए। वन (संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत काटे गए पेड़ों के बदले में प्रतिपूरक वनीकरण की योजना चलाकर मोदी सरकार ने 359 करोड़ रुपये की लागत से 3.6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए, जो नाकाफी प्रतीत होते हैं, क्योंकि फिलहाल इससे संबंधित कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है कि उनमें से कितने पौधे बचाए गए और कितने नष्ट होने के लिए छोड़ दिए गए। बहरहाल, वनों की अंधाधुंध कटाई के कारण दिनोंदिन वन्य पशुओं का प्राकृतिक रहवास सिकुड़ता जा रहा है, इससे इनके लिए भोजन-पानी की बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। इसीलिए वन्य पशु भोजन-पानी की तलाश में मानव बस्तियों की ओर पलायन करने के लिए मजबूर हुए हैं। वैसे भेड़ियों की बात करें तो ये स्वभाव से खूंखार तो होते हैं, परंतु सारे भेड़िए आदमखोर नहीं होते। हालांकि प्रतिशोध लेने में ये अत्यंत माहिर होते हैं। इसलिए यदि इनको या इनके परिवार के सदस्यों को क्षति पहुंचाने का प्रयास किया जाए तो ये कतई सहन नहीं करते और अपने शत्रुओं से चुन-चुनकर बदला लेते हैं। ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया में मौजूद हैं, जिनमें भेड़ियों अथवा उनके बच्चों को मनुष्यों के द्वारा क्षति पहुंचाए जाने के बाद ये खूंखार हो गए और जब तक अपना बदला पूरा नहीं कर लिया, तब तक इनकी आक्रामकता कम नहीं हुई। आज से लगभग 25 वर्ष पूर्व ऐसी ही एक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर और प्रतापगढ़ जिलों में सई नदी के कछार पर घटी थी, जिसमें भेड़ियों के हमलों में इलाके के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों की मौत हो गई थी। उस समय पड़ताल करने पर यह पता चला था कि कुछ इंसानी बच्चों ने भेड़ियों की एक मांद में घुसकर उनके दो बच्चों को मार डाला था, जिसके प्रतिशोध स्वरूप भेड़ियों ने जोरदार हमले कर मनुष्यों के 50 से भी अधिक मासूम बच्चों को मौत के घाट उतार दिया था। उस दौरान वन विभाग के द्वारा चलाए गए भेड़ियों के धर-पकड़ अभियान में कुछ भेड़िए पकड़े भी गए थे, लेकिन उनके बीच में मौजूद आदमखोर जोड़ा हमेशा बचता रहा और बदला लेने के मिशन में लगातार कामयाब भी होता गया। हालांकि बाद में आदमखोर भेड़ियों को वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोली मार दी गई और अंततरू भेड़ियों का खूनी आतंक खत्म हो पाया था। गौर करें तो इस बार भी बहराइच की घटनाओं में भेड़ियों का वही व्यवहार... वही पैटर्न सफल होता हुआ प्रतीत हो रहा है। सबसे बड़े दुरूख की बात तो यह है कि एक बार फिर इन भेड़ियों की जान खतरे में आ गई है, क्योंकि शासन-प्रशासन की ओर से बेकाबू हो चुके इन आदमखोर भेड़ियों को गोली मार देने का आदेश दे दिया गया है। वैसे भेड़ियों के विरूद्ध की जाने वाली सरकारी कार्रवाइयों पर गौर करें तो उनके जीवन का सर्वाधिक स्याह पक्ष अंग्रेजों के समय का है, जब ब्रिटिश सरकार की ओर से भेड़ियों को मारने का बड़ा अभियान चलाकर 40 सालों में एक लाख से भी अधिक भेड़ियों को शिकारियों ने मार डाला था और ब्रिटिश राज की तरफ से ईनाम भी प्राप्त किया था। देखा जाए तो मनुष्य और वन्य पशुओं के बीच जारी संघर्षों का यह सिलसिला बेहद गंभीर और चिंताजनक है। इसलिए समय रहते इसका हल ढूंढना जरूरी है। अन्यथा यह समस्या अत्यंत विकराल रूप भी ले सकती है। ऐसे में जरूरी है कि केंद्र और राज्य सरकारें वन्य प्राणी विशेषज्ञों की सलाह लेकर वन्य पशुओं के प्राकृतिक आवासों को संरक्षित करने तथा बड़े स्तर पर वनीकरण अभियान चलाकर वनों के विकास करने की दिशा में कुछ ठोस और सकारात्मक कदम उठाएं, ताकि हमारे वन्य साथी आजादी से अपने घरों में बेफिक्र होकर रह सकें। संभव है कि इन प्रयासों के फलीभूत होने में कई वर्ष लग जाएं, लेकिन इस दौरान एक कार्य किया जा सकता है, वह है इन वन्य प्राणियों के साथ प्रेमपूर्ण आचार और व्यवहार करना। इसमें कोई संदेह नहीं कि यदि इन वन्य पशुओं के विरूद्ध क्रूरता के बदले में दया का भाव दर्शाया जाए और इनको लाड़-प्यार दिया जाए तो मनुष्यों के प्रति इनके हिंस्र व्यवहारों में भी परिवर्तन आ सकता है।

# रात में देर से सोते हैं तो हो जाएं सावधान! नींद पूरी ना होने से हो सकती हैं डायबिटीज

जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।सोना हमारे लिए कितना जरुरी है यह तो आप जानते ही होंगे। दिनभर की भागदौड़ और थकान के बाद जब हम सोते हैं तो हमारे दिमाग में कई तरह के केमिकल रिएक्शन होते हैं जिससे हमारे शरीर को ठीक तरह से काम करने में मदद मिलती है। अगर हम कम सोएं या हमारी नींद पूरी ना हो तो इससे हमें थकान महसूस होने लगती है। यदि हम लगातार कम सोएं तो इससे हमारे शरीर में कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कम सोने की वजह से हमारी



सेहत को क्या नुकसान होता है -

डायबिटीज़

नींद ना पूरी होने के कारण डायबिटीज़ का खतरा भी बढ़ जाता है। जब हम पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में इंसुलिन का लेवल कम होने लगता है। जो लोग 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं उनका ब्लड शुगर लेवल ज्यादा होता है और ऐसे लोगों में टाइप 2 डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है।

वजन बढ़ना

आपको यह जानकर हैरानी होगी कि आपके बढ़े हुए वजन का कारण नींद की कमी भी हो सकता है। दरअसल, जब हम लगातार 5 घंटे या उससे कम सोते हैं तो इससे हमारे दिमाग में कई केमिकल रिएक्शन होते हैं। इसके परिणामस्वरूप पेट भरा होने के बावजूद हमारा दिमाग हमें और खाने का संकेत देता है। ऐसे में हम भूख से अधिक खा लेते हैं जिससे हमारा वजन बढ़ता है।

सेक्स ड्राइव में कमी

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी सेक्स लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। जब हम 5 घंटे या उससे कम नींद लेते हैं तो इससे हमारे शरीर में हॉर्मोनल असंतुलन होने लगता है। इससे हमारी सेक्स ड्राइव भी कम होने लगती है और हम अपनी सेक्स लाइफ एंजॉय नहीं कर पाते हैं।

नींद के दौरान हमारे दिमाग में कई केमिकल एक्शंस होते हैं। जब हम सोते हैं तो हमारा दिमाग में कुछ ऐसे केमिकल फंक्शन होते है जो हमें चीज़ों को याद रखने में मदद करते हैं। नींद ना पूरी होने के कारण ये फंक्शन ठीक से नहीं हो पाते हैं जिसके कारण हमारी याद्दाश्त पर प्रभाव पड़ता है। जब हम ठीक से नहीं सोते हैं तो हमें याद्दाश्त संबंधित समस्याएं होने लगती हैं।

एंग्जायटी और डिप्रेशन

नींद पूरी ना होने के कारण हमारे दिमाग पर भी प्रभाव होता है। जब हम ठीक से नहीं सो पाते हैं तो इससे हमारा दिमाग थका हुआ महसूस करता है। नींद ना पूरी होने के कारण स्ट्रेस, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याओं का खतरा अधिक बढ़ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण व्यक्ति थका हुआ और चिड़चिड़ापन महसूस करता है।

इम्युनिटी कमजोर होना

नींद ना पूरी होने के कारण हमारी इम्युनिटी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे हमारा शरीर आंतरिक तौर पर कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में हमारा शरीर बीमारियों के चपेट में जल्दी आ जाता है। नींद ना पूरी होने के कारण सर्दी-जुखाम, संक्रमण आदि का खतरा अधिक बढ़ जाता है।

# आरएमपी ड़ाक्टरों का नामी समाजसेवी पर फूटा गुस्सा

**समाज जागरण**

कालांवाली 7 जून 2026 (सुरेश जोरासिया) कालांवाली गांव एवं ग्रामीणों क्षेत्रों में आरएमपी डाक्टर काफी समय से अपनी सेवाऐं दे रही है। ग्रामीवासी पैसे के आभाव होने से वह ग्रामीण क्षेत्रों आर.एम.पी. डॉक्टरो से कम पैसों से दवाईयां व ईलाज करवाते है। जोकि उनके सुविधा के अनुसार कम खर्च में अपना ईलाज हो जाता है। सोशल मीडिया पर आरएमपी डॉक्टारों को लेकर तेजी से पोस्ट वॉयरल होता रहा। कालांवाली में इस पोस्ट को लेकर मार्किट दुकानो पर इस पोस्टर को लेकर चर्चा चलती रही। यह पोस्टर ऑल इंडिया राशन डिपू होल्डर वेल्फेयर एसोसिएशन मीडिया प्रभारी गुरजेत सिंह सोढ़ी ने आरएमपी डाक्टरों पर पोस्टर में नशे को बढ़ावा देते है और नशीली गोलीयां बचने का आरोप लगते हुऐ पोस्ट में दशार्या गया है। गुरतेज सिंह ने पोस्टर में दशार्या कि कुछ झोला छाप डाक्टरी कि आड़ में नशे को बढ़ावा दे रहे है। आरएमपी डाक्टरो की यूनियन के प्रधान अश्वनी नूना के तुरंत प्रभाव से संज्ञान लिया और यूनियन के प्रमुख पदाधिकारीरयों को अवगत करवाया। सरपंच अजैब सिंह कालवांली ने गुरतेज सिंह को पंचायत में बुलाया गया और तथ्यों के आधर पर साबित करे। इस पर



गुरतेज सिंह ने मना कि ग्रामवासी आरएमपी डाक्टरों से कम खर्च में ईलाज करवाते है। इस बारे में ग्रामीणों से पुछपड़ता कि गई तो अधिकतर महिलाओं बुजुर्गो ने कहा कि दिन रात यह डाक्टर हमारा कम पैसों से ईलाज व दवाईयां देते है। पैसे ना होने पर उधार भी दवाई देते है। कई बार तो छह महिनो तक उधार हम पैसे नही दे पाऐ हम शहर में ईलाज नही करवा सकते क्योंकि महंगी दवाईयां नही ले सकते। हमें तो यही डाक्टर सही है कई वर्षो से डाक्टर ऐसी कोई गलत गतिविधियों में नही है। गौतलब है कि गुरतेज सिंह जोकि अपने को पत्रकार बताता है। कुछ महिने पहले हरियणा रोड़वेज कर्मचारी परिचाल से पत्रकार के नाम पर धमकाया और बस टिकट किराया लेने से साफ मना कर दिया मैं तो पत्रकार हूँ। मै टिकट नही लूंगा तो परिचालक ने पुछा कि आप किस टीवी न्यूज चैंनल या अखबार, समाचारपत्र संस्था से है अपना नियुक्ति पत्र और आईडी कार्ड दिखाऐं। दोनों में तीखी नोक झोंक हो गई एक घंटे के करीब बस रूकी रही और यात्री परेशान होते रहे यात्रीयों ने कहा कि अपना कार्ड दिखाऐं। लेकिन यह कोई प्रैस का आईडी कार्ड तक नही दिखा पाया। हरियाणा रोड़वेज के परिचालक ने सरकार के नियमानुसार गुरतेज सिंह सोढ़ी से टिकट किराया बसूला गया और सरकार के राजकोष में जमा करवाया गया। मीडिया से

दुरूव्यवहार:- गुरतेज सिंह ने मीडिया साथी के साथ दुरूव्यवहार किया और न्यूज कवरेज करने से रोका और अपने आप को पत्रकार बताया। इसको लेकर संवाददाता हरियाण स्टेट ब्यूरो के साथ तीखी नोक झोक हुई तो उससे पुछा कि अपना पंजकृति नियुक्ति पत्र एवं आईडी कार्ड सभी को दिखाऐ और किस टीवी न्यूज चैनल या समाचार पत्र से हो जबकि गुरतेज सिंह कुछ भी नही दिखा पाया इससे यह साबित होता है कि यह कोई पत्रकार नही है इससे कोई घबराने की जरूरत नही है किसी को पत्रकार होने का दवाब बनाता है तो आप वीडियो बनाऐ और विभाग को सुचित करें, आऐ दिन सोशल मीडिया के द्वारा सोढी न्यूज के नाम से पोस्टर वॉयरल करता है पत्रकार की आड़ में विभाग के सरकारी कर्मचारीयों व अन्य दुकानदारों का शोषण करता है।

सूचना, जनसंपर्क भाषा और संस्कृति विभाग:- मीडिया के साथियों ने आपाति जताई हैं, कि विभागीय कार्यवाही करने कि मांग कि गई है गुरतेज सिंह सोढ़ी न्यूज का पंजीकृति नं0 कि जांच करवाई जाऐ नियमानुसार विभागीय कार्यवाही कई जाऐ। सोढ़ी न्यूज के द्वारा प्रतिष्ठ समाचारो एवं मीडिया की छवि धूधंली हो रही है। समाचार पत्र संस्थान अपना मीडिया कार्यलय संवाददाता प्रिटिंग मशीन आदि संसाधनों से अपील है इस पर विशेष संज्ञान लेकर उचित कानूनी कार्यवाही कि जाऐ जिससे प्रैस कि मयार्दा बनी रहे एवं जाली पत्रकारो को सीख मिले।

कोरोना काल:- कोरोना काल के समय केन्द्र व प्रदेश की सरकारों ने आरएमपी डाक्टरों की सम्मान किया। सरकार ने मना कि जहां हम हमारी सेवाऐं नही से दे पाऐ वही आज आरएमपी डाक्टरों के सहयोग से देशवासीयों का इलाज संभव हो पाया अपनी जान की परवाह किए बिना राष्ट्रप्रेम में अपनी सेवाऐ दी' एक व्यक्ति हमारी छबि को कंलकित कर रहा है। हम आरएमपी डाक्टर प्रशासन का पुनः सहयोग करते है और करते रहेगे। प्रधान अश्वनी नूना ने कहा कि एसपी डबवाली का कालांवाली गांव में आगमन था जनता से सहयोग की अपील कि और आरएमपी डाक्टरो ने पुलिस प्रशासन का साथ दिया नशा पीडितों को नश के कुप्रभाव बारे समझा रहे है। उन्हें जीवन जीने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी आरएमपी डाक्टरों से सार्वजनिक तौर पर माफी मांगे अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर सरपंच अजैब सिंह बलकरन सिंह गाजी, प्रधान जस्सा सिंह, प्रधान अश्वनी नूना, पंच प्रतिनिधि अवतार सिंह, अजय कुमार, लाल

चंद, पंच चांदराम, बलविन्द्र सिंह, अशोक कुमार, गग्गी दुकानदार, किंदी रणजीत सिंह गदराना एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय, बहल को मिला नया नेतृत्व

## स्टाफ बैठक लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध एवं विकास कार्यों को गति देने का किया आह्वान

**डॉ. भूपसिंह ने प्राचार्य के अतिरिक्त प्रभार का संभाला कार्यभार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल। मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, बहल में डॉ. भूपसिंह ने प्राचार्य के अतिरिक्त प्रभार के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ बैठक कर महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों एवं विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. भूपसिंह ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण तथा आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी के सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक के दौरान डॉ. भूपसिंह ने अपने शैक्षणिक जीवन के अनुभव भी स्टाफ सदस्यों के साथ साझा किए तथा शिक्षकों को शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने नवागत प्राचार्य का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए महाविद्यालय के सर्वांगीण विकास एवं उन्नति के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# पेट्रोल पंप से महिला का मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

## सीआईए स्टाफ-२ की कार्रवाई, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व चोरी किया गया मोबाइल बरामद

**खरकड़ी फाटक क्षेत्र से दबोचे गए दोनों आरोपी, न्यायिक हिरासत में भेजे गए**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा चोरी की वारदातों में शामिल आरोपियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीआईए स्टाफ-2 भिवानी की टीम ने पेट्रोल पंप से महिला का मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।

पुलिस के अनुसार गांव संगरूर खास निवासी जितेंद्र ने थाना सिविल लाइन भिवानी में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी पत्नी के साथ किसी




कार्य से भिवानी आया था। शाम के समय दोनों शिक्षा बोर्ड के समीप स्थित एक पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवा रहे थे। इसी दौरान उसकी पत्नी बाथरूम जाने से पहले अपना मोबाइल फोन पानी की प्याऊ पर रखकर चली गई। तभी मोटर साइकिल पर सवार दो युवक मौके पर पहुंचे और मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सीआईए स्टाफ-2 के मुख्य सिपाही अजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 6 जुलाई 2026 को खरकड़ी फाटक क्षेत्र में दबिश देकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समिति पुत्र धर्मपाल निवासी बडाला, हाल निवासी डाबर कॉलोनी, भिवानी तथा अंकित पुत्र धर्मपाल निवासी बडाला, हाल निवासी डाबर कॉलोनी, भिवानी के रूप में हुई है। दोनों आरोपी वेल्डिंग का कार्य करते हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोबाइल फोन तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया।

# एचएमईएल और एम्स बठिंडा की संयुक्त पहल से ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मिली मजबूती

## -पंजाब हरियाणा के 59 गांव में मोबाइल मेडिकल यूनिट से 168 कैंप लगा 9814 मरीजों की जांच, 212 को एम्स में भी किया गया रेफर, टेलीमेडिसिन सुविधा से गांव से ही एम्स के विशेषज्ञों से परामर्श की दी सुविधा

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया): ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) गुरू गोबिंद सिंह रिफाइनरी की तरफ से ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स), बठिंडा के सहयोग से टेलीमेडिसिन सुविधा युक्त इंटीग्रेटेड मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) परियोजना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती प्रदान कर रही है। रिफाइनरी के आसपास पंजाब व हरियाणा के 59 गांवों के ग्रामीणों को उनके घर-द्वार पर प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता पूर्ण उपचार को सुनिशिचत बनाया जा रहा है।

परियोजना के अंतर्गत संचालित दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ने 30 जून 2026 तक 168 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करते हुए 9,814 ग्रामीणों को निःशुल्क



चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। इनमें से 20 कैंप हरियाणा के 8 सीमावर्ती गांव तिगडी, देसू मलकाना, आसीर, खोखर, नौरंग, हस्सू, चट्ठा व माखा में लगाकर 1247 मरीजों को सवास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। लाभार्थियों में 57 प्रतिशत महिलाएं, 40 प्रतिशत पुरुष तथा 3 प्रतिशत बच्चे शामिल रहे, जो इस पहल की ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं तक प्रभावी पहुंच को दशार्ता है। स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं विशेषज्ञता आधारित बनाने के उद्देश्य से परियोजना में टेलीमेडिसिन सुविधा के जरिए टेलीमेडिसिन परामर्श सेशन भी सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इससे ग्रामीण मरीजों को बिना एम्स बठिंडा पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों से उनके गांव में ही परामर्श प्राप्त करने की सुविधा मिली, जिससे उनके समय, यात्रा व्यय तथा उपचार की लागत में उल्लेखनीय कमी आई। परियोजना के तहत जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय उपचार उपलब्ध कराने के लिए अब तक 212 मरीजों को इन कैंपों के जरिए एम्स बठिंडा के विभिन्न विशेषज्ञ विभागों में रेफर किया गया है। इनमें सर्वाधिक रेफरल नेत्र रोग विभाग में किए गए। इसके अलावा ऑथो पेंडिक्स, ईएनटी, जनरल सर्जरी,

स्त्री एवं प्रसूति रोग, जनरल मेडिसिन, मनोरोग, दंत चिकित्सा, हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी, तथा एंडोक्राइनोलॉजी सहित विभिन्न विभागों में समय पर विशेषज्ञ उपचार सुनिश्चित किया गया।

आपात्कालीन स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा के लिए गांव रामा, कमालू, त्योना पुजारिया, बंगी निहाल तथा मल्लवाला गांवों में सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 115 से अधिक ग्रामीणों को जीवनरक्षक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण आपातकालीन परिस्थितियों में समुदाय की त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अतिरिक्त 13

स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें 250 से अधिक ग्रामीणों, मरीजों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन कार्यक्रमों में मधुमेह की रोकथाम, उच्च रक्तचाप नियंत्रण, लू से बचाव, हाथों की स्वच्छता, डेंगू से बचाव, स्वस्थ जीवन के लिए योग तथा जूनोटिक (पशुजनित) रोगों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई।

बंगी निहाल सरपंच कुलदीप सिंह,गांव चट्ठा सरपंच सुखराज सिंह ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट सुविधा से ग्रामीणों को काफी फायदा हो रहा है, उचित परामर्श, दवाओं व घर पर ही उपचार मिलने से ग्रामीणों को काफी मदद मिली है। समय पर रेफरल, आपातकालीन जीवनरक्षक प्रशिक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों में सेहत के प्रति जागरूकता भी आई है। दवाएं मौके पर मिलने से उन्हें तुरंत उपचार मिल रहा है और कहीं दूर जाना भी नहीं पडता।

# डिजिटल अरेस्ट कर 16.26 लाख की साइबर ठगी, चौथा आरोपी गिरफ्तार

## ईडी अधिकारी बनकर वृद्ध को डराया, बैंक खातों में ट्रांसफर कराए लाखों रुपये

**भिवानी साइबर क्राइम थाना की कार्रवाई, जयपुर निवासी आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर किया गिरफ्तार**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशन में साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम भिवानी पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक वृद्ध व्यक्ति से 16 लाख 26 हजार रुपये की साइबर ठगी करने के मामले में चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार महन रोड, भिवानी निवासी एक वृद्ध ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताया। आरोपी ने झूठा दावा किया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ मुंबई में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज है और उसे डिजिटल अरेस्ट कर पूछताछ की जाएगी। शिकायतकर्ता को डराकर आरोपियों ने उसके बैंक खातों और संपत्ति संबंधी जानकारी हासिल कर ली तथा अलग-अलग बैंक खातों में 16.26 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद आरोपियों ने उससे 40 लाख रुपये की अतिरिक्त मांग भी की। संदेह होने पर पीड़ित ने पूरी घटना अपने परिजनों को बताई, जिसके बाद थाना साइबर क्राइम भिवानी में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के दौरान 6 जुलाई 2026 को थाना साइबर क्राइम भिवानी के मुख्य सिपाही रफीक ने न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट प्राप्त कर अनिल कुमार पुत्र प्रभु दयाल निवासी किशनगढ़, जिला जयपुर (राजस्थान) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में इससे पहले कपिल, अलीम, मयंक और मोहम्मद को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी अनिल कुमार को भी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से अदालत के आदेश पर उसे जिला कारागार जयपुर भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए जिला पुलिस का जागरूकता अभियान तेज

**1930 हेल्पलाइन व साइबर पोर्टल पर तुरंत शिकायत दर्ज कराने की दी सलाह**

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना साइबर क्राइम भिवानी से विष्णु कुमार अपनी टीम के साथ गांव नीमड़ी वाली स्थित वीर शहीद रामगोपाल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पहुंचे, जहां विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ को साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान



विद्यार्थियों को बताया गया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, मैसेज, सोशल मीडिया, ई-मेल और अन्य ऑनलाइन माध्यमों के जरिए लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। थोड़ी सी सतर्कता और सावधानी अपनाकर अधिकांश साइबर अप राधों से बचा जा सकता है। साइबर टीम ने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस, सीबीआई, ईडी अथवा अन्य सरकारी अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करने वाले ठगों के तरीकों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि कोई भी सरकारी एजेंसी फोन या वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को डिजिटल अरेस्ट नहीं करती। ऐसी किसी भी कॉल से घबराने के बजाय तुरंत कॉल काटकर पुलिस को सूचना देने की सलाह दी गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को ऑनलाइन निवेश के नाम पर अधिक मुनाफे का लालच, टेलीग्राम और व्हाट्सएप ग्रुपों के माध्यम से पार्ट-टाइम जॉब, फर्जी ट्रेडिंग ऐप, शेयर बाजार और क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के नाम पर होने वाली धोखाधड़ी से भी सावधान रहने के लिए जागरूक किया गया।

साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि केवाईसी अपडेट, बैंक खाता बंद होने, बिजली बिल, गैस कनेक्शन, पैन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, पार्सल अटकने, लॉटरी या इनाम जीतने जैसे बहाने बनाकर भेजे जाने वाले किसी भी फर्जी लिंक पर क्लिक न करें। ऐसे लिंक मोबाइल का डेटा चोरी कर बैंक खाते से रकम निकाल सकते हैं। विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, मजबूत पासवर्ड रखने, समय-समय पर पासवर्ड बदलने तथा ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन और नेट बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई। साथ ही अज्ञात क्यूआर कोड स्कैन करने और अनजान मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने से बचने के लिए भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में साइबर टीम ने बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह बिना समय गंवाए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराए अथवा www.cyb ercri me.go v.inपोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करे, ताकि

समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर पीड़ित की सहायता की जा सके। जिला पुलिस ने आमजन से अपील की कि किसी भी अनजान व्यक्ति के फोन, मैसेज, लिंक या सोशल मीडिया संदेश पर भरोसा न करें और अपनी बैंकिंग एवं व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जनपदभर में चला व्यापक स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान

## विद्यालयों में निकली जागरूकता रैलियां, गांवों में विशेष साफ- सफाई एवं फॉगिंग अभियान चलाया गया

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत मंगलवार को जनपद सोनभद्र में व्यापक स्तर पर स्वच्छता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत गांवों में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, खराब हैंडपंपों का चिन्हीकरण, नालियों की सफाई सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की गईं। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार उच्च जोखिम वाले ग्रामों में माइक्रोप्लान के अनुसार विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सफाईकर्मी, पंचायत सहायक, आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधानों की सक्रिय सहभागिता रही। इस दौरान लोगों को संचारी एवं संक्रामक रोगों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के 136 विद्यालयों में संचारी रोग जागरूकता रैलियां निकाली गईं। ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों द्वारा 23 प्रभात फेरियां आयोजित की गईं, जबकि ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा 21 ग्रामों में सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न गांवों में नालियों की सफाई, स्थानों पर झाड़ियों की कटाई, हैंडपंपों की मरम्मत, हैंडपंप चबूतरों की



मरम्मत तथा शौचालयों का निर्माण कराया गया। वहीं नगर पंचायत क्षेत्रों में स्थानों पर नालियों की सफाई एवं वार्डों में फॉगिंग कराई गई। इसके अतिरिक्त पशुपालकों को संचारी रोगों की रोकथाम एवं बचाव के संबंध में जागरूक किया गया तथा कृंतक नियंत्रण के लिए जनपद में बैठकों का आयोजन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए स्वच्छता, जनजागरूकता एवं रोगों की रोकथाम संबंधी गतिविधियों को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

# बीकानेर - सिवानी - सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे बनेगा लोहारू क्षेत्र के विकास का नया द्वार : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल-सिवानी, 07 जुलाई। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रस्तावित बीकानेर-सिवानी-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे राजस्थान और हरियाणा के बीच संपर्क को नई गति देने के साथ-साथ लोहारू क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक एवं औद्योगिक विकास का मजबूत आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के किसानों, व्यापारियों, उद्योगों, युवाओं और आम नागरिकों के लिए विकास की नई संभावनाएं लेकर आएगी। श्री जेपी दलाल ने कहा कि इस ग्रीनफील्ड हाईवे का उद्देश्य राजस्थान के बीकानेर क्षेत्र को हरियाणा के सिवानी और आगे सोनीपत से जोड़ना है। इससे प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों के बीच आवागमन तेज, सुरक्षित और सुगम होगा। साथ ही माल परिवहन की लागत एवं समय में कमी आएगी, जिससे व्यापार और उद्योग को भी बड़ा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उपलब्ध परियोजना विवरण के अनुसार हाईवे राजस्थान के बीकानेर से शुरू होकर लूणकरणसर, सरदारशहर, तारानगर, राजगढ़ और सिद्धमुख क्षेत्र से होते हुए हरियाणा में प्रवेश करेगा। इसके बाद यह मार्ग सिवानी क्षेत्र से गुजरते हुए भिवानी जिले के विभिन्न हिस्सों को जोड़ते हुए सोनीपत जिले तक पहुंचेगा।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में सिवानी



के आसपास झुंपा कलां, लीलस, बुधशेली, घंघाला, बिधवान, गुढ़ा, कालोद, सिवानी, धूलकोट सहित अनेक गांवों के निकट से इस मार्ग के गुजरने का प्रस्ताव है। आगे यह मार्ग सोनीपत जिले के मोहाना, पिनाना, रतनगढ़ तथा आसपास के क्षेत्रों से जुड़ेगा, जिससे इन क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क का लाभ मिलेगा। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि हाईवे बनने से लोहारू विधानसभा क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी, नए उद्योग स्थापित होने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किसानों को अपनी कृषि एवं बागवानी उपज बड़े बाजारों तक कम समय और कम लागत में पहुंचाने की सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी आय बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। क्षेत्र में लॉजिस्टिक हब, वेयरहाउस, पेट्रोल पंप, होटल, ढाबे और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जेपी दलाल ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा सरकार आधारभूत ढांचे के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं। सड़क, रेल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार विकसित भारत के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि बीकानेरझ्र सिवानीझ्रसोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे लोहारू क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने में मील का पत्थर साबित होगा तथा आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र विकास की नई पहचान स्थापित करेगा।

# पेट्रोल भरवाने की लाइन को लेकर अवध पेट्रोल पंप पर मारपीट, वीडियो वायरल

**समाज जागरण/ अकबर अली**

शक्तिनगर/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र स्थित अवध पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने की लाइन को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला जमकर मारपीट तक पहुंच गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस भी मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। जानकारी के अनुसार, पेट्रोल भरवाने के दौरान लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर दो युवकों के बीच पहले कहासुनी हुई। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लात-घूंसों तथा चप्पलों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान पेट्रोल पंप परिसर में अफरा-तफरी मच गई और वहां मौजूद ग्राहक व कर्मचारी काफी देर तक असहज स्थिति में रहे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक करीब दस मिनट तक पेट्रोल पंप पर हंगामा चलता रहा। इस दौरान कई लोग तमाशबीन बने रहे, जबकि कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कराया। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो सामने आने के बाद मामले की जानकारी पुलिस तक पहुंची है।